आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.54
सूर्यास्त 05.51

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 03:39 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

रविवार, 1 फरवरी 2026, वर्ष 35, अंक 362, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- टीएमसी से ज्यादा भ्रष्ट कोई सरकार नहीं - 12




एसबीआई चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा- बैंक जमा निवेश पर समान कर हो लागू - 12



अमेरिकी जंगी बेड़े के करीब ईरान करेगा युद्धाभ्यास एलान से तनाव - 13



दिल्ली को एलिमिनेटर में जगह बनाने से रोकने उतरेगी यूपी - 14

# उद्योग जगत उत्तर प्रदेश की खुशहाली का सबसे बड़ा साझेदार: मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने उद्योग बंधु को प्रभावी बनाने और समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए सख्त निर्देश

- कहा- यूपी में निवेश राष्ट्रहित में किया गया निवेश है, सीएसआर से विकास में सहभागी बनें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में किया गया निवेश केवल किसी एक राज्य में निवेश नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में किया गया निवेश है। रोजगार सृजन, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और प्रदेश की समग्र खुशहाली में उद्योग जगत सरकार का सबसे बड़ा साझेदार है। उन्होंने अधिकारियों को उद्योग बंधु को और प्रभावी बनाने समेत हर समस्या का समयबद्ध समाधान करने के सख्त निर्देश दिए।

उद्योग बंधु की एनेक्सी में शनिवार को राज्यस्तरीय उद्योग संगठनों और प्रमुख उद्यमियों के साथ हुई विशेष बैठक में योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को केवल निवेशक नहीं, बल्कि विकास की साझेदारी का अभिन्न हिस्सा मानती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाला हर उद्यमी सरकार को नीति, इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रशासन तीनों स्तरों पर अपने साथ खड़ा पाएगा। मुख्यमंत्री ने उद्योग समूहों से सीएसआर के माध्यम से प्रदेश के सामाजिक व आर्थिक विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया। कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अधोसंरचना जैसे क्षेत्रों में उद्योगों का योगदान प्रदेश के समावेशी विकास को नई गति दे सकता है। एमएसएमई सेक्टर पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नवाचार, पैकेजिंग, डिजाइनिंग और एक्सपोर्ट प्रमोशन को मजबूत किए बिना वैश्विक प्रतिस्पर्धा संभव नहीं है। उन्होंने उद्योग समूहों से इन क्षेत्रों में व्यावहारिक सुझाव देने और सरकार के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट्स सेक्टर में महिलाओं की बड़ी भागीदारी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस क्षेत्र में महिलाओं के लिए और अधिक रोजगार अवसर सृजित किए जाने चाहिए।



उद्योग बंधु की राज्यस्तरीय उद्योग संगठनों और प्रमुख उद्यमियों के साथ आयोजित विशेष बैठक में मुख्यमंत्री योगी।

### यूपी की औद्योगिक उड़ान

- देश के एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का लगभग 55% यूपी में, कुल लंबाई करीब 1225 किमी।
- प्रदेश में चार अंतर्राष्ट्रीय सहित 16 हवाई अड्डे संचालित, जेवर एयरपोर्ट निर्माणाधीन।
- वर्ष 2023-24 में निर्यात बढ़कर 1.86 लाख करोड़, 100% से अधिक वृद्धि।
- पंजीकृत फैक्ट्रियां : 2003 में 8,980 अब लगभग 27,000।
- 4 ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए 15 लाख करोड़ से अधिक निवेश का क्रियान्वयन।
- अगले दो वर्षों में 5,000 करोड़ से 185 औद्योगिक क्लस्टरों का उन्नयन।

### मंडल व राज्य स्तर पर नियमित बैठकें अनिवार्य

योगी ने निर्देश दिए कि उद्योग बंधु की हर माह जिलों की बैठक में डीएम-एसपी रहेंगे, जबकि उद्योग बंधु की राज्यस्तरीय बैठक केवल लखनऊ तक सीमित न रहे। अन्य मंडल मुख्यालयों पर भी आयोजित की जाए। कमिश्नरी स्तर पर मंडलायुक्त एवं एडीजी/आईजी की उपस्थिति में प्रत्येक दो माह में उद्योग बंधु की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित होगी। इन बैठकों में संबंधित मंत्री गणों के साथ इन्वेस्ट यूपी के सीईओ व अवस्थापना और औद्योगिक विकास से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वहीं राज्यस्तर पर प्रत्येक तिमाही बैठक मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी।

### इंसेंटिव का वितरण पारदर्शी और समयबद्ध होगा

योगी ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों के अनुरूप इंसेंटिव का वितरण पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घोषित प्रोत्साहनों का लाभ उद्योगों तक बिना देरी पहुंचे, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने खिलौना उद्योग की व्यापक संभावनाओं की ओर ध्यान दिलाते हुए प्रदेश में टॉय पार्क के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने प्रमुख सचिव आवास को निर्देश दिए कि आवासीय पार्किंग के लिए उपयोग की जा रही भूमि पर अनावश्यक कर न लिया जाए, ताकि नागरिकों और उद्योग से जुड़े लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

# आज से पान मसाला, तंबाकू बीड़ी, सिगरेट पर नया टैक्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- नया स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर चुकाना होगा
- तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पादन शुल्क भी लगेगा
- हर फैक्टरी का अलग-अलग पंजीयन कराना अनिवार्य

**अमृत विचार:** पान मसाला, तंबाकू, बीड़ी व सिगरेट पर रविवार एक फरवरी से उद्यमियों को नया स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर चुकाना होगा। कानपुर पान मसाला कारोबार का हब है, इसलिए यह निर्देश यहां के उद्यमियों के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। इसके साथ ही तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पादन शुल्क भी लागू किया जा रहा है। इसके लिए एक फरवरी से पंजीयन के लिए आवेदन करना होगा। हर फैक्टरी का अलग-अलग पंजीयन कराना अनिवार्य है।

पान मसाला कारोबार हमेशा से संवेदनशील की सूची में रहा है। माना जाता है कि इसके उद्यमी अपने उत्पादन के सही आंकड़े घोषित नहीं करते। इसी वजह से सरकार को सही राजस्व भी नहीं मिलता। इसके चलते इस उद्योगों से पूरा राजस्व वसूलने के लिए कर को बढ़ाया भी गया और नियम भी कड़े किए गए। इसी के तहत अब एक फरवरी से जीएसटी, केंद्रीय उत्पाद शुल्क में स्वास्थ्य व राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर के नाम से नया उपकर लागू किया जा रहा है। इसके साथ ही जीएसटी में राज्यों को क्षतिपूर्ति देने वाला पुराना उपकर एक फरवरी से समाप्त हो जाएगा। एक फरवरी से ही पंजीयन के लिए आवेदन करना होगा। हर फैक्ट्री का पंजीयन अलग होगा। आवेदन आटोमेशन आफ सेंट्रल एक्साइज के सर्विस टैक्स पोर्टल पर करना होगा। किस फैक्ट्री में कितनी मशीनें हैं, उद्यमी को इसकी घोषणा करनी होगी। सात दिन में मशीनों की अधिकतम स्पीड भी बतानी होगी। इसके आधार पर ही उपकर की गणना होगी।

### फैक्ट्री में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य

निर्देश में साफ कहा गया है कि जीएसटी और एक्साइज विभाग के अधिकारी इस घोषणा के 90 दिन के अंदर मशीनों का भौतिक सत्यापन करेंगे। पान मसाला, तंबाकू, बीड़ी व सिगरेट पर लगाया गया यह उपकर हर महीने की सात तारीख से पहले जमा करना होगा। यदि इसे समय से जमा नहीं कराया तो 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगेगा। इस आदेश में महत्वपूर्ण हिस्सा यह भी है कि फैक्ट्री में सीसीटीवी कैमरे भी उद्यमी को लगाने होंगे। ये मशीनों की रफ्तार और उन पर बनाए जा रहे उत्पादों की हर पल निगरानी करेंगे। इतना ही नहीं उद्यमियों को इन कैमरे के फुटेज दो वर्ष तक सुरक्षित भी रखने होंगे ताकि कभी विभाग उनकी जांच करना चाहे तो उद्यमी से फुटेज मांग सके। यह उपकर जीएसटी व एक्साइज के अलावा अलग से चुकाना होगा।

### जीएसटी 12 प्रतिशत बढ़कर 40 प्रतिशत होगी

अभी तक पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू, सिगार, हुक्का जर्दा व सुगंधित तंबाकू उत्पादों पर 28 प्रतिशत जीएसटी व क्षतिपूर्ति उपकर लागू है। अब एक फरवरी से इन पर जीएसटी को 12 प्रतिशत बढ़ाकर 40 प्रतिशत किया जा रहा है। इसके अलावा उत्पाद शुल्क अतिरिक्त रूप से लगेगा। साथ ही क्षतिपूर्ति व उपकर भी लगेगा। इसके चलते इनकी कीमत भी बढ़ेगी। इसलिए कर अपवंचना भी बढ़ने की आशंका है। जान लें, कानपुर में 90 पान मसाला इकाइयां स्थापित हैं। इन इकाइयों का सालाना टर्नओवर 12 हजार करोड़ रुपये का है।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, युवाओं का नया गणित बचत पीछे, खर्चे आगे व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### रैगिंग में एमबीबीएस के आठ छात्र निलंबित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के प्रथम वर्ष के एक छात्र की रैगिंग करने के मामले में एमबीबीएस के आठ छात्रों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद कॉलेज की रैगिंग रोधी समिति ने जांच की और आरोपों को सही पाया। एमबीबीएस के तीसरे वर्ष के छात्रों नवदीप चौधरी, प्रकाश बावरिया, विक्रम सिंह मीणा, धर्मेंद्र कुशवाह, केशव गौतम, सुदीप जायसवाल, नवनीत कुशवाह और रवि मीणा को छात्रावास से निष्कासित कर दिया गया है और प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# घने कोहरे और बर्फीली हवा के साथ फिर लौटी कड़ाके की ठंड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तीन दिन बारिश के आसार, कई जिलों में घना कोहरा, दृश्यता 10 मीटर तक घटी

**अमृत विचार :** प्रदेश में शनिवार को एक बार फिर ठंड ने जोर पकड़ लिया। कोहरे और बर्फीली हवा के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लखनऊ समेत कई जिलों में सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। मौसम विभाग ने रविवार से अगले तीन दिनों तक पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की संभावना भी जताई है।

बारिश और ओलावृष्टि के बाद ठंड का असर और तेज हो गया है। लखनऊ, कानपुर, आगरा, बरेली, गाजियाबाद सहित कई जिलों में शनिवार सुबह से घना कोहरा छाया रहा। अनेक स्थानों पर दृश्यता घटकर मात्र 10 मीटर तक रह गई। बर्फीली हवा के कारण न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। सुबह और शाम गलन बढ़ गई है, जिससे सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेते नजर आए। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 31 जनवरी तक कोहरे में और बढ़ोतरी हो सकती है तथा कुछ क्षेत्रों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि फरवरी के पहले सप्ताह में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से एक से तीन फरवरी के बीच प्रदेश के दोनों संभागों में बारिश हो सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस दौरान दिन के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी संभव है, जिससे कोहरे से आंशिक राहत मिलेगी। हालांकि चार फरवरी से तापमान में फिर हल्की गिरावट के आसार हैं। शुक्रवार को न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बुलंदशहर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जबकि अधिकतम 21.9 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ आगरा सबसे गर्म दर्ज किया गया।



### मौसम विभाग का इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने कई जिलों कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरेया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं में घने कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और वाहन चालकों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

# महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बनीं सुनेत्रा पवार

- अजित पवार के निधन के चौथे दिन ली शपथ, नहीं पहुंचे शरद पवार

मुंबई, एजेंसी

राकांपा के दिवंगत अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार (62) ने शनिवार को मुंबई में एक समारोह में महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे चुकीं सुनेत्रा को यहां लोकभवन में एक संक्षिप्त समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले दिन में, उन्हें औपचारिक रूप से राकांपा विधायक दल का नेता चुना गया। भाजपा, एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार नीत राकांपा के घटक वाली 'महायुति' सरकार में अजित पवार उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री थे। उनकी 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। सुनेत्रा पवार जब शपथ लेने के लिए उठीं तो 'अजित दादा अमर रहें' जैसे नारे लगाए गए। सुनेत्रा पवार के छोटे बेटे जय पवार और उनकी पत्नी भी शपथग्रहण समारोह में मौजूद थीं। सुनेत्रा राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन की सदस्य नहीं हैं। उनके बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की संभावना है जो अजित के निधन से खाली हुई है। चर्चाओं से दूर रहने वाली सुनेत्रा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने चुनावी करियर की शुरुआत की थी।



### प्रधानमंत्री मोदी व सीएम योगी ने दी बधाई

**नई दिल्ली/लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर सुनेत्रा पवार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के के साथ दिवंगत अजितदादा पवार के विजन को पूरा करेंगी। वहीं, मुख्यमंत्री योगी ने भी सुनेत्रा अजित पवार को हार्दिक बधाई।

## कोडीन कफ सिरप : भोला की 5.77 करोड़ की संपत्ति जब्त

**वाराणसी/सोनभद्र।** सोनभद्र जिले की पुलिस ने अवैध नशीले कफ सिरप मामले में शनिवार को वाराणसी में भोला जायसवाल और उसके परिजनों की कुल पांच करोड़ 77 लाख से अधिक की संपत्ति कुर्क की। सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक वर्मा ने बताया कि राबर्ट्सगंज पुलिस थाने में पंजीकृत अभियोग के तहत अभियुक्त भोला प्रसाद जायसवाल के वाराणसी के मडौली, भरलाई और जगदीशपुर क्षेत्रों में 4.55 करोड़ रुपये की कुल सात अचल संपत्तियां और 51.16 लाख रुपये मूल्य के चार वाहन कुर्क किये गए हैं। इसके अलावा बैंक खातों में जमा 70,99,228 रुपये को भी कुर्क किया गया है। कुर्क की गई चल-अचल संपत्तियों की कुल कीमत 5,77,17,990 रुपये बताई गई है।

# सीतारमण आज पेश करेंगी 9वां आम बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

- बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर होंगीं निगाहें



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना लगातार नौवां बजट पेश कर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगी। इस बार सभी की निगाहें बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर टिकी होंगी। सीतारमण ने 2019 में अपने पहले बजट में दशकों से चले आ रहे चमड़े के ब्रीफकेस की जगह लाल कपड़े में लिपटे पारंपरिक 'बही-खाता' का अनुकरण किया था। पिछले चार वर्षों की तरह इस साल का बजट भी डिजिटल रूप से पेश करेंगी।

आम बजट 26 में वे प्रमुख रूप से जिन आंकड़ों पर नजर होगी उनमें मुख्य रूप से राजकोषीय घाटा शामिल है। सरकार के कुल खर्च और आय के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा कहलाता है।

चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए इसके जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया गया है। बजट में 4.5 प्रतिशत से नीचे का लक्ष्य हासिल करने के बाद, बाजार अब कर्ज-जीडीपी अनुपात में कमी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सटीक आंकड़ों का इंतजार कर रहा है। उम्मीद है कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 के लिए चार प्रतिशत के राजकोषीय घाटे की घोषणा कर सकती है। पूंजीगत व्ययः चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का नियोजित पूंजीगत व्यय 11.2 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है। निजी क्षेत्र के निवेशकों की सावधानी को देखते हुए, सरकार आगामी बजट में बुनियादी ढांचे पर खर्च को बनाए रख सकती है और इसमें 10-15 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती है। यह राशि 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है।

# रिबाकिना ने सबालेंका को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता

मेलबर्न, एजेंसी

एलेना रिबाकिना ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को हराकर शनिवार को आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया जो उनके कैरियर का दूसरा ग्रैंडस्लैम है। रिबाकिना ने 6-4, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज करके 2023 फाइनल में सबालेंका के हाथों यहां मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

जीत के बाद 26 वर्ष की रिबाकिना ने कहा मेरा दिल बहुत तेज धड़क रहा है । चेहरे से भले ही पता नहीं चले लेकिन भीतर काफी जज्बात उमड़ रहे हैं। मॉस्को में जन्मी लेकिन कजाखस्तान के लिये खेले वाली इस खिलाड़ी ने कहा मेरे पास यह अच्छा मौका था और मैंने इसे भुनाया। दो दिन पहले सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को हराने वाली रिबाकिना ने चार साल पहले आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में पहला सेट जीता था लेकिन तीन सेट में हार गई थी।



इस बार पहला सेट जीतने के बाद वह दूसरा सेट हारी और तीसरे में 0-3 से पीछे थी, लेकिन लगातार पांच गेम जीतकर वापसी की। पांचवीं वरीयता प्राप्त रिबाकिना का यह दूसरा ग्रैंडस्लैम है जिन्होंने 2022 में विम्बलडन जीता था ।

साक्षात्कार

केंद्रीय मंत्री ने कहा- भारत और ईयू एफटीए से यूरोप को भारतीय निर्यात पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होने की उम्मीद

# ईयू के बाद अब अमेरिका की बारी, जल्द होगी दमदार ट्रेड डील : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों देश इसे जल्द पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने भरोसा जताया कि निकट भविष्य में इस मोर्चे पर अच्छी खबर दी जाएगी।

गोयल ने एक साक्षात्कार में कहा, हर मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अपनी शर्तों और खूबियों पर टिका होता है। हमारी बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। अमेरिका में मेरे समकक्ष और मेरे बीच बहुत ही शानदार कामकाजी संबंध और व्यक्तिगत मित्रता है। हम इस समझौते को जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि मदर ऑफ ऑल डील्स (भारत-ईयू समझौता) के बाद अब भारत और अमेरिका के बीच फादर ऑफ ऑल डील्स कब तक हकीकत बनेगी, तो उन्होंने कहा कि व्यापार समझौतों के लिए कभी कोई समय सीमा तय नहीं की जाती। इन्हें दोनों देशों के हितों को ध्यान में रखते हुए सही समय पर अंतिम रूप दिया जाएगा। एफटीए से यूरोप को भारतीय निर्यात पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह वाशिंगटन की अपनी निर्धारित यात्रा से पहले, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों और रक्षा सहित द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख आयामों पर चर्चा की। उम्मीद है कि वह अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। क्या रूसी तेल की खरीद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट का कारण है, कहा, मुझे नहीं लगता कि यह कोई बाधा या अड़चन है। कुछ गलतफहमियां हो सकती थीं, जिन्हें काफी हद तक सुलझा लिया गया है।



### केंद्रीय वाणिज्य मंत्री बोले- मां 28 बच्चों का ख्याल रखेगी

**नई दिल्ली।** पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अगले पांच वर्षों में यूरोप को होने वाले देश के निर्यात को दोगुना कर देगा। उन्होंने इस ऐतिहासिक समझौते को मदर ऑफ ऑल डील्स करार देते हुए कहा कि मां दयालु और प्रेममयी होगी और यह सुनिश्चित करेगी कि इसके सभी 28 बच्चों (भारत और यूरोपीय संघ के 27 देश) को इस समझौते से लाभ हो। भारत-यूरोपीय संघ एफटीए को व्यापक रूप से मदर ऑफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। दोनों पक्षों ने घोषणा की है कि समझौते के लिए बातचीत पूरी हो चुकी है और इसके इसी साल लागू होने की संभावना है। गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ को होने वाले वस्तु और सेवा निर्यात में भारत पहले से ही व्यापार अधिशेष की स्थिति में है। अब, समझौते के लागू होने के पहले ही दिन से भारत के 99 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय संघ में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। इससे अगले पांच वर्षों में देश का निर्यात दोगुना होने की संभावना है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वस्तु निर्यात 76 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 46 अरब डॉलर था।

## न्यूज ब्रीफ

### रविदास जयंती पर योगी ने दीं शुभकामनाएं

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत शिरोमणि रविदास की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर ही संत रविदास जी का जन्म हुआ था, इसलिए यह तिथि आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखती है। मुख्यमंत्री ने माघ पूर्णिमा पर संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के सुख, स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की तथा स्वच्छता, अनुशासन और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन की अपील की।



### राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 31 मार्च तक

अमृत विचार, लखनऊ : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में देशभर में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2 .0 संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 31 मार्च तक प्रभावी रहेगा। अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण कर न्याय प्रक्रिया को सुलभ और समयबद्ध बनाना है। अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, उपभोक्ता, वाणिज्यिक एवं अन्य उपयुक्त मामलों का समाधान मध्यस्थता के माध्यम से कराया जाएगा। नागरिकों से अभियान में सहभागिता की अपील की गई है।

### मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 को

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 22 फरवरी को लखनऊ में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में किया जाएगा। सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि शिविर का आयोजन जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मलखान सिंह के निर्देशन में सुनिश्चित किया गया है। शिविर का उद्देश्य समाज के निर्बल, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही मंच पर प्रदान करना है।

### लखनऊ में जुटेंगी दिग्गज फार्मा कंपनियां

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को देश का प्रमुख फार्मास्यूटिकल और मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की ठान ली है। 3 फरवरी को राजधानी लखनऊ स्थित होटल ताज में "फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 : इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन उत्तर प्रदेश" का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश-दुनिया की दिग्गज फार्मा कंपनियां आएंगी और निवेश के नए अवसरों पर मंथन होगा। एफएसडीए के सचिव एवं आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि कॉन्क्लेव का आयोजन उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) और इन्वेस्ट यूपी द्वारा किया जा रहा है। कॉन्क्लेव का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे, जबकि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन-उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा वीडियो संदेश के माध्यम से निवेशकों को संबोधित करेंगे।

### पीएम सूर्य घर योजना में 10.94 लाख आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से यूपी देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार, देशभर में अब तक 58.36 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अकेले उत्तर प्रदेश से 10.94 लाख से अधिक आवेदन दर्ज किए गए हैं। योगी सरकार की सक्रिय नीतियों और यूपीनेडा व वितरण कंपनियों के समन्वित प्रयासों से प्रदेश में अब तक 3.57 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं। इससे राज्य की कुल स्थापित सौर क्षमता 1,227 मेगावाट से अधिक हो गई है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को अब तक 2,440 करोड़ से अधिक केंद्रीय सब्सिडी और लगभग 600 करोड़ की राज्य सब्सिडी दी जा चुकी है।

# एटा का 'पटना पक्षी अभयारण्य' रामसर साइट सूची में शामिल

## वेटलैंड दिवस से पहले यूपी को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान, बना 11वां रामसर स्थल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विश्व वेटलैंड्स दिवस (2 फरवरी) से पहले प्रदेश को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्र सरकार ने एटा जनपद स्थित पटना पक्षी अभयारण्य को रामसर साइट्स की सूची में शामिल कर लिया है। इसके साथ ही प्रदेश में रामसर स्थलों की संख्या 10 से बढ़कर 11 हो गई है। इस अंतरराष्ट्रीय मान्यता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में वर्ष 2017 के बाद से आर्द्रभूमि, वन्यजीव और जैव विविधता संरक्षण के लिए किए गए निरंतर प्रयासों का यह परिणाम माना जा रहा है। 108.86 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला पटना पक्षी विहार एक लाख से अधिक जल-पक्षियों की संरक्षण क्षमता रखता है। सर्दियों के मौसम में यहां बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों का आगमन होता है। वर्ष 1990 में इसे अभयारण्य घोषित किया गया था, जिसका नाम जलेसर तहसील के पटना गांव के नाम पर रखा गया।

यह अभयारण्य 178 प्रजातियों के पक्षियों का आश्रय स्थल है। यह क्षेत्र 44 से अधिक जल-पक्षी प्रजातियों और चार आर्द्रभूमि पक्षी प्रजातियों- सरकिडियोर्निस मेलानोटस, अनहिंगा मेलानोगास्टर, मारेका स्ट्रेपेरा और एंसर की वैश्विक जैव-भौगोलिक आबादी के एक प्रतिशत से अधिक का संरक्षण करता है। गर्मियों में आसपास की आर्द्रभूमियों के सूख जाने पर यह स्थल सारस क्रेन का प्रमुख आश्रय बन जाता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को वैश्विक पहचान मिल रही है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने इसे जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



### प्रदेश के रामसर स्थल

नवाबगंज (उन्नाव), पार्वती अरगा (गोंडा), समान (मैनपुरी), समसपुर (रायबरेली), सरसई नावर (इटावा), सांडी (हरदोई), सूर सरोवर (आगरा), बखीरा (संतकबीर नगर), ऊपरी गंगा नदी (बुलंदशहर), हैदरपुर वेटलैंड (मुजफ्फरनगर) और पटना पक्षी अभयारण्य (एटा)।

- पीएम मोदी और सीएम योगी ने दी बधाई, जैव विविधता संरक्षण को लेकर बड़ी उपलब्धि

### वेटलैंड दिवस पर बर्ड फेस्टिवल कल से

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व आर्द्रभूमि (वेटलैंड) दिवस के अवसर पर 2 फरवरी को ललितपुर स्थित महावीर स्वामी पक्षी विहार में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव की शुरुआत प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। आयोजन का उद्देश्य वेटलैंड संरक्षण के साथ-साथ जैव विविधता और पक्षी संरक्षण के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार ने शनिवार को अरण्य भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बर्ड फेस्टिवल में देशभर से पक्षी प्रेमी, पर्यावरणविद् और विशेषज्ञ भाग लेंगे। मंत्री ने पटना पक्षी विहार को रामसर साइट घोषित किए जाने पर विभागीय अधिकारियों की भी सराहना की।

# बजट पर टिकीं आम आदमी की नजरें

## महंगाई, टैक्स और रोजगार पर राहत की सबसे बड़ी उम्मीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूनियन बजट 2026 को लेकर इस बार प्रदेश के आम लोगों की उम्मीदें पहले से कहीं अधिक बढ़ गई हैं। लगातार बढ़ती महंगाई, सीमित रोजगार के अवसर और रोजमर्रा के खर्चों के दबाव ने आम परिवारों की आर्थिक चुनौतियां बढ़ा दी हैं। ऐसे में 1 फरवरी को पेश होने वाले आम बजट को लेकर शहरों से गांवों तक चर्चा है। आम आदमी को उम्मीद है कि इस बार बजट में केवल बड़े आंकड़ों और घोषणाओं के बजाय उसकी रोजमर्रा की परेशानियों पर ठोस फैसले लिए जाएंगे।

हर वर्ग चाहे वह किसान हो, युवा हो, नौकरीपेशा हो या मध्यम वर्ग की नजरें 1 फरवरी के बजट पर टिकी हैं। सबको उम्मीद है कि यह बजट केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि आम आदमी की जेब और भविष्य दोनों को संबल देने वाला साबित होगा। लखनऊ, कानपुर, बरेली, मुरादाबाद, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर और मेरठ जैसे बड़े शहरों में नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग की सबसे बड़ी अपेक्षा इनकम टैक्स में राहत को लेकर है। लोगों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के बीच टैक्स स्लैब में छूट और मानक कटौती बढ़ाए जाने से उनकी जेब पर पड़ रहा दबाव कुछ कम हो सकता है। साथ ही सीनियर सिटीजन के लिए रेलवे रियायतों की बहाली और स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त प्रावधान की मांग भी सामने आ रही है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, बजट में कृषि आपूर्ति श्रृंखला, कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग और परिवहन लागत घटाने पर जोर दिया गया, तो इसका सीधा लाभ यूपी को मिलेगा, क्योंकि देश की बड़ी आबादी और कृषि उत्पादन यहीं केंद्रित है। सरकारी नौकरियों पर निर्भरता कम करते हुए एमएसएमई, स्टार्टअप और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती देना जरूरी है।

यूपी में डिफेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावना को देखते हुए बजट में इन सेक्टर्स के लिए क्रेडिट सपोर्ट, आसान ऋण और स्किल डेवलपमेंट पर विशेष प्रावधान होने चाहिए। इससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सकेगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि मध्यम वर्ग को टैक्स में राहत मिलनी चाहिए, लेकिन साथ ही राजकोषीय अनुशासन भी जरूरी है।

### रोजगार और शिक्षा पर युवाओं की निगाहें




प्रदेश के युवाओं की निगाहें रोजगार और शिक्षा पर टिकी हैं। बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई क्षेत्रों के युवाओं का कहना है कि बजट में रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। औद्योगिक निवेश के साथ-साथ कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने से युवाओं को स्थायी रोजगार मिल सकता है। युवाओं की यह भी अपेक्षा है कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान किए जाएं।

### किसानों को चाहिए सब्सिडी और एमएसपी

ग्रामीण इलाकों और किसान परिवारों के लिए भी यह बजट बेहद अहम माना जा रहा है। पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल तक किसानों को खेती की बढ़ती लागत, खाद-बीज के दाम और सिंचाई खर्च की चिंता है। किसान चाहते हैं कि कृषि क्षेत्र के लिए सब्सिडी, न्यूनतम समर्थन मूल्य और कृषि अवसंरचना पर बजट में ठोस कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही ग्रामीण रोजगार, सिंचाई परियोजनाओं और गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की भी मांग उठ रही है।

### दैनिक उपयोग की वस्तुओं में राहत की उम्मीद

महंगाई से जूझ रही गृहिणियों और आम परिवारों को रसोई गैस, खाद्य पदार्थों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में राहत की उम्मीद है। लोगों का कहना है कि यदि बजट में महंगाई नियंत्रित करने के उपायों और बचत को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं की घोषणा होती है, तो आम आदमी को वास्तविक राहत मिल सकती है।

## शिकायत और वन विभाग की पहल पर ध्वस्त की गई कोयला भट्ठी

कुंडा,प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** गांव में कोयला भट्ठी से न केवल आसपास के पेड़ पौधे झुलस रहे थे बल्कि ग्रामीणों को प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा था। परेशान ग्रामीणों ने मामले की शिकायत वन विभाग के अधिकारियों के साथ डीएम से की। अधिकारियों के निर्देश पर वन विभाग ने पहल की तो शुक्रवार को कोयला भट्ठी ध्वस्त की गई। बिहार ब्लॉक के रामजदास पट्टी गांव निवासी आफताब अहमद, मो. हाशिम, नूरुल आदि ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ ही डीएम को भी शिकायती पत्र दिया। इसमें बताया कि मानक के विपरीत कोयला भट्ठी का लाइसेंस लेकर आबादी वाले इलाके में कृषि भूमि पर कोयला भट्ठी संचालित की जा रही है।

जिससे बाग बगीचे सूख रहे हैं इसके अलावा प्रदूषण का भी खतरा है। अधिकारियों के निर्देश पर विभाग ने पहल की तो शुक्रवार को कोयला भट्ठी ध्वस्त की गई। मामले को लेकर वन क्षेत्राधिकारी आशीष सिंह ने कहा कि औतारपुर गांव निवासी कमर अली कोयला भट्ठी का संचालन कर रहे थे। कोयला भट्ठी वन विभाग के मानक के अनरुप न होने का कारण लाइसेंस का रिन्यूवल नहीं किया गया। इस पर भट्ठी मालिक ने स्वतः अपनी कोयला भट्ठी को ध्वस्त कर दिया।



ध्वस्त कराई गई कोयला भट्ठी।

### स्कूल में रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति व नवाचार का दिखा अद्भुत प्रदर्शन



विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल के साथ विधायक राजेंद्र मौर्य एवं अन्य।

**प्रतापगढ़ अमृत विचार** : वी. एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने हस्तनिर्मित वैज्ञानिक मॉडलों में उनकी रचनात्मकता,कल्पनाशक्ति और नवाचार का अद्भुत प्रदर्शन दिखा। शुभारंभ विद्यालय के निदेशक राकेश सिंह के मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, ओपी त्रिपाठी,धर्मेंद्र प्रताप सिंह, प्रो .पीयूष कांत शर्मा ने किया। सोलर पावर एनर्जी, रेन हार्वेस्टिंग, लंग्स मॉडल, ट्रेड एंड एग्रीकल्चर, स्केलेटन सिस्टम, चंद्रयान मॉडल, वर्किंग रोबोट, इलेक्ट्रिसिटी, पावर लिफ्ट, बैंक लॉकर, वॉल्केनो डेम, लाइ-फाई तकनीक, स्वचालित प्रणालियां, जल संरक्षण, भूकंप अलर्ट सिस्टम, सड़क सुरक्षा, आधुनिक सिंचाई पद्धति, डीएनए संरचना सहित नवाचारी मॉडलों का प्रदर्शन किया।विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी से स्पष्ट है कि विद्यालय में बच्चों की बौद्धिक क्षमता को निखारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उपस्थित आगंतुकों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, और वैज्ञानिक सोच को सराहा।

### किशोरी के अपहरण की जांच से लौटी पुलिस की गाड़ी पर पथराव, टूटा गाड़ी का शीशा

**प्रतापगढ़ अमृत विचार** : बाघराय थाना क्षेत्र से अगवा किशोरी के मामले में दर्ज एफआईआर में जेठवारा इलाके के सराय इंद्रावत गांव के युवक को आरोपी बनाया गया था। जेठवारा थाने के उप निरीक्षक रमेश सिंह यादव शुक्रवार रात थाने की गाड़ी से आरोपी के घर पहुंचे। वहां से लौटते समय गांव के बाहर ही उनकी गाड़ी पर पथराव कर दिया गया। इससे गाड़ी का शीशा टूट गया। हालांकि उसमें सवार पुलिसवाले सुरक्षित बच गए। पुलिस ने मौके से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सराय इंद्रावत गांव का ही रहने वाला छोटेलाल बताया गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस गाड़ी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। उसके शीशे चूर-चूर हो गए थे। एसओ विजयकांत सत्यार्थी ने बताया कि आरोपी ने शराब पी रखी थी। एक पत्थर फेंकने से शीशा टूट गया। उसका शांति भंग की आशंका में चालान किया गया था। एसडीएम न्यायालय से उसे जेल भेज दिया गया।




न्यूज ब्रीफ

### खेलते समय तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार को घर के बाहर खेल रहे बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घुंघटेर के रामपुर निवासी पवन कुमार का दो वर्षीय पुत्र आर्यन राज शनिवार दोपहर घर के बाहर खेल रहा था। तभी घर के पास स्थित तालाब में वह जा गिरा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो उसका शव तालाब में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी बेचू सिंह यादव ने बताया कि तालाब में डूबकर मासूम की मौत हुई है।

### घर में चोरी, युवक पर नामजद रिपोर्ट दर्ज

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम बरूवा नरेन्द्रपुर में शुक्रवार रात एक व्यक्ति ने घर में घुसकर जेवर नकदी चोरी कर ली। गायत्री वर्मा पत्नी बजरंग वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही रंजीत राजपूत पर चोरी का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार, 29 जनवरी की रात आरोपी रंजीत उनके घर में अवैध रूप से घुस आया और अलमारी से चांदी की दो जोड़ी पायल, एक जोड़ी बिछिया, एक मोबाइल फोन तथा 25 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गया। बताया कि आरोपी जब घर से बाहर निकल रहा था, तभी उसकी पुत्री प्रिया वर्मा ने उसे पहचान लिया। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### छेड़छाड़ के विरोध पर भाई से मारपीट

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना दरियाबाद क्षेत्र के एक गांव में लगातार युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर भाई से मारपीट की गई। पीड़ित भाई ने बताया कि उनकी छोटी बहन के साथ आरोपी आए दिन अभद्रता करता था, जिसको लेकर पहले भी कई बार मना किया गया। इसके बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। बताया गया कि शुक्रवार को जब उसने एक बार फिर आरोपी को समझाने का प्रयास किया तो वह गाली-गलौज करने लगा और मारपीट पर उतारू हो गया। मौके पर गांव के अन्य लोगों ने पहुंचकर बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित ने थाना दरियाबाद में तहरीर देकर मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### विभिन्न स्थानों से चोरों ने बाइक व स्कूटी उड़ाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दोपहिया वाहन चोरी की दो घटनाएं सामने आई हैं। मेंहदी हसन निवासी ग्राम व पोस्ट सैदनपुर तहसील सिरौली गौसपुर की बाइक 29 जनवरी को सफेदाबाद क्षेत्र में सरथरा क्रासिंग मंदिर के पास से चोरी हो गई। दूसरी घटना में शिवशंकर तिवारी की एक्टिवा 24 जनवरी की दोपहर उनके घर के सामने से चोरी हो गयी।

# घने कोहरे संग लौटी गलन भरी सर्दी

## सुबह के समय छाये रहे बादल, दृश्यता कम होने के कारण रेंगते रहे वाहन

मौसम का यू टर्न

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सामान्य हो रहे मौसम ने फिर करवट ली और गलन व ठिठुरन भरी सर्दी ने फिर जोरदार दस्तक दी है। शनिवार सुबह घने कोहरे ने शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक दृश्यता को खासा प्रभावित किया। सूर्य की तपिश काफी कम हुई, जिससे पूरे दिन ठंड के कड़े तेवर बने रहे। मौसम के इस बदलाव से लोग परेशान हैं। एक ओर ट्रेनों की लेटलतीफी बढ़ी तो कोहरे का असर गेहूं छोड़ अन्य फसलों पर विपरीत ही माना जा रहा।

शनिवार को बाराबंकी में अधिकतम तापमान 19 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया। शुक्रवार शाम से चली हवाओं ने माहौल को सर्द कर दिया। रात घिरने तक चहल पहल न के बराबर रही। वहीं शनिवार की सुबह लोगों का जगने पर घने कोहरे से सामना हुआ। कोहरे के साथ ही गलन व ठिठुरन ने लोगों को अलाव, हीटर आदि का सहारा लेने को विवश कर दिया। कड़ाके की सर्दी के बीच गर्म कपड़ों से लद नन्हे मुन्ने बच्चे मन मसोस कर स्कूल गए। दोपहर होने तक धूप निकली पर आसमान पर छाए कोहरे ने सूर्य की तपिश को जमीन तक पहुंचने नहीं दिया। शहर के मुख्य तिराहों व चौराहों पर फिर अलाव की जरूरत महसूस की गई। कोहरे का आलम यह रहा कि जिला मुख्यालय ही नहीं ग्रामीण इलाकों को जाने वाले मार्गों पर कोहरे की घनी चादर बिछी रही। हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई तो तय समय पर पहुंचने की कोशिश बेकार गई और यात्रियों को फिर ट्रेनों की लेटलतीफी का सामना करना पड़ा। मौसम के इस उतार चढ़ाव को लेकर आमजन में काफी चर्चा रही। जानकारों की माने तो आने वाले कुछ दिनों तक सर्दी के तेवर ऐसे ही रहेंगे। इस बदलाव से सबसे ज्यादा किसान चिंतित है, कोहरे का असर आलू, गेहूं पर तो नहीं लेकिन अन्य फसलों पर पड़ता दिख रहा है। बारिश होने की दशा में किसान की मेहनत चौपट होने के आसार हैं।



शनिवार की सुबह घने कोहरे के कारण काफी कम रही दृश्यता। ● अमृत विचार

### हत्या के दो दोषियों को आजीवन कैद

**बाराबंकी: अमृत विचार :** बहन से जबरन बातचीत का विरोध करने पर भाई की हत्या के प्रकरण में न्यायालय ने दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों को 10-10 हजार रुपये अर्थदण्ड अदा करने का आदेश भी दिया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार देवा के मदीनपुर के रहने वाले रवीन्द्र सिंह ने 14 दिसंबर 2021 को पुलिस को सूचना दी कि अखिलेश कुमार साहू व विनीत साहू ने उनके भाई विजेन्द्र सिंह को लाठी से पीटकर मार डाला। विजेन्द्र अपनी बहन से बार बार बातचीत करने व मोबाइल देने का विरोध कर रहा था। 13 दिसंबर को लापता विजेन्द्र का शव दूसरे दिन नाले में पड़ा मिला। पुलिस ने रवीन्द्र सिंह की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### बाइक से गिरी महिला को ट्रक ने रौंदा

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार शाम डीसीएम की टक्कर से पति व बेटी संग घर जा रही बाइक सवार महिला सड़क पर गिर गई, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे रौंद डाला। मौके पर ही महिला की मौत हो गयी। गौरा निवासी संजय मिश्रा शनिवार देर शाम पत्नी पूर्णिमा (40) और छोटी पुत्री दिव्या (14) के साथ रामेश्वरम शिवाला पर दर्शन करने के बाद अपने घर लौट रहे थे। स्टेट बैंक के सामने डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से पूर्णिमा मिश्रा बाइक से नीचे गिर गई। इसी बीच पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हे रौंद डाला। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि पति व बेटी बाल बाल बच गए।

# अब डिब्बे भी टकराने लगे : शिवपाल

- पूर्व मंत्री राजा राजीव कुमार सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर शामिल हुए सपा के राष्ट्रीय महासचिव ने भाजपा पर बोला जमकर हमला

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम हड़ाहा में पूर्व मंत्री और सपा नेता राजा राजीव कुमार सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके स्वागत में स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह के पुत्र राजा रितेश कुमार सिंह 'रिंकू' ने उन्हें चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया।

शिवपाल यादव ने सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने महंगाई, धान खरीद, भ्रष्टाचार और नमामि गंगे परियोजना में कथित घोटाले पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने महोबा की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के भीतर ही असंतोष की आग भड़क रही है जिसका उदाहरण जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का अपने ही विधायक द्वारा रास्ता रोके जाने की घटना है। शिवपाल ने कहा कि भाजपा सरकार में पहले डबल इंजन आपस में टकरा रहे थे, अब डिब्बे भी टकराने लगे हैं। शंकराचार्य मामले पर भी शिवपाल यादव ने भाजपा को दोहरी मानसिकता वाली पार्टी बताया। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में बाराबंकी की छह सीटें जीतने का आह्वान किया और दरियाबाद से टिकट मांग रहे राजा रितेश कुमार सिंह को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश कुमार वर्मा, फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद, विधायक गौरव रावत, जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अहमद शहंशाह, विजय कुमार यादव, आदेश जैन, राजवीर यादव, सोनू सिंह, स्वतंत्र सिंह और मंच संचालन प्रीतम सिंह वर्मा मौजूद रहे। शिवपाल ने स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह की छह बार विधायक और पूर्व मंत्री के रूप में सेवा और जिले के विकास कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।



कार्यक्रम में मौजूद शिवपाल सिंह व अन्य सपा नेता। ● अमृत विचार

# भाजपा नेता व दरोगा में नोकझोंक

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शनिवार दोपहर कोतवाली गए भाजपा नेता की यहां तैनात दरोगा से तीखी कहासुनी हो गई। बाद में पहुंचे अन्य नेता दरोगा को हटाने की मांग पर अड़ गए हालांकि कोतवाल ने मध्यस्थता कर मामला शांत करा दिया।

क्षेत्र के श्रीकृष्णपुर मजरे बहुता गांव निवासी भाजपा नेता एवं प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार शुक्ला शनिवार दोपहर किसी काम से कोतवाली गए थे। यहां पर अरूण कुमार को देखकर हल्का दरोगा विनोद कुमार सोनकर ने किसी पुराने मामले को लेकर असंतोष प्रकट किया। यह देख अरुण शुक्ला ने भी जवाब देना शुरू कर दिया।

अरुण कुमार का बोलना हल्का दरोगा को नागवार गुजरा और उनका पारा हाई हो गया। वह खाकी वर्दी के रौब में आ गए। दोनों में तकरार और तीखी होती गई।

गर्मा गर्मी और बढ़ती, तभी कोतवाली परिसर में शोर शराबा सुनाकर कोतवाल अभिमन्यु मल्ल चैंबर से निकलकर इनके पास पहुंचे और हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। यही नहीं मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों की बात सुनने के बाद दरोगा को फटकार लगाई।

इसी बीच दोनों की नोंकझोंक की जानकारी होते ही भाजपा नेता राम भीख त्रिवेदी एवं व्यापारी नेता जनार्दन प्रसाद शुक्ल, राजकुमार सोनी, सोनू द्विवेदी आदि कोतवाली पहुंच गए और उपनिरीक्षक के तत्काल स्थानांतरण की मांग करने लगे। हालांकि कोतवाल के हस्तक्षेप के बाद हल्का दरोगा ने खेद प्रकट किया और नेता अरुण कुमार से गले मिलकर शिकायत का पटाक्षेप किया।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा में न बरती जाए लापरवाही

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** आगामी प्रसिद्ध फाल्गुनी मेले को सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने शनिवार को लोधेश्वर महादेवा पहुंचकर सुरक्षा और व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में लापरवाही न बरती जाए।

एसपी ने सबसे पहले बोहनिया तालाब का निरीक्षण कर बैरिकेडिंग, सुरक्षा जाल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा प्वाइंटों की स्थिति देखी। इसके बाद महादेवा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के जलाभिषेक के लिए बनाए जा रहे होल्डिंग एरिया और बैरिकेडिंग का जायजा लिया। सफाई, स्वच्छ जल और मजबूत बैरिकेडिंग सुनिश्चित कराने के साथ ही अभरण सरोवर में पीएसी की जल पुलिस को गोताखोरों सहित तैनात करने के आदेश दिए। उन्होंने जर्जर भवनों के छज्जे हटवाने और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा जाल लगाने की भी हिदायत दी।



निरीक्षण करते उप जिला निर्वाचन अधिकारी। ● अमृत विचार

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

**बाराबंकी : अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचक नामावली को अद्यतन किए जाने के लिए जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को फार्म-6, 6क, 7 एवं 8, घोषणा पत्र तथा एएसडीडी सूची के साथ उपस्थित रहकर नाम सम्मिलन, अपमार्जन व संशोधन के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को इसी का स्थलीय निरीक्षण उप जिला निर्वाचन अधिकारी निरंकार सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 268-बाराबंकी के विभिन्न मतदेय स्थलों पर किया गया। उन्होंने बड़ेल मतदान केंद्र स्थित मतदेय स्थल संख्या 380 से 386 तथा राम सेवक इंटर कॉलेज, लखपेड़ाबाग के मतदेय स्थल संख्या 398 से 402 का निरीक्षण किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया।

### पंचायत सहायक से मोबाइल छीना

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार की शाम पैदल घर जा रही पंचायत सहायक युवती का मोबाइल छीनकर तीन युवक फरार हो गए। बाइक सवार तीनों युवक मुंह ढके हुए थे। सूचना पर पहुंची रामनगर पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार रामनगर थाना के सरसवां मजरे मधवा जलालपुर निवासी प्रमोद कुमार सिंह की बेटी पूजा सिंह पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार शाम पांच बजे वह ब्लॉक से निकलने के बाद भगहर झील गेट पर आटो रिक्शा से उतरी और पैदल घर जा रही थी। पीछे से बाइक पर सवार तीन युवक उसके हाथ से मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए।



प्रशस्ति पत्र सौंपते प्रभारी निरीक्षक व अन्य अतिथि। ● अमृत विचार

### अनुशासन व लक्ष्य निर्धारण आवश्यक : बीडीओ

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकीय हाई स्कूल मित्तई में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं मेधावी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि बीडीओ डॉ. नेहा शर्मा, विशिष्ट अतिथि बीईओ सुनील कुमार गौड़ तथा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा वं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। प्रधानाध्यापिका दीपमाला वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के टॉप-10 मेधावी विद्यार्थियों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. नेहा शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में अनुशासन व लक्ष्य निर्धारण बहुत जरूरी है। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने और बालिकाओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने प्रधानाध्यापिका दीपमाला वर्मा को एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र सौंपा।

### किशोरी को अपने साथ ले गया युवक

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कहीं और शादी न होने देने की धमकी देकर युवक किशोरी को भगा ले गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी से उसके परिजन पहले ही रिश्ते खत्म कर चुके हैं। कोतवाली में दी गई तहरीर में पिता ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री नगर के एक कालेज में कक्षा नौ की छात्रा है। मोहल्ला फ़ैयाजपुरा का रहने वाला आरोपी अनुराग कश्यप पुत्री से रास्ते मे छेड़छाड़ करता था। उसे कहीं ले जाकर आरोपी युवक ने अश्लील फोटो खींचे, बाद में उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। विरोध जताने पर आरोपी झगड़ा फसाद पर उतर आया।

### एसआईआर सुनवाई में अव्यवस्था हावी

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की सुनवाई के लिए खंड विकास अधिकारी संदीप श्रीवास्तव नामित हुए थे, लेकिन शनिवार को पहले ही दिन पीड़ित महिलाओं और पुरुषों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खंड विकास कार्यालय पर सुबह से ही बड़ी भीड़ जमा हो गई, लेकिन बैठने और पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। महिलाएं अपने बच्चों के साथ घंटों खड़ी रहीं, वहीं पुरुष भी लंबे समय तक इंतजार करते रहे। कार्यालय के अंदर बीडीओ बस एक-एक कर लोगों को बुला रहे थे। अनीता व अजीत ने बताया कि सुबह से आकर दोपहर तक भी उनकी सुनवाई नहीं हुई।

कार्यक्रम

जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, हुए सम्मानित

# क्विज में निंदूरा और प्रदर्शनी में मसौली रहा अव्वल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जीआईसी ऑडिटोरियम में विज्ञान, सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक विषयों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता एवं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी आयोजित की गई।

प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के., विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में नगर क्षेत्र सहित सभी विकास खंडों से चयनित पांच- पांच बच्चों ने भाग लिया। मॉडल प्रतियोगिता में ब्लॉक मसौली और क्विज प्रतियोगिता में निन्दूरा की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया।

मुख्य अतिथि तेजस के. ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि विज्ञान रुचि और ठोस ज्ञान को बढ़ावा देने के साथ कक्षा शिक्षण में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने में सहायक है। जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी ने बताया कि विज्ञान हमारे दैनिक जीवन को सरल बनाता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने शिक्षकों से अपील की कि वे कक्षा शिक्षण में केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित न रहें बल्कि प्रयोग, अवलोकन और नवाचार के अवसर प्रदान करें। कार्यक्रम आयोजक डीसी प्रशिक्षण समग्र शिक्षा विनीता मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन एआरपी राजेश यादव और प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर जीआईसी प्रवक्ता अनीश कुमार, डीसी निपुण भरत मिशन अमित कुमार श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार, शिक्षक ऋषि टंडन, लोकेश शुक्ला, लक्ष्मी सिंह, दिलीप तिवारी सहित एआरपी, एसआरजी और बच्चे उपस्थित रहे।

**मसौली व निंदूरा ने मारी बाजी :** क्विज में निंदूरा ब्लॉक की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में कुल दस उत्कृष्ट मॉडल चयनित किए गए। प्रथम स्थान ब्लॉक मसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय चंदनपुर के करन कुमार ने प्राप्त किया, जिन्होंने अपनी मौलिक सोच और वैज्ञानिक प्रस्तुतीकरण से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। द्वितीय स्थान निंदूरा के कंपोजिट स्कूल बजगहनी के राजवीर को, तृतीय स्थान नगर क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल गांधीनगर के नैतिक को मिला।




विजेताओं को सम्मानित करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, डीआईओएस, बीएसए व डीसी प्रशिक्षण।

### चालकों को सड़क पर समझनी होगी जिम्मेदारी : सिंह



यातायात प्रभारी रामयतन यादव को सम्मानित करते उप परिवहन आयुक्त।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सड़क हादसों की रोकथाम को लेकर परिवहन विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र अयोध्या राजकुमार सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि सीओ यातायात आलोक पाठक, बीएसए नवीन कुमार पाठक, एआरटीओ (प्रशासन) अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी तथा संभागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले समाजसेवियों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राजकुमार सिंह ने कहा कि वाहन चालकों को सड़क पर अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी, क्योंकि छोटी सी लापरवाही भी जानलेवा हो सकती है। संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी ने किया।

### एनपीए निस्तारण को लेकर हुई बैठक



निरीक्षण करतीं सिविल जज।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सिविल जज सीनियर डिवीजन व पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शिवानी रावत ने 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के दृष्टिगत एडीआर भवन में सभी बैंक एवं बीमा कंपनियों के नोडल अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श बैठक आयोजित की। बैठक में अधिक से अधिक एनपीए मामलों का चिन्हांकन कर नियमानुसार नोटिस जारी करते हुए उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत में संदर्भित करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद शिवानी रावत द्वारा जिले के वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर संचालित सेवाओं, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा महिलाओं व पीड़ितों को दी जा रही कानूनी, चिकित्सकीय व पुलिसीय सहायता की गुणवत्ता का जायजा लिया गया।

### सीवीओ को विदाई, डॉ. सुधीर को प्रभार



सीवीओ को विदाई देते संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास भवन स्थित सीवीओ कार्यालय में पशुधन प्रसार अधिकारी संघ द्वारा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अतुल कुमार अवस्थी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं प्रांतीय अध्यक्ष श पशु चिकित्सा संघ डॉ. सुधीर कुमार को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बाराबंकी का प्रभार सौंपा गया। उनके पदभार ग्रहण करने पर पशुधन प्रसार अधिकारी संघ की ओर से राजकीय पशु चिकित्सालय सदर में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जिलामंत्री पंकज वर्मा, उपाध्यक्ष रामसनेही, अनिल सिंह, ऑडिटर नीलम सिंह, मैनुद्दीन खान, रोहित वर्मा एवं आशुतोष वर्मा द्वारा डॉ. सुधीर का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

### 34 वर्षों की सेवा के बाद परिचारक को दी विदाई



सेवानिवृत्त होने पर सम्मानित करते शिक्षणेतर संघ के जिलाध्यक्ष।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कॉलेज में शनिवार को परिचारक मोहम्मद सगीर के सेवानिवृत्त होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मोहम्मद सगीर की नियुक्ति 30 अक्टूबर 1992 को हुई थी और उन्होंने 31 जनवरी को 34 वर्षों की सेवा पूरी कर सेवानिवृत्ति प्राप्त की। माध्यमिक शिक्षणेतर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव कैलाश सोनी, जिला अध्यक्ष नीरज पांडे, प्रदेश मंत्री अलीम अहमद, जिला उपाध्यक्ष इसरार अहमद, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सहित अन्य शिक्षणेतर साथियों ने मोहम्मद सगीर को विदाई दी।

### संकल्प का कोई विकल्प नहीं : डीआईओएस



स्टाल का निरीक्षण करते डीआईओएस। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के राधाकृष्णन सभागार में शनिवार को करियर मेला का आयोजन किया गया। उद्घाटन डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने किया। उन्होंने कहा कि संकल्प का कोई विकल्प नहीं है। यदि हम चाहें तो अपने दैनिक कार्यों में समय की कटौती कर अध्ययन के लिए अतिरिक्त समय निकाल सकते हैं। प्रधानाचार्य राधेश्याम, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुधीर वर्मा, पॉलिटेक्निक जहांगीराबाद के एचओडी डॉ. नियाज हसन काजमी, आईटीआई, जहांगीराबाद के कार्यदेशक राम सजीवन, टीआरसी लॉ कॉलेज के निदेशक रवि शंकर त्रिपाठी, भारतीय पैकेजिंग संस्थान लखनऊ की एसो. प्रो. डॉ. पूजा गुप्ता ने संबोधित किया। पंख करियर गाइडेंस प्रोग्राम की नोडल शिक्षिका पूजा कटियार ने अतिथियों का आभार जताया। संचालन सुशील कुमार द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अरविंद प्रकाश त्रिपाठी एवं स्काउट शिक्षक राम अधार भारती, राजलक्ष्मी सिंह, राम सुरेश, आशा, इंदू वर्मा, अनीता, कुलदीप, आनंद वर्मा, गौतम कुमार चौधरी उपस्थित रहे।

### नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन



भागवत कथा के समापन के दौरान मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत गणेशपुर स्थित शुक्ला मोहल्ला में शनिवार को नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन हुआ। यजमान सुरेश कुमार शुक्ला और लक्ष्मी शुक्ला सहित शुक्ला परिवार को वेदव्यास आचार्य अश्विनी कुमार त्रिपाठी जी महाराज ने वैदिक विधि-विधान से आशीर्वाद दिया। कथा स्थल पर मंत्रोच्चार, भजन और कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं से महाराज जी का स्वागत किया आचार्य त्रिपाठी ने अंत में सभी कलाकारों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस कार्यक्रम में यजमान परिवार के साथ समाजसेवी रामकुमार शुक्ला, केके शुक्ला, और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

# मौसम का 'यू-टर्न', कोहरे व सर्द हवाओं से कांपे हाड़



सुबह 7 बजे कोहरे के कारण वाहनों की लाइट जलाकर जाते लोग। अमृत विचार



अलाव तापकर ठंड से बचाव करते लोग। अमृत विचार



रात में कोहरे के चलते लाइट जलाकर निकलते वाहन सवार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले में शुक्रवार देररात से मौसम के मिजाज में आए अचानक बदलाव ने आम जनजीवन की रफ्तार थाम दी है। घने कोहरे व बर्फीली हवाओं के कारण शनिवार सुबह पूरा जिला सफेद चादर में लिपटा नजर आया। जिससे कड़ाके की ठंड रही।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को जिले का न्यूनतम तापमान 9 व अधिकतम 21 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। करीब 5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली पछुआ हवाओं ने गलन बढ़ा दी। शनिवार को दिन भर सूरज के तेवर नरम रहे जिससे लोगों को धूप का सहारा भी नहीं मिल सका। घने कोहरे का सबसे अधिक असर परिवहन पर पड़ा है। विजिबिलिटी कम होने से कई लंबी दूरी की ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों लेट चल रही हैं। लखनऊ-कानपुर हाईवे समेत मुख्य सड़कों पर दृश्यता कम रही। वाहन चालक दिन में भी फॉग लाइट जलाकर रेंगते रहे। पुलिस प्रशासन ने हाईवे पर चल रहे वाहनों के चालकों को विशेष सावधानी बरतने व गति नियंत्रित रखने की हिदायत दी। ठंड के चलते बाजारों में सुबह के समय चहल-पहल काफी कम रही। लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं।

**ब्रेकडाउन से पांच घंटे ठप रहा फीडर: शुक्लागंज उन्नाव:** शनिवार तड़के हुए ब्रेकडाउन से फीडर चार से जुड़ी विद्युत आपूर्ति करीब पांच घंटे तक बाधित रही। जिससे हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। तड़के तीन बजे फीडर चार अचानक ब्रेकडाउन में चला गया। इस कारण बिंदा नगर, श्रीनगर, ब्रह्म नगर, पोनी रोड झंडा चौराहा, डाकतार कॉलोनी, मालवीय नगर, झां नगर सहित कई मोहल्लों की आपूर्ति ठप हो गई। सुबह पांच बजे तक आपूर्ति बहाल न होने पर लोगों ने पावर हाउस में फोन कर जानकारी ली। तब फॉल्ट की सूचना मिली। सुबह बिजली न रहने से घरों की दिनचर्या प्रभावित हो गई। पानी की मोटरें व सबमर्सिबल पंप बंद रहे। जिससे पानी की समस्या खड़ी हो गई। कई स्कूली बच्चों को बिना लंच के स्कूल जाना पड़ा। लोगों का कहना है कि गुरुवार व शुक्रवार को भी मेंटेनेंस के नाम पर 5-5 घंटे की कटौती की गई थी। शनिवार को ब्रेक डाउन ने परेशानी और बढ़ा दी। कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग कर सुबह सात बजे फॉल्ट तलाशा और मरम्मत शुरू की।

**कोहरे ने थामी ट्रेनों की रफ्तार: शुक्लागंज, उन्नाव:** शुक्रवार रात छाए भीषण कोहरे का असर शनिवार को रेल संचालन पर साफ दिखा। गंगाघाट रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली कई प्रमुख ट्रेनें घंटों विलंबित रहीं। जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। सुबह 11:40 बजे रवाना होने वाली शताब्दी एक्सप्रेस करीब 2:45 बजे स्टेशन से गुजरी। इसी तरह 11:15 बजे आने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस लगभग 2:15 बजे पहुंची। दोपहर 12:30 बजे वाली एलकेएम 3:35 बजे आई। ऊंचाहार डाउन जो सुबह 6:00 बजे आत है वह दोपहर 12:30 बजे स्टेशन से गुजरी। वैशाली एक्सप्रेस जिसका समय रात 2:30 बजे का है वह सुबह 7:45 बजे रवाना हुई। वहीं सुबह 7:00 बजे आने वाली एलकेएम लगभग 9:00 बजे पहुंची। उन्नाव, लखनऊ व आसपास के स्टेशनों की ओर जाने वाले यात्रियों को इंतजार करना पड़ा और ठंड में प्लेटफॉर्म पर समय बिताना पड़ा।

## मौसम बदलते ही बीमारियों ने बढ़ाए कदम पीएचसी में 175 मरीजों की हुई ओपीडी

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** अचानक बदले मौसम व दोबारा बढ़ी सर्दी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर साफ दिख रहा है। शनिवार को न्यू पीएचसी सहित सीएचसी व निजी क्लीनिकों में मरीजों की भीड़ उमड़ी। सुबह से अस्पताल परिसर में लंबी कतारें लग गईं। ओपीडी सुबह 10 बजे शुरू हुई। लेकिन उससे पहले ही पर्चा काउंटर पर मरीजों की लाइन लग चुकी थी। डॉ. राजेश चंद्रा व डॉ. अक्षय कुमार ने मरीजों का परीक्षण किया। अधिकांश मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार, चर्म रोग, शरीर में दर्द व अकड़न की शिकायत लेकर पहुंचे। तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव व हालिया बारिश के बाद बढ़ी ठंड को बीमारियों के बढ़ने का मुख्य कारण बताया जा रहा है। पीएचसी में 175 मरीजों की ओपीडी की गई। जिसमें बड़ी संख्या बुखार, सर्दी-जुकाम व पेट संबंधी समस्याओं से ग्रसित रही। डॉक्टरों के अनुसार इस समय वायरल संक्रमण व त्वचा संबंधी रोगों के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। चिकित्सकों ने लोगों को मौसम के अनुरूप गर्म कपड़े पहनने, साफ-सफाई रखने व ठंडी चीजों से परहेज करने की सलाह दी है।

## कोहरे और बर्फीली हवाओं से बढ़ी ठिठुरन

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** जनवरी के अंतिम दिनों में एक बार फिर ठंड ने प्रचंड रूप धारण किया है। कड़ाके की सर्दी से आमजन कांप उठे हैं। शनिवार को घने कोहरे व बर्फीली हवाओं ने पारा और नीचे गिरा दिया। जिससे लोग ठिठुरने को मजबूर रहे। सुबह से नगर व आसपास के इलाके कोहरे की सफेद चादर में लिपटे रहे। दृश्यता कम होने से सड़कों पर वाहन रेंगते रहे और चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। शुक्रवार रात से ही कोहरा गिरना शुरू हो गया था। कोहरा बारिश की बूंदों की तरह बरस रहा था। शनिवार सुबह जब लोगों की नींद खुली तो चारों ओर घना कोहरा छाया था। सर्द हवाओं ने सर्दी का असर और बढ़ा दिया। तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। बाजारों में चहल-पहल कम रही और लोग जरूरी काम से ही बाहर निकले। वहीं दोपहर को धूप निकली लेकिन वह नाकाफी रही। शाम होते ही दोबारा सर्दी बढ़ने से लोग बेहाल हो गये। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी व बारिश का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक सर्दी से राहत मिलने की संभावना कम है।




कोहरे के चलते स्टेशन से रेंगते हुए जाती अमृत भारत एक्सप्रेस। अमृत विचार

# बाल क्रीड़ा स्पर्धा में बिछिया ओवरऑल चैंपियन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर के जीआईसी मैदान में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 45वीं जनपदीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता व सांस्कृतिक समारोह 2025-26 के आयोजन के दूसरे दिन डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया।

प्रतियोगिता के समापन पर परिणामों की घोषणा हुई। इसमें बिछिया ब्लॉक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 239 अंक पाए और ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। डीएम ने कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रथम सीढ़ी है। शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे कमजोर बच्चों को भी खेल की मुख्यधारा से जोड़ें। कहा कि खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक व बौद्धिक विकास भी होता है। ग्रामीण क्षेत्रों की इन प्रतिभाओं को निखारना ही मुख्यमंत्री जी की मंशा है। नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानु मिश्रा ने कहा कि हार से डरना नहीं चाहिये क्योंकि हार ही सफलता का रास्ता खोलती है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना ही सकारात्मकता की ओर पहला कदम है। खेलों के साथ सांस्कृतिक मंच पर भी बच्चों का जलवा रहा। देवारा कला की छात्रा द्वारा प्रस्तुत विशेष व्यायाम की तकनीक सराहनीय रही। यूपीएस मिर्री कला की छात्रा सुभाषिनी ने 'मां काली' थीम पर नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डीएम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय (बालिका वर्ग) की 100 मीटर दौड़ के विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र दिये। वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी व नगर पालिका अध्यक्ष ने बालक वर्ग के विजेताओं को सम्मानित किया। समापन पर राष्ट्रगान के साथ झंडा उतारा गया। इसमें डीआईओएस सुनील दत्त, बीएसए सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिका मौजूद रहे।



शील्ड के साथ बिछिया ब्लॉक के छात्र व अतिथि। अमृत विचार

## बाइक व साइकिल भिड़ंत में युवक की मौत, अधेड़ घायल

**उन्नाव, अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव हिम्मतखेड़ा गांव निवासी पवन (30) पुत्र बसंत शनिवार की शाम करीब सात बजे बाइक से कोतवाली क्षेत्र के लंगरपुर चौराहा गया था। जहां से लौटते समय चौराहा के पास लंगरपुर गांव निवासी महेश (55) की साइकिल व बाइक में टक्कर हो गई। बाइक फिसलने से पवन सिर के बल गिर कर गंभीर घायल हो गया। वहीं महेश को भी चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद पवन को मृत घोषित कर दिया। वहीं साइकिल सवार महेश को जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे की खबर पर पहुंचे परिजन उसका शव देख कर बेहाल हो गए। पत्नी सुनीता तो पति का शव देख कर अचेत हो गई। जिसे किसी तरह लोगों ने संभाला। वहीं मां इंद्राणा सहित सभी परिजन बेहाल रहे। कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव ने बताया कि शव को मोर्चरी भेजा जा रहा है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।



उन्नाव रेलवे स्टेशन से रवाना होती टीम। अमृत विचार

## क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए उरई रवाना हुईं बेटियां

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसो. जालौन के तत्वावधान में रविवार से होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर महिला क्रिकेट स्पर्धा में हिस्सा लेने शनिवार को उन्नाव की टीम उरई रवाना हुई। जिला क्रिकेट एसो. के ओम मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए संतुलित टीम का चयन हुआ है। टीम का नेतृत्व प्रतिभा भारती कप्तान के रूप में करेंगी। टीम के साथ एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा मुख्य रूप से उरई रवाना हुए हैं। जो प्रतियोगिता के दौरान टीम का मार्गदर्शन करेंगे। चयनित टीम में जिले की प्रतिभावान महिला खिलाड़ियों को स्थान मिला है। जिनमें प्रतिभा भारती कप्तान, प्रिया सैनी, सेजल यादव, शेख राफिया, शिबू यादव, अपूर्वा, दुर्गा, कनक शुक्ला, दीक्षा पांडे, अलका चौहान, शिल्पा, लक्ष्मी, इला यादव व परी यादव शामिल हैं। टीम की रवानगी पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय राठी, नवीन सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव 'शंकर', राकेश अस्थाना, प्रदीप शुक्ला, वंदना शुक्ला, पंकज सिंह गौर, अमितधर द्विवेदी, अरशद साकिर हुसैन व सचिन तिवारी मौजूद रहे।

## अलग-अलग मामलों में दो दोषियों को तीन-तीन साल तथा एक को दो साल की मिली सजा

**संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार।** 30 अगस्त 2007 को औरास थाना पुलिस ने हरदोई जिला के कासिमपुर थानांतर्गत गांव चांद बैजा निवासी जंगीलाल व औरास थानांतर्गत गोडवा गांव निवासी अय्यूब के विरुद्ध गैंग बनाकर लोगों को धमकाकर अवैध धन अर्जित करने के आरोप में गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। मामले की विवेचना तत्कालीन एसओ बृज किशोर ने करते हुए पर्याप्त साक्ष्य एकत्र कर 12 फरवरी 2008 को चार्जशीट कोर्ट में पेश की थी। इसके अलावा सफीपुर कोतवाली पुलिस ने 28 मई 2015 को क्षेत्र के गांव करौंदी निवासी राजेश के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़ कर जेल भेजा था। सभी मामले तभी से कोर्ट में विचाराधीन थे। शनिवार को मामलों की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। इसमें न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक हरीश अवस्थी, विश्वास त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत दलीलों व साक्ष्यों के आधार पर तीनों को दोषी ठहराया और कोर्ट ने जंगीलाल व अय्यूब को 3-3 साल व राजेश को 2 साल की सजा सुनाई। तीनों पर 5-5 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

# आयुष्मान वार्ड का किया उद्घाटन

**उन्नाव, अमृत विचार।** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेवाई) के तहत जिला महिला अस्पताल में 8 बेड का डेडिकेटेड आयुष्मान वार्ड तैयार हुआ है। इसमें आयुष्मान कार्डधारक महिलाओं को बेहतर व निःशुल्क चिकित्सकीय सुविधाएं मिलेंगी। शनिवार को डीएम गौरांग राठी ने फीता काटकर वार्ड का शुभारंभ किया। बता दें कि शासन के निर्देश पर सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए विशेष वार्ड बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला महिला अस्पताल में यह आधुनिक आयुष्मान वार्ड स्थापित किया गया है। जहां गर्भवती महिलाओं व सीजर डिलीवरी के बाद की जरूरत वाली महिलाओं को भर्ती कर इलाज किया जाएगा। उद्घाटन के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सकों व स्टाफ को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण व संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं देने के निर्देश दिए। जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. फौजिया अंजुम ने बताया कि वार्ड अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें आठ आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक बेड लगाए गए हैं। जिन्हें रिमोट से संचालित किया जा सकता है। साथ ही हर बेड पर मॉनिटर लगा है और हर बेड पर पर्दे लगाए गए हैं। इस दौरान प्रभारी सीएमओ डॉ. हरि नंदन प्रसाद, डॉ. तौसीफ, डॉ. अल्का, अखिलेश, शुभांशु आदि चिकित्सक व कर्मचारी मौजूद रहे।



उद्घाटन करते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

# मतदाता सूची सत्यापन अभियान हुआ तेज

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिका क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को गति दी गई है। क्षेत्र के 72 मतदान केंद्रों पर बीएलओ को तैनात कर सत्यापन हो रहा है।

शनिवार को एडीएम सुशील कुमार व एसडीएम क्षितिज द्विवेदी ने कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति परखी और मातहतों को निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने नगर पालिका, ओपीजेडी, एसपीजेडी, गोपीनाथपुरम समेत आधा दर्जन से अधिक बूथों का जायजा लिया। एडीएम ने बीएलओ को निर्देश दिये कि जिन मतदाताओं को नोटिस जारी हुई है उन्हें समय से सूचित कर सुनवाई सुनिश्चित कराएं। जिनके फार्म अब तक जमा नहीं हो सके हैं उनके फार्म तत्काल जमा कराएं। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान के दौरान सभी बूथों पर बीएलओ व एईआरओ मौजूद हैं। बूथों पर फार्म 6 (नया नाम जोड़ने), फार्म 7 (नाम विलोपन) व फार्म 8 (संशोधन) लिए जा रहे हैं। जो नागरिक किसी कारणवश आवेदन नहीं कर पाए थे उन्हें भी मौके पर फार्म भरवाए जा रहे हैं। साथ ही नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया भी तेज की गई है।



बीएलओ को निर्देश देते एडीएम व एसडीएम। अमृत विचार

# मतदान को उमड़े अधिवक्ता, 2183 ने डाले वोट

**उन्नाव, अमृत विचार।** प्रदेश बार काउंसिल चुनाव की मतदान प्रक्रिया शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। दूसरे दिन सुबह से ही अधिवक्ता अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने को केंद्रों पर कतार में नजर आए। शुक्रवार व शनिवार को जिले के कुल 2394 अधिवक्ताओं में 2183 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बार काउंसिल ऑफ उप्र के सदस्य पद के लिए प्रदेश भर से 333 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसके लिए जिला न्यायालय के सेंट्रल हाल को मुख्य मतदान केंद्र बनाया गया। जहां अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए 20 काउंटर व बूथ स्थापित किए गए थे। शुक्रवार को मतदान के पहले दिन उन्नाव, सफीपुर व पुरवा क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ था। पहले दिन उन्नाव में 820, सफीपुर में 41 व पुरवा में 62 अधिवक्ताओं ने मतदान किया था। वहीं शनिवार को मतदान में तेजी देखने को मिली। रिटर्निंग ऑफिसर की देखरेख में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान प्रक्रिया सुबह से शुरू हुई। इस दौरान प्रत्याशियों के समर्थक मतदाताओं से अपने-अपने पक्ष में मतदान की अपील करते नजर आए। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदान स्थल के आसपास पुलिस कर्मी तैनात रहे। मतदाता सूची के सत्यापन और पहचान पत्र की जांच के बाद ही वोट डालने की अनुमति दी गई। चुनाव अधिकारी व अपर जिला जज मनीष निगम ने बताया कि शनिवार को जिला न्यायालय स्थित मतदान केंद्र पर 1171 अधिवक्ताओं ने मतदान किया।




मतदान केंद्र के बाहर लगी मतदाताओं की भीड़। अमृत विचार

## डीजल डालने से भड़की आग, महिला झुलसी

**सफीपुर, उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ददलहा गांव के मजरे कंसापुरवा निवासी रघुबीर मौर्या की पत्नी सीमा (50) शनिवार शाम पड़ोसी विनोद के घर के बाहर अलाव तापने गई थी। पति रघुबीर ने बताया कि अलाव की आग ठंडी होते देख वह घर से डीजल की केन उठा लाई और आग पर उड़ेल दिया। डीजल डालते ही भड़की आग की चपेट में आकर वह धू-धूकर जलने लगी। साथ आग ताप रहे ग्रामीणों ने किसी प्रकार आग को काबू किया लेकिन तब तक सीमा 60 फीसदी झुलस चुकी थी। परिजन एंबुलेंस से उसे सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया।

## महिला सीएमएस पद से हुईं सेवानिवृत

**उन्नाव, अमृत विचार।** प्रशासनिक पद की 62 वर्ष की उम्र पूरी होने पर जिला महिला चिकित्सालय की सीएमएस डॉ. फौजिया अंजुम नोमानी शनिवार को अपने पद से सेवानिवृत हो गईं। आयुष्मान वार्ड के उद्घाटन के बाद उन्हें विदाई दी गयी। हालांकि वह अभी अपने सेवाकाल के शेष 3 वर्षों के लिए कायाकल्प विभाग से जुड़ी रहेंगी। इसके लिए उन्हें तीन जिलों का नोडल बनाया गया है। वहीं महिला चिकित्सालय के सीएमएस का चार्ज डॉ. अरविंद आनंद को मिला है।

## डीएम ने शिक्षिका को दिया अपना पुरस्कार



पीटी का प्रदर्शन करते छात्र। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** जीआईसी प्रांगण में बेसिक स्कूलों की खेलकूद प्रतियोगिता में विखं सिकंदरपुर सिरोसी के प्रावि देवारा कला के छात्रों का पीटी प्रदर्शन को देख डीएम गौरांग राठी व अतिथियों ने ताली बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसमें पुरस्कार देने वालों की झड़ी लग गई। यहां तक डीएम ने वहां की शिक्षिका शिखा मिश्रा को आयोजकों द्वारा उन्हें दिया गया प्रतीक चिन्ह भी भेंट कर दिया।

## बोर्ड परीक्षा के चलते नहीं मिलेगा अवकाश

**उन्नाव, अमृत विचार।** डीआईओएस सुनील दत्त ने कहा कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की वर्ष 2026 परीक्षाएं 18 फरवरी से विभिन्न परीक्षा केंद्रों में शुरू हो रही हैं। परीक्षा जैसे अति महत्वपूर्ण कार्यों के दृष्टिगत राजकीय, माध्यमिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्य, शिक्षक, कर्मचारी को किसी भी प्रकार का कोई अवकाश स्वीकृत नहीं होगा। विषम परिस्थिति में अधोहस्ताक्षरी से अनुमति लेकर संज्ञानित किये जाने के बाद विचार किया जायेगा। इसका अनुपालन न करने व आदेशों की अवहेलना व उल्लघंन करने की स्थिति से परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य बाधित होने पर संबंधित प्रधानाचार्य, शिक्षक के विरुद्ध बोर्ड परीक्षा अधिनियम नियमावली के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तदायित्व सम्बन्धित कार्मिक का होगा। आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

## पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**उन्नाव, अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत राजाबाग चौकी क्षेत्र के गांव मकदुमपुर चुरमा में शनिवार भोरपहर गांव के युवक शव आम के पेड़ से लटका देख लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। मकदुमपुर चुरमा गांव निवासी सूरज (21) पुत्र रामऔतार मजदूरी करता था। शनिवार सुबह खेत जाने निकले ग्रामीणों ने उसका शव गांव से 100 मीटर आगे बाग में लगे आम के पेड़ में मफलर के फंदे से लटका देख लोग एकत्र हो गए। वहां पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। चौकी पुलिस ने जांच कर शव नीचे उतरवाया। कोतवाली प्रभारी ने परिजनों से पूछताछ की लेकिन वह कारण नहीं बता सके। भाई रामू ने बताया कि वह 4 भाइयों में तीसरे नंबर पर था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

## डीएम व एसएसपी ने खंगाली जेल, दिए निर्देश

**उन्नाव, अमृत विचार।** शनिवार को डीएम गौरांग राठी एसएसपी जयप्रकाश सिंह के साथ जिला जेल पहुंचे। जहां उन्होंने पहले उच्च सुरक्षा बैरक का निरीक्षण किया। इसके बाद दोनों अफसरों ने अन्य बैरकों का भी निरीक्षण कर रैंडम चेकिंग भी कराई। बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को सुना और जेल प्रशासन को जेल मैनुअल के मुताबिक सभी सुविधाएं देने के निर्देश दिए। रसोई स्थल व अस्पताल का जायजा लेने के साथ सफाई व्यवस्था को चेक किया। बंदियों के संबंध में जानकारी करने पर जेल अधीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि इस समय 840 बंदी/कैदी जेल में निरुद्ध हैं।

## स्कूलों में हुईं यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं

**उन्नाव, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं शनिवार को जिले के 38 इंटर कॉलेजों में संपन्न हुई। जबकि 154 विद्यालयों में संपूर्ण विषय भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, भूगोल आदि की प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न हो गईं। जिले के 208 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, भूगोल, व्यावसायिक ट्रेड, सिलाई आदि विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं होनी थीं। कंट्रोल प्रभारी रामचंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को 38 केंद्रों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं हुईं। इसके चलते 154 विद्यालयों में संपूर्ण विषय की परीक्षाएं संपन्न हो गई हैं। जबकि अन्य केंद्रों में कुछ विषयों की परीक्षाएं संपन्न हुई हैं। लौह पुरुष सरदार पटेल इंटर कॉलेज चंडीगढ़ी की भूगोल की प्रयोगात्मक परीक्षा इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि बोर्ड द्वारा नियुक्त परीक्षक के पारिजनों के निधन के कारण उन्होंने आने में असमर्थता व्यक्त की है। बता दें कि 14 फरवरी तक जिले के सभी विद्यालयों में परीक्षा संपन्न होने के निर्देश बोर्ड सचिव द्वारा दिए गए थे।

## चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास, गिरकर हुई मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** उन्नाव जंक्शन पर चढ़ती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में गिरे युवक की स्लीपर से टकराकर मौत हो गई। साथियों की सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी भेजा गया है। बता दें कि औरास थानाक्षेत्र के लोधाटिकुर गांव निवासी उमेश पाल (35) पुत्र मैकूलाल बेंगलुरु में एक नर्सरी में गमले बनाने का काम करता था। इधर कुछ दिन की छुट्टी पर गांव लौट था। शनिवार दोपहर अपने साथियों लवकुश पुत्र कल्लू, दिनेंद पुत्र रामनरेश व एक अन्य साथी के साथ उन्नाव जंक्शन से ट्रेन पकड़ने आया था। लवकुश के मुताबिक वे गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस के जर्नल कोच में चढ़ने के लिए प्लेटफॉर्म-2 के छोर पर खड़े थे। जगह मिलने के प्रयास में उमेश चढ़ती ट्रेन में चढ़ने लगा। तभी उतरने वाले यात्री का धक्का लगने से वह नीचे गिर गया और उसका सिर स्लीपर से टकरा गया। साथियों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में उसे भर्ती कर इलाज शुरू होने के कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। साथी से मिली सूचना पर मोर्चरी पहुंचे बड़े भाई दिनेश ने बताया कि वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके तीन बेटियां में साक्षी, शिवाक्षी व तीसरी 15 दिन पहले जन्मी है। पत्नी की डिलीवरी के लिए उमेश गांव आया था। उसकी मौत से पत्नी मंजू, मां शांति व भाई संगीत बेहाल है। आरपीएफ व जीआरपी ने घटना के संबंध में मेमो मिलने से इंकार किया है।

## आचार्यों ने कराया यज्ञ और हवन

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** श्री भगवती यज्ञ सेवा समिति के तत्वावधान में पोनी रोड डॉकतार कॉलोनी में आयोजित 16वां श्री सहस्त्र चंडी महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को आयोजन हुआ। प्रात: काल आचार्यों ने यज्ञ व हवन कराया। रविवार को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कथा के अंतिम दिन व्यास श्रीहित आकाश महाराज ने सुदामा प्रसंग का वर्णन कर कहा कि देख सुदामा की दीन दशा, करुणा कर करुणानिधि रोए, पानी परात को हाथ छुओ नहिं, नैनन के जल से पग धोए। भगवान श्रीकृष्ण को जब ज्ञात हुआ कि उनके परम सखा सुदामा मिलने आए हैं तो वे नंगे पांव ही महल से बाहर दौड़ पड़े और गले लगाकर उन्हें सिंहासन पर बैठाया। कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस दौरान राधा-कृष्ण, फूलों की होली, शंकर-पार्वती व शिव तांडव की झांकियां कलाकारों ने प्रस्तुत कीं। जिसे देख श्रद्धालु झूम उठे। इस दौरान यज्ञ यजमान राजेश बाजपेई, सुरेश दीक्षित, राजकुमार अग्रवाल, निर्भय मिश्रा, उमेश त्रिपाठी, सुरेश शुक्ला, हरीशंकर शुक्ला, उमेश तिवारी, अशोक दुबे, विनय तिवारी, भरत भुवनेश तिवारी व अनिल अवस्थी आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### जातिगत जनगणना को लेकर किया प्रदर्शन

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** ओबीसी महासभा अंबेडकर सेवा समिति ने संयुक्त रूप से जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर शनिवार को दोपहर अंबेडकर पार्क में एकत्रित होकर प्रमुख मार्गों पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंप कर जातिगत जनगणना कराने और यूजीसी लागू करने की मांग की। महासभा के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश शर्मा के नेतृत्व में ओबीसी के अतिरिक्त एससी एसटी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में अंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए। यहां से एक जुलूस में नारेबाजी करते हुए डाक बंगले के सामने से ब्लाक चौराहा होते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार संतोष कुशवाहा को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया पिछले सात वर्षों से ओबीसी महासभा जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर लगातार ज्ञापन दे रही है। उसके बाद भी जनगणना प्रपत्रों में ओबीसी का कॉलम नहीं जोड़ा गया। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि अगर ऐसा नहीं होता है तो संगठन मजबूरन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर सभासद आदित्य गौतम, जगजीत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जीआरपी ने झपटमार को पकड़ा, गहने बरामद

**हरदोई, अमृत विचार।** ज़हर खुरान और झपटमारी के खिलाफ एक्शन में आई जीआरपी टीम ने शातिर झपटमार को पकड़ लिया, वह कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल धियर महोलिया की आड़ में छिपा हुआ था, उसके पास से कान का कुण्डल और पायल बरामद की है, जिनकी कीमत करीब 30 हज़ार बताई जा रही है। युवक ने अपना नाम नन्हे पण्डित निवासी मामपुर थाना टड़ियावां बताया है, उसने बताया कि वह ट्रेनों में झपटमारी करता था।

# ट्रक के नीचे घुसी बाइक, चालक बाल-बाल बचा

## यमदूत बनकर दौड़ रहे ओवरलोड ट्रक, पुलिस प्रशासन बना हुआ है मूक दर्शक

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** ओवरलोडिंग वाहन सड़कों पर यमदूत बनकर दौड़ रहे है, जिसके चलते आएदिन लोग अपनी जान गवां रहे हैं। ऐसा ही एक वाक्या नगर के मुख्य चौराहे पर पुलिस पिंक बूथ के सामने देखने को मिला, जहां कोथावां की तरफ से आ रहे ओवरलोडिंग गन्ना ट्रक ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया, जिसमें चालक बाल-बाल बच गया।



ट्रक के नीचे घुसी बाइक।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दिलीप वैश्य पुत्र बुद्धसेन वैश्य निवासी बेनीगंज अपने बस स्टाप स्थित प्रतिष्ठान से मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे, तभी कोथावां की तरफ से आ रहे गन्ना लदे ओवरलोड ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। तेज टक्कर की वजह से मोटरसाइकिल के नीचे घुस गई, जिसमें मोटरसाइकिल चालक बाल-बाल बच गया। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा पुलिस पिंक बूथ के ठीक सामने हुआ जिसकी मुख्य वजह पिंक बूथ पर पुलिस कर्मियों का ड्यूटी पर तैनात न होना है।

### कार में पीछे से टकराई बाइक, युवक गंभीर

**औरास उन्नाव, अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत कोरोरा गांव निवासी गौरव सिंह पुत्र उदय प्रताप (28) शनिवार को बाइक से तोंदा गांव में दोस्त से मिलने लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन से होकर जा रहा था। तभी तोंदा गांव के पास आगे चल रही कार को ओवरटेक करने के दौरान बाइक पीछे से कार में टकरा गई। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने उसे सीएचसी औरास पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### ओवरटेक को लेकर हुए विवाद में 4 को पीटा

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कस्बे के किला बाजार मोहल्ले में बाइक ओवरटेक करने में हुए विवाद में ट्रैक्टर चालक सहित 4 लोगों की पिटाई कर दी गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 5 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव पवारन खेड़ा निवासी सहदेव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह भट्ठे पर ईंट भरने व उतारने का काम करता है। गुरुवार शाम वह भट्ठे से ईंट उतारने सफीपुर कस्बा के किला बाजार मोहल्ला आया था। तभी किला बाजार निवासी रंजीत के घर के बाहर गाड़ी को ओवरटेक करने को लेकर नशे में धुत बड्डके व नरेश गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया और उससे लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। सहदेव को बचाने पहुंचे उसके भतीजे आकाश, शिवम व विकास को बेरहमी से पीट दिया।

### काश्तकार ने तनाव में आकर लगाई फांसी

**हरदोई, सांडी, अमृत विचार।** इकलौती बेटी की शादी के बाद से डिप्रेशन के शिकार हुए अधेड़ ने आधी रात को कमरा बंद कर अपने गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली, इसका पता होने पर कोहराम बरपा हो गया, वहां पहुंची पुलिस ने दरवाज़े तोड़ कर शव बाहर निकाला और मामले की जांच शुरु कर दी। साण्डी सैतियापुर निवासी (50) कृष्ण बिहारी उर्फ डोली ने शुक्रवार की रात घर वालों के साथ खाना खाया। उसके बाद एक-एक सारे लोग सोने चले गए, कृष्ण बिहारी उर्फ डोली कमरें में चला गया और दरवाज़े बंद कर लिए, उसी बीच आधी रात के करीब ढ़ाई बजे वहींगमछे से फांसी लगा ली, पता होते ही कोहराम बरपा हो गया।




पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.: वमंविइ-टीआरडी-लज-ओटी-193; कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में सहजनवा स्टेशन पर BV रिवर्सल साइडिंग के साथ दो गुड्स स्टेबिंग लाइनों का इलेक्ट्रिफिकेशन; **ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय:** 10.03.2026 को 15:00 बजे; **ई-निविदा खुलने की तिथि व समय:** 10.03.2026 को 15:30 बजे; **अनुमानित लागत:** ₹2,42,87,688.17; **बयाना राशि:** ₹2,71,400/-; **निविदा मूल्य:** ₹ 0.00; **कार्य सम्पादन की अवधि:** 09 माह; **नोट: 1.** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। **2.** विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी

मुजाधि/विद्युत-271 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# पीड़ित महिला अधिवक्ता ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

संवाददाता, हरदोई/कछौना

**अमृत विचार।** लखनऊ मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर में हुआ यह सीटी स्कैन कोई साधारण मेडिकल दस्तावेज़ नहीं, बल्कि एक ज़िंदा इंसान पर टूटे अमानवीय अत्याचार की खामोश चीख है। खोपड़ी की हड्डियों में पड़ी गहरी दरारें, बिखरे फ्रैक्चर और चेहरे की टूटी बनावट साफ़ बता रही है कि सलीम पर लाठियों की बरसात सिर्फ उसे मारने के लिए नहीं, बल्कि उसे कुचल देने के इरादे से की गई थी। यह रिपोर्ट सिर्फ सिर की है... जबकि शरीर की कई हड्डियां चकनाचूर हो गई हैं!

दबंग हमलावरों के कहर का शिकार हुए सलीम आज भी आईसीयू में ज़िंदगी और मौत से जूझ रहा है। सिर और चेहरे की कई हड्डियां चूर-चूर हैं, जबड़ा बुरी तरह टूटा हुआ है और दिमाग को गंभीर चोट पहुंची है। मशीनों की बीप-बीप के बीच उसकी हर सांस परिवार के लिए दुआ बन गई है। आईसीयू के बाहर बैठी उसकी अधिवक्ता पत्नी फिरदौस जहां की आंखों में नींद नहीं—सिर्फ़ इंतज़ार है। वही महिला जिसने अदालतों में खड़े होकर न जाने कितनों को न्याय दिलाया, आज अपने ही पति के लिए इंसाफ़ की भीख मांगने को मजबूर है। फिरदौस जहां ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और एसपी अशोक कुमार मीणा से हाथ जोड़कर गुहार लगाई है कि इस जघन्य हमले के मुख्य आरोपी प्रधान प्रतिनिधि नसीम, उसके भाई कछौना पतसेनी के प्रधान मुख्तार की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। उनका कहना है कि जब तक सरगना खुलेआम घूमता रहेगा, तब तक न्याय सिर्फ काग़ज़ों में ही सिमटा रहेगा। लोगों के बीच ऐसा कहा जा रहा है कि दिनदहाड़े और सरे-राह किया गया हमला किसी क्षणिक गुस्से का नतीजा नहीं, बल्कि दबंगई और सत्ता के नशे में रची गई हिंसा है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब सलीम आईसीयू में है, तो अब तक कहर बरपाने वाले हमलावर सलाखों के पीछे क्यों नहीं हैं?



घटना की जानकारी देती अधिवक्ता फिरदौस जहां।

### हमलावर कोटेदार का कोटा निलंबित

**हरदोई/कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** अधिवक्ता पति के ऊपर हुए हमले में नामज़द शरीफ का कोटा (सदर बाज़ार) जिला पूर्ति अधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक संडीला की आख्या पर निलंबित कर दिया है और उसको कछौना बाजार पश्चिमी में अटैच कर दिया है। जिला पूर्ति अधिकारी ने दिए गए आदेश में बताया है कि कछौना थाने पर नसीम समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और कार्यवाही प्रचलित है। इसमें मोहम्मद शरीफ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है इसकी पुष्टि वार्ड संख्या 3 के सदस्य रेखा देवी द्वारा भी की गई है। आदेश में कहा गया है कि ऐसे में मोहम्मद शरीफ का कोटा निलंबित करते हुए कार्ड धारकों को आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करने हेतु अबरार अहमद उचित दर विक्रेता की दुकान से संबद्ध किया गया है और यह संबद्धता अग्रिम आदेशों तक के लिए है। आदेश में कहा गया है कि मोहम्मद शरीफ के परिजनों को निर्देशित किया जाता है कि वह दुकान से संबंधित उपलब्ध खाद्यान्न आवश्यक वस्तु में ई-पास मशीन बैंक स्केल चार्जर व अन्य सामग्री नियमानुसार संबंधित विक्रेता को हस्तांतरित कर दें।


आवश्यकता है

**दिव्य कृपाल महाविद्यालय गोसवा मल्लावां हरदोई में**

परास्नातक जन्तुविज्ञान में 04 पद परास्नातक शिक्षाशास्त्र में 04 पद व स्नातक बी0ए0 में इतिहास 04 पद व राजनीति विज्ञान 04 पद तथा स्नातक बी0सी0ए0 -15 पद योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार।

आवेदन

divyakripalpgcollege@gmail.com, 9161797179 पर भेजे

प्रबन्धक **श्री राकेश कुमार वर्मा**

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने छोटे पुत्र अंकित वर्मा को गलत संगत में पड़ जाने और नशे के आदि हो जाने के कारण मैंने उससे सभी संबंध समाप्त कर लिया है तथा घर से अलग कर सभी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व अपराधी कृत्य तथा पैसे लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार जनों का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा।

**कान्ती देवी पत्नी विजय कुमार निवासिनी आनन्द नगर जेल रोड थाना कोतवाली नगर जिला रायबरेली**

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या : NER-BSB0SnT-OT-02-2026

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली ई-निविदा" आमंत्रित की जाती है।

**क्रमांक :** 1, **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम : NER-BSB0SnT-OT-02-2026 : कार्य का नाम :** बनारस (एक्स)-प्रयागराज रामबाग और औनिहार-जौनपुर (16 स्टेशन) के बीच इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (क्योसन) की नेटवर्किंग सेंट्रलाइज्ड मेंटेनेंस और डायग्नोसिस के लिए, साथ ही VDU के लिए पावर सप्लाई व्यवस्था के TAN कंप्लायंस का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,22,03,738.36, **बयाना की राशि :** रु. 2,61,000.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत :** रु. 00.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय :** 23.02.2026 को 15:00 बजे।

**1.** ई-निविदा दिनांक 23.02.2026 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा किया जा सकेगा। **2.** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार

मुजाधि/सिगनल-93 पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें


# रिटायर्ड शिक्षक की बेटी ने एफएमजीई पास कर रोशन किया नाम, क्षेत्र में खुशी

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** एक छोटे से गांव के परिषदीय विद्यालय से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने वाली बेटी ने अपनी मेहनत व लगन से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एग्जाम (एफएमजीई) उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद उसने कठिन परिश्रम से यह मुकाम पाया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों व अभिभावकों में शिक्षा के प्रति नया उत्साह और विश्वास जगा है। बांगरमऊ क्षेत्र के गांव मदार नगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रहमत अली की बेटी डॉ. सना सैय्यद ने प्रारंभिक स्कूली शिक्षा गांव के प्राथमिक विद्यालय से पूरी की। हाईस्कूल व इंटर की पढ़ाई बांगरमऊ के आरडीएस इंटर कॉलेज से पूरी करने के बाद डॉ. सना सैय्यद ने रूस की नॉर्दर्न मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस में दाखिला लिया और वहां से एमबीबीएस परीक्षा पास करने के बाद देश की प्रतिष्ठित परीक्षा फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जाम को पहले प्रयास में उत्तीर्ण किया है। रहमत अली की बेटी डॉ. सना सात भाई बहनों में छोटी हैं। सना गांव की इकलौती बेटी है जिसने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। सना के गांव में खुशी का माहौल है। सना गांव की उन तमाम सरकारी स्कूलों में पढ़ रही लड़कियों के लिए प्रेरणा भी है। पिता रहमत अली व माता शामिना ने हज जैसी पवित्र यात्रा को रोककर बेटी को डॉक्टर बनने के लिए रूस भेजा। सना ने कठिन परिश्रम से एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसी दौरान उनकी माता शामिना का निधन हो गया लेकिन, वह अपने पक्के इरादों से विचलित नहीं हुई। प्राथमिक विद्यालय मदार नगर के शिक्षक विजय मिश्रा बताते हैं कि सना शुरु से होशियार व परिश्रमी थी।



डा. सना सैय्यद।

### झोपड़ी में लगी आग, घोड़ा व घोड़ी की जलकर मौत, 3 गोवंश झुलसे

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** पचदेवरा थाना क्षेत्र के लखनौर गांव में शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि करीब दो बजे कमलेश मिश्रा उर्फ मठल्ले बाबा की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई, आग इतनी भीषण थी कि झोपड़ी में बंधे एक घोड़ा और एक घोड़ी की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं झोपड़ी में मौजूद तीन गोवंशों को किसी तरह बाहर निकालकर बचा लिया। इस दौरान तीनों गोवंश एवं मठल्ले बाबा स्वयं भी बुरी तरह झुलस गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक झोपड़ी और उसमें रखा समस्त सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। साधू मठल्ले बाबा ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, साधू के उपचार की व्यवस्था कराई गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित साधू को मुआवजा देने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### बाइक सवार मामा-भांजे घायल

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** दिल्ली के मोहल्ला 37 नांगलोई निवासी आनंद (18) पुत्र रमेश पांडेय अपने भांजे शिवम (17) पुत्र दिनेश पांडेय के साथ बाइक से मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने सुल्तानपुर जा रहे थे। तभी शनिवार शाम बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर गांव जोगीकोट के पास बाइक अज्ञात वाहन से टकराकर डिवाइडर से टकरा गई। इसमें मामा-भांजे सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाज़ुक देख दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **20.02.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00152026 दिनांक 30.01.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 36-SrDEN-I-LKO-2025-26 |
| 3 | **कार्य का नाम :** वरि0 खण्ड अभियन्ता/कार्य/आलमबाग-पूर्व लखनऊ के खण्ड में एसआईओ कार्यालय डीजल शेड के सामने 05 कमरों के साथ नए शेड का निर्माण और डीजल शेड आलमबाग लखनऊ में शेड विस्तार के साथ बोगी अनुभाग और उप-असेंबली के एपॉक्सी फ़्लोरिंग का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | रु० 7,94,66,511.54 |
| 5 | धरोहर राशि | रु० 5,47,300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 06.02.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 20.02.2026 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट :- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 349/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# घर के विषम हालात व आर्थिक तंगी से परेशान होकर किशोर ने दी जान

- पिता की मौत के बाद मां खेत गिरवीं रख 7 बच्चों को छोड़कर हो चुकी थी फरार
- कानपुर जेल में बंद है एक भाई

**हरदोई, अमृत विचार।** एक 16 वर्षीय किशोर ने इस लिए आत्महत्या कर ली, क्यों कि पिता की मौत के बाद उसकी मां सारा खेत गिरवी रख दिया और दिया बच्चों को छोड़कर कहीं चली गई, बड़ा भाई कानपुर जेल में बंद है, इसी वजह से उसके परिवार को आर्थिक तंगी ने जकड़ रखा था, उससे बर्दाश्त नहीं हुआ और गांव के बाहर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

बताया गया है कि सुरसा थाने के तुर्तीपुर के चन्द्रपाल के 16 वर्षीय पुत्र रोहित ने शनिवार की सुबह गांव के बाहर जयराम के खेत में दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। जैसा कि बताया गया है कि कुछ साल पहले चन्द्रपाल की मौत हो गई थी, उसके पांच बेटे और दो बेटियां थी। उसी बीच उसकी मां ने दो बीघा खेत गोविंद गुप्ता के पास 65 हज़ार में गिरवी रख कर कहीं चली गई, उधर एक बहन पहले ही आत्महत्या कर चुकी थी, उसका बड़ा भाई कानपुर में बंद है। इतना सब कुछ होने से उसके घर वाले आर्थिक तंगी में उलझे हुए थे, रोहित से उनका ऐसा हाल देखा नहीं गया और उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस के साथ पहुंची फोरेंसिक टीम जांच कर रही है।

# गंगा अवतरण नृत्य-नाटिका ने जगाई सामाजिक चेतना

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** मगहर महोत्सव के चौथे दिन शनिवार को नव अंशिका फाउंडेशन के बैनर तले एक प्रभावशाली और संदेशात्मक नृत्य-नाटिका "गंगा अवतरण" का मंचन किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्षा एवं लखनऊ की प्रतिष्ठित समाजसेविका नीशू त्यागी के नेतृत्व में प्रस्तुत इस नाट्य-प्रस्तुति ने कला के माध्यम से समाज को जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया।

नीशू त्यागी के निर्देशन में नव अंशिका फाउंडेशन की टीम ने सामाजिक सरोकारों से ओत-प्रोत इस नृत्य-नाटिका को मंच पर जीवंत कर दिया। "गंगा अवतरण" की परिकल्पना नीशू त्यागी एवं नृत्य निर्देशन अंशिका त्यागी द्वारा किया गया, जिसे दर्शकों के साथ-साथ कार्यक्रम में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों ने भी खूब सराहा। प्रस्तुति के माध्यम से समाज में जागरूकता, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक मूल्यों का सशक्त संदेश दिया गया। कलाकारों ने सशक्त अभिनय, भावपूर्ण अभिव्यक्ति और अनुशासित नृत्य के जरिए सामाजिक विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे मंचन दर्शकों के लिए स्मरणीय बन गया।


अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

पहले मेरा नाम RAJU था अब मैने बदलकर अपना नाम RAJU AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे RAJU AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O, KALLU R/O, VILL SHAHABAD POST JARGAWAN BARABANKI 225416

सूचना

मैं शिव शंकर पांडे पुत्र नानमून पांडे निवासी ग्राम जानकी नगर तहसील व जिला गोंडा अपने छोटे पुत्र सुरेंद्र उर्फ रामू पांडे के क्रियाकलापों से त्रस्त होकर अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरे पुत्र सुरेंद्र उर्फ रामू द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए मैं वह मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे डाकघर बांगरमऊ से जारी राष्ट्रीय बचत पत्र संख्या - 06 Ma 491823 में मेरा नाम लखन तिवारी अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व केवाईसी आदि दस्तावेजों में मेरा नाम तेजस्व तिवारी दर्ज है। तेजस्व तिवारी और लखन तिवारी दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे उपरोक्त दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। तेजस्व तिवारी पुत्र वरुण तिवारी निवासी मोहल्ला -गांधी नगर कस्बा - फतेहपुर चौरासी, जिला - उन्नाव

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम आशीष कुमार कश्यप पुत्र छोटे लाल कश्यप है जो मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स मे मेरा नाम आशीष कुमार पुत्र छोटे लाल अंकित हो गया है जो कि गलत है भविष्य मे मुझको मेरे सही नाम आशीष कुमार कश्यप पुत्र छोटे लाल कश्यप के नाम से जाना व पहचाना जाये। आशीष कुमार कश्यप पुत्र छोटे लाल कश्यप निवासी मकान नम्बर 8/286. सीताराम कालोनी, शुक्लागंज जिला उन्नाव-209861

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सुपुत्र लक्ष्य तिवारी (LAKSHYA TIWARI). के आधार संख्या 62673965777 में उसका नाम काव्य तिवारी दर्ज हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम लक्ष्य तिवारी है। अब भविष्य में उसे लक्ष्य तिवारी (LAKSHYA TIWARI) के नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए। एतद द्वारा मैं घोषित करता हूं कि उपरोक्त के संदर्भ में सभी औपचारिकताएं मेरे पास पूर्ण कर ली गई हैं। विवेक तिवारी, 544/1343 एकता नगर कैम्पबेल रोड़ बालागंज, लखनऊ

सूचना

सूचित हो कि विवाह के बाद मेरा नाम आंचल अग्रवाल हो गया था। किंतु अब विवाह विच्छेद के पश्चात अब मैने अपना नाम पुन: आंचल यादव कर लिया है। अब भविष्य में मुझे आंचल यादव पुत्री सुभाष कुमार यादव निवासिनी एस एस -2 डी -1 1429, कानपुर रोड, एल0डी0ए0 व एव कॉलोनी लखनऊ के नाम से जाना पहचाना जाए।

सूचना

मैं आंचल यादव पुत्री सुभाष कुमार यादव निवासिनी एस एस -2 डी -1 1429, कानपुर रोड, एल0 डी0ए0 कॉलोनी लखनऊ में मैने अपनी पुत्री का नाम पंखुड़ी से बदल कर कीर्ति कर लिया है। अब से उसे कीर्ति के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

सूचित करना है कि मेरे पिता मनोज कुमार सिंह ने दिनांक 28.07.2008 को मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी सं 218327611 कराई थी, पालिसी में मेरा नाम ANIVERSH SINGH लिखा गया था, जन्मतिथि 06.10.2007 था। पिता की मृत्यु के बाद मैंने अपना नाम बदलकर HARSH VARDHAN SINGH VISEN तथा जन्मतिथि 05-10.2007 कर दिया। यही नाम बैंक खाता, आधार व मार्कशीट में दर्ज हैं, पालिसी में हर्षवर्धन सिंह विसेन कर दिया जाए।



लखनऊ नगर निगम

टी0एन0 मार्ग, लालबाग, लखनऊ, ई-मेल: nnlko@up.nic.in, वेबसाइट: http://lmc.up.nic.in

नगर निगम जोन-7 कार्यालय में प्राप्त नाम परिवर्तन सम्बन्धी आवेदन पत्रों पर नियमानुसार नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(बी-2) की नोटिस जारी की जा चुकी हैं जिसमें निम्न विवरण के अनुसार नाम परिवर्तन प्रस्तावित है, यदि विवरण में अंकित नाम परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति साक्ष्यों सहित जोन-7 कार्यालय में प्रस्तुत कर दें, आपत्ति प्राप्त न होने पर नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

**नाम परिवर्तन, जोन-7**

| क्र. सं. | भवन संख्या व मोहल्ला | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम दर्ज होना है | नाम परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | **वार्ड: शंकरपुरवा द्वितीय** | | | |
| 1 | 655ए/3/पी-030(के-1125) आदिलनगर | नहीद अखतर | कहकशा बानों | विक्रय विलेख के आधार |
| | **वार्ड: लोहियानगर** | | | |
| 2 | 6/950ए विकासनगर | श्री आदित्य कुमार श्रीवास्तव | मोहम्मद शरीक | विक्रय विलेख के आधार |
| 3 | 2/091 विकासनगर | श्री श्याम ठाकुर | श्री शिखर सिंह ठाकुर व सुमेधा | मृत्यु के आधार |
| | **वार्ड: बाबूजगजीवनराम** | | | |
| 4 | 11/1057 सेक्टर-11 इन्दिरानगर | श्री त्रिभुवन दास | फरहाना | विक्रय विलेख के आधार |
| 5 | 16/0348 इन्दिरानगर | श्री विनय कटियार | श्रीमती बीना सिंह | विक्रय विलेख के आधार |
| | **वार्ड: लालबहादुरशास्त्री प्रथम** | | | |
| 6 | 24/505 कल्यान अपार्टमेन्ट | श्री नितिन दीक्षित | श्रीमती अंजली सिंह | विक्रय विलेख के आधार |
| | **वार्ड: शंकरपुरवा तृतीय** | | | |
| 7 | 8/0784 विकासनगर | अरशद नईम | हुसना खातून व आयशा खातून | वसीयत |
| 8 | 529सी/जी पी-031 विकासनगर | श्री अशोक कुमार पाण्डेय | श्री रामनरेश पाण्डेय | विक्रय विलेख के आधार |
| 9 | 13/029 विकासनगर | श्री हरि सिंह रावत | श्री सिद्वार्थ जोशी | विक्रय विलेख के आधार |
| | **वार्ड: इस्माइलगंज प्रथम** | | | |
| 10 | 631/030 गुरूभारतीपुरम | श्री राबिन जैन | श्री सोमेन्द्र शेखर व अनीता | विक्रय विलेख के आधार |
| | **वार्ड: इस्माइलगंज द्वितीय** | | | |
| 11 | 632/पी-20(के एच-21) विमलनगर | श्री राजेश्वर कुमार ओझा | श्री प्रवीन कुमार श्रीवास्तव व तृप्ति श्रीवास्तव | विक्रय विलेख के आधार |
| 12 | 633/जी/के एच-1261/687(पी-27ए) गोयला | राको एग्रोकेम प्रा0लि0 | श्री सुधीर कुमार रमन प्रोपराइटर रोटेकस कन्टोल | विक्रय विलेख के आधार |
| 13 | 633/फ्लैट-2 एफ/एफ-4 टी एच- हाइवे हाइटस गनेशपुर | हाइवे हाइटस अपार्टमेन्ट | श्रीमती डिम्पल राजीव शर्मा | विक्रय विलेख के आधार |
| | **वार्ड: शहीदभगत सिंह प्रथम** | | | |
| 14 | 636/228 तकरोही बाजार | श्री मेंवा लाल | श्री राजेन्द्र प्रसाद व राकेश कुमार व दिनेश कुमार यादव | मृत्यु के आधार |
| 15 | वुडस/फ्लैट-एस एफ-ए-208 नौबस्ता कला | श्री हेमन्त सिंह | श्री मयूर गुप्ता व वैशाली गुप्ता | विक्रय विलेख के आधार |
| 16 | 636/08 तकरोही बाजार | श्री अनिरूद्व कुमार निगम | वेदायु कांस्टक्टर प्रा0लि0डायरेक्टर घूरा देवी | विक्रय विलेख के आधार |
| 17 | 634जी/प्लाट-ए-11(के एच-340) तकरोही | श्रीमती नीलम देवी | श्रीमती भावना गुप्ता | विक्रय विलेख के आधार |
| 18 | 636/049सी सी गोमती बिहार | श्री राम बिरेश व दिनेश | श्रीमती गीता यादव | विक्रय विलेख के आधार |
| | **वार्ड: इन्दिरानगर** | | | |
| 19 | 12/757 से0-12 इन्दिरानगर | श्री राजेन्द्र कुमार कनौजिया | श्रीमती नीलम सोनी व कपिल सोनी | विक्रय विलेख के आधार |
| 20 | सी-2362 इन्दिरानगर | श्री आदेश कुमार गुप्ता | श्रीमती नेहा त्रिवेदी व अमित सिंह चौहान | विक्रय विलेख के आधार |
| 21 | 13/334 इन्दिरानगर | श्री ए के राय | श्रीमती सुप्रीति राय मंयक राय | मृत्यु के आधार |
| 22 | डी-3199 इन्दिरानगर | श्री ए एल भाटिया | श्री अशोक भाटिया | मृत्यु के आधार |
| | **वार्ड: शंकरपुरवा प्रथम** | | | |
| 23 | 529डी/2/680 कल्यानपुर | श्री गोविन्द सिंह | श्री राजकुमार व लज्जावती, वन्दना, निश सिंह | मृत्यु के आधार |
| | **वार्ड: इन्दिराप्रियदर्शिनी** | | | |
| 24 | 638/001/7 बी शिवाजीपुरम | श्री पुरूषोत्तम कुमार तिवारी | श्री गौरव श्रीवास्तव | विक्रय विलेख के आधार |
| | **वार्ड: मैथिलीशरण गुप्त** | | | |
| 25 | शाप न0-004- सी सी इन्दिरानगर | मोहम्मद हनीफ | श्री राजेन्द्र केसरवानी | विक्रय विलेख के आधार |
| 26 | ए-1194 इन्दिरानगर | श्री के बी राय | श्रीमती भावना सिंह | विक्रय विलेख के आधार |
| 27 | सी-1440 इन्दिरानगर | श्रीमती संगीता सिंह व जुनीता कौशल | श्री वकील सिंह व पवन कुमारी | विक्रय विलेख के आधार |

जोनल अधिकारी, नगर निगम, लखनऊ

## न्यूज ब्रीफ

### भाकियू (भानु) राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** शनिवार को तहसील बिलग्राम के पास भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. भानु प्रताप सिंह का संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने द्वारा जोरदार स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाकियू (भानु) किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता है।

### विवाहिता को पीट कर घर से निकाला, रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** टाटा कॉलोनी की रहने वाली एक विवाहिता ने पति सहित चार ससुराली जनों पर दहेज उत्पीड़न करने और मारपीट कर घर से निकाल देने का केस दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। टाटा कॉलोनी थाना मनेर जिला पटना बिहार की रहने वाली रिंकी देवी पुत्री विजय कुमार साहू के अनुसार 30 दिसंबर 2025 को पिहानी थाना क्षेत्र के बूढ़ा गांव निवासी किशन उर्फ कृष्णा पुत्र राम भजन के साथ विवाह हुआ था। विवाह के तुरंत बाद पति किसन सास रामकली, जेठानी बसंती, जेठ श्याम व अन्य ससुराली जन दहेज में कूलर, सोफा, बेड आदि की मांग करने लगे और उसे पीट कर घर से भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक पिहानी ने बताया आरोपी ससुराल जनों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### अय्यूब पठान बने तहसील अध्यक्ष

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण के जिलाध्यक्ष ने कस्बा निवासी अय्यूब पठान को तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया। खबर सुनते ही दोस्तों शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। अय्यूब पठान ने कहा संगठन ने दी गई जिम्मेदारी को ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करुंगा।

# हाजीपुर का नाम अब सियारामपुर, गांव वालों ने बांटी मिठाई

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड भरावन का हाजीपुर गांव का नाम अब बदलकर सियारामपुर कर दिया गया है। हाजीपुर गांव में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर इस खुशी का इजहार किया है। अब आगे इसे सियारामपुर नाम से ही जाना पहचाना जायेगा। हाजीपुर गांव के लोगों ने अपने गांव का बदलने की मांग शासन से किया था।

गांव के बुजुर्ग लक्ष्मी नारायण (85), सदाशिव (80), विनायक दत्त तिवारी (75), कृष्ण कुमार (75), शिवाकांत तिवारी, कौशल किशोर तिवारी ने बताया कि यह गांव मुगल शासन काल में इस गांव


मिठाई खिलाकर खुशी मनाते प्रधान प्रतिनिधि सुनील तिवारी। अमृत विचार

का नाम हाजीपुर रखा गया था। हाजीपुर के प्रधान प्रतिनिधि सुनील तिवारी ने बताया कि 18 दिसम्बर 2022 को ग्राम प्रधान गुज्जो देवी ने गांव का हाजीपुर से बदलकर सियाराम पुर करने का प्रस्ताव एमएलसी अशोक अग्रवाल के माध्यम से शासन को भेजा था। 25 अक्टूबर 2024 को भूमि प्रबंधन विभाग का प्रस्ताव भेजा गया। शासन ने इस सम्बंध में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से नाम बदलने के लिए रिपोर्ट जिलाधिकारी के माध्यम से मांगी। 29 अप्रैल 2025 को जिला पंचायत में भी प्रस्ताव एमएलसी ने फिर रखा, वहां सर्वसम्मति से पास भी हो गया। जनपद से पास होकर मंडलायुक्त को गया। मंडलायुक्त से आयुक्त और सचिव राजस्व परिषद पंहुचा, फिर यहां से विशेष सचिव मुख्यमंत्री पहुंचा। प्रमुख सचिव राजस्व द्वारा 27 अगस्त 2025, गृह मंत्रालय दिल्ली पंहुचा। तीन माह बाद गृह मंत्रालय द्वारा 30 दिसंबर 2025 को उत्तर प्रदेश सरकार मुख्य सचिव को अनुमोदन करके भेजा गया। लेखपाल रवी कुमार ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि गांव में 209 परिवार रहते हैं जिनमें कोई भी मुस्लिम परिवार नहीं है। गांव का नाम सियाराम पुर कर देने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। जिले से रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सचिवालय होकर प्रस्ताव गृह मंत्रालय दिल्ली अनुमोदन के लिए भेजा गया। जहां से अनुमोदन मिलने पर प्रदेश सरकार ने भरावन ब्लाक के हाजीपुर गांव का नाम बदल कर सियारामपुर कर दिया।

### गांव में एक ही भी मुस्लिम परिवार नहीं

प्रधान प्रतिनिधि सुनील तिवारी नें बताया हाजीपुर ग्राम पंचायत में 1118 जनसंख्या है। 209 हिंदू परिवार है तथा मुस्लिम परिवार शून्य है। यह तीन वर्ष के संघर्ष में जिले से लेकर शासन तक प्रस्ताव दिये गए। उन्होंने गांव का नाम बदलने के लिए सहयोग करने वाले एमएलसी अशोक अग्रवाल का धन्यवाद दिया।


सिलेंडरों में होता गैस रिसाव। अमृत विचार

### सीएनजी सिलेंडर लीकेज से मची अफरा-तफरी

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पिहानी क्षेत्र के जहानी खेड़ा-पिहानी मोड़ स्थित देमलपुर गांव स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर उस समय हड़कंप मच गया, जब पंप परिसर में रखा सीएनजी सिलेंडर अचानक लीकेज होने लगा। गैस लीकेज होते ही पेट्रोल पंप कर्मचारियों में दहशत फैल गई और सभी कर्मचारी जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग खड़े हुए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर मौजूद जहानी खेड़ा के आदिल खान और इमरान खान ने साहस दिखाते हुए स्थिति को संभालने का प्रयास किया। आसपास मौजूद लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की, जिससे किसी बड़े हादसे को टाला जा सका। सीएनजी गैस लीकेज की वजह से कुछ समय के लिए पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते स्थिति पर काबू नहीं पाया जाता तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

# छूटे मतदाता फार्म-6 भरकर अपना नाम लिस्ट में शामिल कराएं : डीएम

## अधिकारियों से कहा, किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में छूटने न पाये

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को इंग्लिस मीडियम जूनियर हाई स्कूल टोडरपुर के प्रागंण विशेष अभियान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने उपस्थित ग्रामवासियों से वार्ता करते हुए कहा कि जो लोग बाहर रहते हैं या किसी ग्रामवासी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तथा नव विवाहित महिलाओं एवं 18 वर्ष के ऊपर से सभी लोग फार्म 6 भरकर कर आज ही बीएलओ के पास जमाकर अपना नाम वोटर लिस्ट में शामिल करा सकते है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुरीक्षण अभियान चलाया



ग्रामीणों को जानकारी देते जिलाधिकारी अनुनय झा। अमृत विचार

जा रहा है ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में छूटने न पाये। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा गांव मतदाताओं के नाम पढ़कर बताये जायेगें और जिस व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट नहीं होगा, उसका फार्म-6 भराकर उसका नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा जायेगा। इससे पहले जिलाधिकारी ने भोजन कर रहे विद्यालय के बच्चों से मिड् डे मील के बारे में जानकारी ली तथा प्रधानाचार्य को बच्चों को गुणवत्ता परक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस अवसर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी शाहाबाद, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, बीएलओ एवं भारी संख्या में ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

### जन सुनवाई में डीएम ने सुनीं 31 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई में शनिवार को कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जन सुनवाई में प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अतिरिक्त मजिस्टेट भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# मजबूत बाउंड्रीवॉल को तोड़कर घटिया ईंटों से बनाई जा रही स्टेशन की दीवार

संवाददाता, कछौना, हरदोई,

**अमृत विचार।** कछौना-बालामऊ रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत हो रहे घटिया बाउंड्री वाल निर्माण की शिकायत की गई है। योजना के तहत बालामऊ रेलवे स्टेशन पर इन दिनों स्टेशन का कायाकल्प कार्य कराया जा रहा है। विभिन्न कम्पनियों द्वारा अलग-अलग काम किए जा रहे हैं, लेकिन बाउंड्री वाल निर्माण में मानकों की खुली अनदेखी हो रही है।

जानकारी के अनुसार पुरानी मजबूत बाउंड्री वाल को तोड़कर नई दीवार बनाई जा रही है, जिसमें तीसरी श्रेणी की पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। दीवार में मौरंग की जगह डस्ट और साधारण बालू का उपयोग कर प्लास्टर किया जा रहा है, जिससे घटिया सामग्री को छुपाने की कोशिश की जा रही है।काम करा रहे पेटी ठेकेदार विनोद ने स्वयं स्वीकार किया कि यदि पूरा काम मानक के अनुसार कराएंगे तो “ऊपर के अधिकारियों को भी समझाना पड़ेगा, इसलिए पीली ईंट और डस्ट-बालू से काम किया जा रहा है। मुख्य ठेकेदार के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही, जबकि रेलवे सूत्रों के अनुसार यह निर्माण अलख नंदा कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है। मानक विहीन निर्माण के संबंध में आई डब्ल्यू कंसल्टेशन, रेलवे के अधिकारी अनिल कुमार से बात की गई, परंतु उन्होंने कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया।


बाउंड्रीवाल के निर्माण के लिए प्रयोग हो रही पीली ईंटें।

# पोस्टमार्टम में मौत की वजह स्पष्ट नहीं

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार FollowUP

- पत्नी के प्रेम प्रसंग से नाराज पति ने गला दबाकर की थी हत्या
- युवक ने थाने पहुंचकर खुद कबूल किया था अपना गुनाह

**अमृत विचार।** पत्नी के प्रेम प्रसंग से परेशान होकर पति ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और थाने पहुंचकर खुद जुर्म भी कबूल कर लिया। लेकिन घटना के दूसरे दिन महिला के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट चौंकाने वाली आई। पीएम रिपोर्ट में 'काज़ आफ डेथ' यानी 'मौत के कारण' का पता ही नहीं चला। नतीजतन आगे की जांच के लिए बिसरा प्रज़र्व किया गया है।

बेहटा गोकुल थाने के रायपुर गुलरिया निवासी नवीन की शादी सुरजीपुर के सुरेश की 28 वर्षीय पुत्री अंजू के साथ करीब 7 साल पहले हुई थी। उसके एक बेटा एक बेटी है। ससुर के न रहने के बाद नवीन ससुराल में रहने लगा था। बताते हैं कि अंजू का गांव के एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। वह उसी के साथ भाग गई थी, पुलिस ने उसे बरामद कर पति के सुपुर्द कर दिया। लेकिन महिला अपनी हरकत से बाज़ नहीं आ रही थी। उसी को लेकर शुक्रवार की शाम दंपति के बीच विवाद हुआ और नवीन ने पत्नी अंजू की गला दबाकर हत्या कर दी थी, इसके बाद थाने पहुंच कर पुलिस के सामने अपना गुनाह कुबूल करते हुए कहा था कि उसने गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने नवीन के दावे पर संदेह पैदा कर दिया है। क्योंकि महिला की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। सिर्फ बाईं आंख के ऊपर हल्की सी खरोंच होना लिखी गई।

### धूमधाम से मनाया गया स्कूल का वार्षिकोत्सव

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरिया पुरवा में विद्यालय का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय में आये अतिथि गणों के स्वागत से हुआ। सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों की 100 मीटर व 200 मीटर की दौड़ की प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें छवि कक्षा 7 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधान मुनेन्द्र कुमार ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश को शिक्षा के मामले में निपुण बनाने की मुहिम चलाई जा रही है इसमें हम सबको सहयोग देना चाहिए।

# मरीजों को वितरित की स्वास्थ्य किट

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** इनर व्हील क्लब ऑफ डीओडी ने अपनी सतत सेवा गतिविधियों के तहत इस माह भी अपने नियमित मासिक प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष पारुल तिवारी ने पांच टीबी (क्षय रोग) से पीड़ित मरीजों को स्वास्थ्य किट वितरित की, जिसमें आवश्यक स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सामग्री शामिल थी।

इस पहल के तहत क्लब ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम में उपचाररत पांच टीबी मरीजों को गोद लिया है। क्लब द्वारा इन मरीजों को एक वर्ष तक नियमित रूप से मासिक पोषण सहायता प्रदान की जाएगी, जिसमें मूंगफली, चना, गुड़, सोयाबीन, सत्तू एवं प्रोटीन पाउडर जैसी पोषण सामग्री शामिल है। इस सेवा परियोजना हेतु संपूर्ण आर्थिक सहयोग वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश चंद्र तिवारी ने प्रदान किया। उपस्थित सभी लोगों ने इस सराहनीय मानवीय पहल की प्रशंसा की एवं क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया, साथ ही मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।


स्वास्थ्य किट वितरित करती क्लब की अध्यक्ष पारूल तिवारी।

### ऑपरेशन के बाद तबीयत बिगड़ी, डॉक्टर पर केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** हानी थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ा गांव निवासी अनूप सिंह के अनुसार उसने उदरौली महोली सीतापुर के डॉक्टर एसके विश्वास से हाइड्रोसील का ऑपरेशन करवाया था। ऑपरेशन के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और डॉक्टर ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। अनूप सिंह के अनुसार लखनऊ में उसकी एचआईवी जांच हुई जिसमें एचआईवी पाया गया। उसका इलाज में 20 लाख रुपया खर्च हुआ, तब उसकी जान बची। प्रभारी निरीक्षक पिहानी ने बताया आरोपी डाक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।


प्रेसवार्ता में बोले एमएलसी अवनीश सिंह। अमृत विचार

### कैशलेस चिकित्सा से शिक्षकों में खुशी : अवनीश

**हरदोई, अमृत विचार।** कैशलेस चिकित्सा योजना से शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को काफी राहत मिलेगी। इसके लिए मुख्यमंत्री को शिक्षक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर आभार व्यक्त करेंगे। यह बात सदस्य विधान परिषद इं. अवनीश सिंह ने शनिवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान कही। श्री सिंह ने कहा कि कैशलेस इलाज की मांग शिक्षक वर्षों से कर रहे थे। शिक्षकों की इस मांग को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए इस योजना को लागू कर दिया है। इससे शिक्षक- शिक्षणेत्तर कर्मचारी, रसोइया, अनुदेशक सभी परिवार सहित सामाजिक सुरक्षा प्रदान होगी।

### इंजन में फंसकर महिला गंभीर रूप से हुई घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** घर के बाहर आए पालेसर इंजन से धान कुटाने पहुंची ग्राम रोज़गार सेवक की पत्नी की शाल उसके पटे में फंस गई, जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गई, उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। मझिला थाने के औरेड़ी निवासी ग्राम रोज़गार सेवक सर्वेश की 32 वर्षीय पत्नी अनीता शनिवार की सुबह घर में थी,उसी बीच घर के बाहर पालेसर इंजन आया। वह भी अपने धान ले कर वहां पहुंच गई। इंजन चल रहा था,उसी में अनीता की शाल फंस गई और वह चीखने लगी।

# बच्चों ने अखबार पढ़कर ली जानकारी

**हरदोई, अमृत विचार।** बच्चों ने प्रातःकालीन सभख के दौरान दैनिक समाचार पत्र का पठन कर एसआईआर प्रक्रिया और नो-मैपिंग में शामिल किए गए ज़रूरी अभिलेखों के अलावा और आपस में तमाम जागरूक करने वाली जानकारी साझा की। बावन ब्लाक के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर के कक्षा 3 के बच्चों ने शनिवार प्रातःकालीन सभा के दौरान दैनिक समाचार पत्र का पठन किया, जिसमें उन्होनें एसआईआर प्रक्रिया और साथ ही नो-मैपिंग में शामिल होने वाले ज़रूरी अभिलेखों की जानकारी हासिल कर एक-दूसरे से साझा की। प्रधानाध्यापक हेमंत पाण्डेय ने बताया कि यह गतिविधि विद्यार्थियों में अनुशासन, समसामयिक समझ और व्यवहारिक जागरूकता के विकास की दिशा में एक सराहनीय शैक्षिक प्रयास है।


समाचार पत्र पढ़ते बच्चे।

# पूर्व चैयरमेन के कोल्ड स्टोर से लाखों रुपये का धान चोरी

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के सांडी- बिलग्राम मार्ग पर पूर्व चेयरमैन का सांडी कोल्ड स्टोर व सिद्धि विनायक राइस मिल है बीती रात चोरों ने कोल्ड स्टोरेज के उत्तरी दिशा मे लगे धान के चट्टे मे पीछे गली से लगभग सात से आठ सौ बोरी धान चोरी किया, जिसकी कीमत लगभग पांच लाख रुपये है।

कोल्ड स्टोरेज संचालक पूर्व चैयरमेन भाजपा नेता दिनेश चन्द्र गुप्ता के छोटे बेटे अंशुल गुप्ता ने बताया कि साफ सफाई की जा रही थी, इसी धान को राइस मिल में शिफ्ट करने के लिए चट्टे से तिरपाल हटाया गया तो देखा आगे तो सही पीछे चट्टे से धान गायब, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की चट्टे के पड़ोस में एक प्लाट है, वहीं माल चोरी किया गया है। पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालने में लगी है। थाना प्रभारी वसंत राम ने बताया कि संचालक अजुन गुप्ता द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

## आयोजन

हिन्दू सम्मेलन व समरसता भोज का आयोजन

# पंच परिवर्तन से राष्ट्र को मजबूत करने की भरी हुंकार

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** बेहंदर ब्लाक के रसूलपुर ब्रम्हनान गांव में हिन्दू सम्मेलन व समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पुजारी राजकरन व मुख्य वक्ता आरएसएस के सह विभाग कार्यवाह प्रमोद ने पंच परिवर्तन से राष्ट्र को मजबूत करने पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड बौद्धिक प्रमुख संतोष ने की।

कार्यक्रम में बहलोलपुर मण्डल के रसूलपुर ब्रम्हनान गांव में हिन्दू सम्मेलन की शुरुआत मां भारती के चित्र माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य वक्ता ने पंच परिवर्तन के बिन्दुओ पर बोलते हुए कहा कि सभी के परिवार कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण व स्वदेशी जागरण तथा नागरिक कर्तव्य को विस्तार से बताते हुए राष्ट्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाने में सहायक होना बताया। कार्यक्रम का समापन मां भारती की आरती के बाद किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मण्डल कार्यवाह शिवम मिश्रा ने किया।


मां भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते आरएसएस के सह विभाग कार्यवाह प्रमोद।

### हिन्दू समाज के संस्कारवान होने से ही राष्ट्र की उन्नति सम्भव

**हरपालपुर,हरदोई, अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में शनिवार को पलिया गांव में 'विराट हिंदू सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि सह-क्षेत्र कार्यवाह पूर्वी अनिल ने सभा को संबोधित करते हुए भारतीय समावेशी संस्कृति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के संस्कारवान होने से ही राष्ट्र की उन्नति संभव है। वहीं, विशिष्ट अतिथि पधारे संत महेशपुरी काठमांडू नेपाल ने समाज में नैतिकता और एकजुटता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक अनिल, गौरव मिश्र ,रामप्रताप, लोकेंद्र, गजेंद्र सिंह चौहान, तेजेन्द्र शुक्ल जिला सह संघ चालक, अनुराग श्रीवास्तव,रूपेश सिंह और अरविन्द मिश्रा 'चग्गा', इंद्रेश अग्निहोत्री, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक कुमार सिंह ने किया।


सम्मेलन में बोलते वक्ता।

# कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान


शपथ लेते स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी। अमृत विचार

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** कुष्ठ रोग का संपूर्ण नष्ट करने की शपथ लेने के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मियों ने इस रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक डॉ. शिवसागर चौधरी पूरे स्टाफ के साथ विकसित भारत अभियान के तहत शपथ ली। उन्होंने कहा कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है। हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर करने के लिए जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेंगे। इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेंगे और नहीं किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने न देंगे। हम व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुछ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुड़े कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए अपना पूर्ण योगदान देंगे। इस दौरान एसपी गौतम, अनूप राठौर, सरोज शर्मा, अशोक राजवंशी, रवि सिंह, बाबूराम वर्मा, अवनीश कुमार, डा एनबी सिंह व प्रमोद कुमार मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने ओडीओपी योजना के क्रियान्वयन की ली जानकारी

## डीएम ने मुख्यमंत्री को भेंट की सीतापुर की दरी, दरी को विश्व पटल पर लाने की पहल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जनपद की ओडीओपी योजना के तहत तैयार पारंपरिक दरी को प्रदेश स्तर पर नई पहचान मिली है। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सीतापुर की हस्तनिर्मित दरी भेंट कर ओडीओपी योजना की प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने जनपद में योजना के क्रियान्वयन, रोजगार सृजन और निर्यात क्षमता की जानकारी ली।

डीएम ने बताया कि दरी निर्माण का प्रमुख कार्य खैराबाद, बिसवां, लहरपुर और हरगांव क्षेत्रों में किया जाता रहा है। वर्तमान में जनपद में दरी निर्माण की करीब 150 इकाइयां संचालित हैं, जिनसे लगभग 40 हजार बुनकर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। यहां तैयार की जा रही दरियों का निर्यात अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, जापान और मैक्सिको सहित कई देशों में किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि दरी उद्योग को और सशक्त बनाने के लिए ब्रांडिंग, मार्केटिंग और आधुनिक डिजाइन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इससे न सिर्फ सीतापुर की पारंपरिक कला को वैश्विक पहचान मिल रही है, बल्कि बुनकरों की आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।


सीएम योगी आदित्यनाथ को सीतापुर की दरी भेंट करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

### बुनकरों के हुनर को मिलेगा बाजार, सीएफसी से बदलेगी दरी उद्योग की तस्वीर

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत बिसवां में स्थापित कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) को लेकर समीक्षा बैठक हुई। प्रेजेंटेशन के माध्यम से सीएफसी की स्थापना, संरचना और क्रियाकलापों की जानकारी दी गई। डीएम ने निर्देश दिए कि दरी उद्योग के विकास के लिए शासन की मंशा के अनुरूप सीएफसी के माध्यम से सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने सीएफसी के सुचारू संचालन, पारदर्शिता बढ़ाने और आगामी एक वर्ष की कार्ययोजना को समयबद्ध पूरा करने पर जोर दिया। डीएम ने नैमिषारण्य क्षेत्र में दरी उत्पादों के लिए आकर्षक आउटलेट बनाने, ब्रांडिंग और प्रमोशन हेतु ग्लो साइन बोर्ड लगाने तथा लखनऊ जैसे बड़े शहरों में शॉपिंग मॉल के माध्यम से विक्रय की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ प्रणता ऐश्वर्या, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह सहित संबंधित अधिकारी और उद्यमी मौजूद रहे।

### डीएम ने सिधौली नगर पंचायत का जाना हाल

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने शुक्रवार को नगर पंचायत सिधौली का निरीक्षण कर अभिलेखों और व्यवस्थाओं की पड़ताल की। जन्म प्रमाण-पत्र पटल पर रजिस्टर में मोबाइल नंबर दर्ज न होने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव को निर्देशों के पालन के आदेश दिए। मृत्यु प्रमाण-पत्र से जुड़ी पत्रावली का अवलोकन कर उन्होंने आवेदक से फोन पर वार्ता भी की। कूड़ा उठान वाहनों की पत्रावलियों और लॉगबुक की जांच की गई। पानी की टंकी की सफाई से संबंधित अभिलेखों में फोटो न होने पर आपत्ति जताई। इंटरलाकिंग सड़क निर्माण में भुगतान में देरी और कार्य अधूरा मिलने पर अवर अभियंता को नोटिस देने के निर्देश दिए। बाद में डीएम ने वार्डों में नाली, सड़क और मंदिर निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


नगर पंचायत सिधौली के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते जिलाधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### 37 वर्षों से फरार वारंटी गिरफ्तार

**सीतापुर।** 37 वर्षों से फरार चले आ रहे वारंटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभावी कार्रवाई के तहत आरोपी को जेल भेजा गया है। कोतवाली प्रभारी नगर अनूप शुक्ला के मुताबिक, इलाके के मोहल्ला बट्सगंज निवासी गुड्डू उर्फ ज्ञानचंद शुक्ला पुत्र रमेश चन्द्र हत्या के मामले में वांछित चला आ रहा था। सूचना मिलने के बाद आरोपी गुड्डू को तामसेनगंज निकट कोटरा मंदिर से गिरफ्तार किया गया।

### उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पदाधिकारियों के चुनाव शुक्रवार और शनिवार को जिला जज कुलदीप सक्सेना के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। पीठासीन अधिकारी एडीजे नरेंद्र नाथ त्रिपाठी के अनुसार कुल 83.33% मतदाताओं ने मतदान किया। शैलेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में गठित समिति ने चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया। एडीजे दिनेश नागर और सिविल जज सीनियर अंशु शुक्ला भी टीम में शामिल रहे। न्यायाधीशों, न्यायालय कर्मियों और बार कार्यकारिणी ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### तीन दुकानों में चोरी का प्रयास

**सीतापुर।** शहर सीमा के करीब नेपालापुर चौराहे से लगी तीन दुकानों में शातिरों ने चोरी का प्रयास किया। वारदात के दौरान कुछ लोगों के आ जाने पर शातिर मौके से फरार हो गए। हलांकि इलाका वासियों ने एक और दुकान पर वारदात को अंजाम देने की बात कही है लेकिन पुलिस ने घटना से इंकार किया है। वारदात के प्रयास को लेकर कोतवाली देहात पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

### लूटकांड में वांछित 3 शातिर गिरफ्तार

**सीतापुर।** कोतवाली देहात पुलिस टीम ने लूट की वारदात में वांछित चल रहे 3 आरोपियों को गिरफ्तारी करने मे सफलता पाई। मुखबिर के सूचना पर घेर कर पकड़े गए शातिरों में विवेक राजपूत, अंकित और विकुल शामिल हैं। पुलिस को इनके पास से चोरी का मोबाइल, एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुई। सीओ सदर नेह त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी विकुल का आपराधिक इतिहास गंभीर है और वह कई हत्या, हमला व शस्त्र से संबंधित मामलों में वांछित रहा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिक कर्रवाई करते हुए जेल का रास्ता दिखाया।

### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गई विदाई

**सीतापुर।** शहर की पुलिस लाइन्स सभागार में शनिवार को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षक रामकिशोर वर्मा, राकेस कुमार राय, दिलीप कुमार, महेन्द्र कुमार पाठक, असलम खां, हरिहर सिंह, दिलीप कुमार, रामदुलारे सहित अन्य को सम्मानित कर विदाई दी गई। सहायक पुलिस अधीक्षक विनायक भोसले ने उन्हें पुष्प माला पहनाकर स्मृति चिह्न और उपहार देकर सम्मानित किया। सभी को खुशहाल और स्वस्थ जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक शिवबालकराम वर्मा भी मौजूद रहे।

### केसरिया हिंदू वाहिनी ने गौ माता को भोग लगाया

**नेरी, सीतापुर।** केसरिया हिंदू वाहिनी गौ रक्षा प्रकोष्ठ परिवार द्वारा शनिवार को महोली तहसील क्षेत्र के संसड़ा मजरे नेरी स्थित गौशाला में गौ माता को गुड़ और केले का भोग अर्पित कर गौ सेवा की गई। गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे कुलदीप बाजपेई ने बताया कि पानी में चूना और नमक डालकर कैल्शियम की कमी पूरी की जा रही है, चारा पर्याप्त है और सर्दी से बचाव के लिए अलाव की भी व्यवस्था है। प्रधान नूर हसन ने कहा कि गौवंश की सुरक्षा और देखभाल के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश और जिला प्रभारी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नेशनल हाईवे पर कार पर पलटी डीसीएम

**सीतापुर।** कोतवाली नगर क्षेत्र के दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बहुगुणा अंडरपास के पास देर रात लखनऊ से शाहजहांपुर जा रही एक डीसीएम अनियंत्रित होकर सामने से आ रही अर्टिगा कार पर पलट गई। हादसे में कार में सवार सात लोग बाल-बाल बच गए। बताते हैं कि डीसीएम का चालक शराब के नशे में था और लापरवाही से वाहन चला रहा था। तहरीर के आधार पर चालक के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सर्राफा व्यापारी से लूटे जेवर

**सीतापुर। अमृत विचार :** सकरन थानाक्षेत्र के महोलिया इलाके में सर्राफ से असलहे के बल पर नकदी और जेवर लूट लिए गए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। बताते हैं कि बिसवां थानाक्षेत्र के पटना के मोनू रस्तोगी के मुताबिक, उनकी सोने चांदी की दुकान महोलिया क्षेत्र में है। रोज की तरह सर्राफ दुकान बंद करके घर की ओर निकल रहा था। बाइक सवार कुछ ही दूर जा पाया कि अज्ञात बाइक सवार लुटेरों ने घेर लिया। जब तक वो कुछ समझ पाता, असलहे के बल पर बदमाश उसके पास मौजूद गहनों से भरा लूटकर फरार हो गए। मामले में केस दर्ज करते हुए लुटेरों की तलाश की जा रही है।


सड़क किनारे खड़े ओवरलोड ट्रक। अमृत विचार

## ओवरलोड चार ट्रकों को किया सीज

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में ओवरलोड व ओवरहाइट वाहनों के खिलाफ शनिवार को चेकिंग अभियान चलाया गया। चार वाहन सीज किए गए, जिससे ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया। जिला अधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. के निर्देश पर शनिवार को नायब तहसीलदार अशोक यादव के नेतृत्व में राजस्व टीम ने ग्राम केसरी गंज तिराहे पर ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों की जांच की। जांच के दौरान गन्ने से भरे तीन ट्रकों को कोतवाली भेजकर सीज कर दिया गया। इसके अलावा, एक विशालकाय गन्ने से भरे ट्रक को असुरक्षित परिवहन के चलते नायब तहसीलदार अशोक यादव, पवन यादव और रमाकांत की टीम ने कोतवाली में खड़ा कराकर सीज कराया। अभियान की भनक लगते ही क्षेत्र में ओवरलोड-ओवरहाइट ट्रकों का संचालन रुक गया। नायब तहसीलदार अशोक यादव ने बताया कि सीज की गई गाड़ियों के अतिरिक्त, अन्य ओवरलोड ट्रकों की फोटो खींचकर परिवहन विभाग को कार्रवाई के लिए भेज दी गई है।

# अधोमानक खाद्य पर नहीं होगी कोई ढिलाई

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की तृतीय त्रैमासिक बैठक हुई। डीएम ने अधोमानक व असुरक्षित खाद्य पदार्थों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, समयबद्ध लाइसेंस जारी करने और स्कूलों में दिए जाने वाले भोजन की नियमित जांच के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्व निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग की प्रवर्तन एवं अभियोजन कार्यवाही, आरोपित अर्थदंड और जारी आरसी की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप नमूना संकलन व जांच सुनिश्चित करने को कहा। डीएम ने कहा कि अधोमानक व असुरक्षित खाद्य पदार्थों के निर्माण और विक्रय में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। लंबित मामलों की प्रभावी पैरवी के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने विद्यालयों में बनने वाले मिड-डे-मील तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में दिए जाने वाले खाद्य पदार्थों की नियमित जांच कराने पर जोर दिया। त्यौहारों से पहले विशेष अभियान चलाने, अधोमानक खाद्य पदार्थों को नष्ट कराने और शुद्ध खाद्य पदार्थों को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। औषधि निरीक्षक को निरस्त लाइसेंस वाली दवा दुकानों पर सतत निगरानी रखने को कहा गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

- नमूनों का संकलन कर जांच और लंबित वादों की पैरवी के निर्देश

# आवास दिलाने के नाम पर महिला से ठगी

संवाददाता, बिसवां।

- पीड़िता ने जिलाधिकारी से की शिकायत, दिया साक्ष्य

**अमृत विचार :** कोतवाली इलाके की ग्राम पंचायत कामापुर बहतलिया में एक महिला से आवास योजना के नाम पर 30 हजार रुपये ठगे जाने का मामला सामने आया है।

बिसवां ब्लॉक की ग्राम पंचायत कामापुर बहतलिया निवासी पीड़िता उमावती ने एक ग्राम प्रधान और उनके भाई पर आवास दिलाने के नाम पर रुपये लेने का आरोप लगाया। गंभीर मामले में महिला ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। साक्ष्यों का हवाला देते हुए महिला ने न्याय की गुहार लगाई। उमावती का आरोप है कि ग्राम प्रधान के भाई ने उनसे आवास योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर 30 हजार रुपये ले लिए, लेकिन न तो उन्हें आवास मिला और न ही रुपये वापस किए गए। आरोप है कि जब उसने पैसे वापस मांगे तो आरोपितों ने उसे धमकाया। न्याय न मिलने पर वह ब्लॉक कार्यालय के कई चक्कर लगाए। मामले का हल जब नहीं निकल तो पीड़िता ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें लिखित शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच, रुपये वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# पुलिस फोर्स की निगरानी में हुई पिता-पुत्र की अंत्येष्टि

बिसवां, सीतापुर।

- थानगांव थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत का मामला

**अमृत विचार :** सर्किल क्षेत्र में सड़क हादसे में जान गंवाने वाले पिता-पुत्र का शनिवार को तीन दिन बाद पुलिस निगरानी में अंतिम संस्कार कराया गया। जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी।

मालूम हो कि थानगांव थाना क्षेत्र के वैन गांव के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में महेशपुर निवासी लवकुश (25) और उनके चार वर्षीय पुत्र संगम की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसा रोड रोलर और बाइक की आमने-सामने टक्कर में हुआ था। दुर्घटना में लवकुश की पत्नी बीनू (23) गंभीर रूप से घायल हो गईं थी, जिनका इलाज जिला अस्पताल सीतापुर में चल रहा है। उनका एक वर्षीय पुत्र पियूष सुरक्षित है। हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने अटल चौक रेउसा में शव रखकर प्रदर्शन किया। दोषियों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन से कई घंटों तक बिसवां-बहराइच अवरुद्ध रहा, जिसके चलते यातायात प्रभावित हुआ। प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ था। शनिवार को पुलिस निगरानी में विधायक ज्ञान तिवारी की मौजूदगी में पिता-पुत्र का अंतिम संस्कार कराया गया। विधायक ने घायल बीनू के इलाज के लिए नकद सहायता दी। वहीं सांसद राकेश राठौर ने भी शोक संतप्त परिवार को आर्थिक मदद प्रदान की।


परिवार को ढाढस बंधाते सांसद राकेश राठौर।

### सांसद ने बंधाया पीड़ित परिवार को ढाढस, जांच का दिया भरोसा

**सीतापुर। अमृत विचार :** महेशपुर मार्ग दुर्घटना के पीड़ित परिवार से मिलने शनिवार को सांसद राकेश राठौर भदेवा ग्राम पंचायत पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि उन्हें हर हाल में कानूनी न्याय और आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। सांसद ने गांजर क्षेत्र में बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा विकास की उपेक्षा के कारण यह क्षेत्र मौतों का हब बनता जा रहा है। इस दौरान सेवता विधानसभा के कार्यक्रम संयोजक शशांक राठौर ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद प्रदान की।

## खाना बनाते समय प्रेशर कुकर फटा, महिला समेत दो गंभीर

**सीतापुर। अमृत विचार :** खाना बनाते समय अचानक प्रेशर कुकर फट गया। जिसकी चपेट में आकर महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताते हैं कि हरगांव थाना क्षेत्र के उदनापुर कोरैय्या निवासी एजाज की पत्नी सना अपने घर पर थी। परिजनों के मुताबिक, वह गैस चूल्हे पर प्रेशर कुकर में दाल बना रही थी। इसी दौरान अचानक कुकर तेज धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि घर की छत पर लगी टीनशेड उड़ गई और रसोई में रखा सामान मलबे में तब्दील हो गया। कुकर फटने से सना गंभीर रूप से झुलस गई, जबकि घर में मौजूद दो अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गए। अफरातफरी के बीच मची चीख पुकार के साथ सभी को अस्पताल ले जाया गया। जहां तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## अतिक्रमण हटाने को 10 तक का अल्टीमेटम

**संवाददाता, लहरपुर।** तहसील कार्यालय में उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व व्यापारियों की बैठक हुई। बैठक में व्यापार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। एसडीएम ने बताया कि लहरपुर बिसवा गेट से मजा शाह चौराहे तक किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के लिए दुकानदारों को 10 फरवरी तक का समय दिया गया है। तय समय में अतिक्रमण न हटाने पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने प्रत्येक माह के चतुर्थ शनिवार को व्यापारियों की बैठक आयोजित करने की बात कही। बैठक में नगर पालिका ईओ अनूप राय सहित व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# नगर मजिस्ट्रेट ने मतदान केंद्रों का जाना हाल

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत चल रहे विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को विधानसभा क्षेत्र 146 सीतापुर के विभिन्न मतदान केंद्रों का नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय ने निरीक्षण किया।

विशेष अभियान तिथि पर उन्होंने कम्पोजिट विद्यालय नैपालापुर, पंचायत घर नैपालापुर एवं प्राथमिक विद्यालय टेड़वा चिलौला स्थित सभी बूथों का जायजा लिया। इस दौरान बीएलओ से प्राप्त दावों व आपत्तियों की जानकारी ली गई। नगर मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि सभी प्राप्त आवेदनों के साथ संलग्न दस्तावेजों का नियमानुसार परीक्षण किया जाए तथा मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। विशेष अभियान के तहत सभी बूथों पर दावे और आपत्तियां प्राप्त की गईं।


मतदान केंद्रों की व्यवस्था का आंकलन करतीं नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडेय।

# गौशाला निर्माण को लेकर बिफरे किसान, पैमाइश के आश्वासन पर माने

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार :** हरदी गांव में निर्माणाधीन गौ संरक्षण केंद्र को लेकर शनिवार को बड़ी संख्या में किसानों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। किसानों का कहना था कि प्रस्तावित गौशाला का निर्माण आंशिक रूप से उनके रकबे की भूमि पर कराया जा रहा है, जिससे उनका हक प्रभावित हो रहा है। तूल पकड़ते मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के जिला संगठन मंत्री अनिकेत सिंह ने बीती 20 जनवरी को किसानों की ओर से उपजिलाधिकारी सिधौली को ज्ञापन सौंपा था। परन्तु निर्धारित समय अवधि तक सुनवाई न होने से किसानों में रोष व्याप्त हो गया। शनिवार को अनिकेत सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिला-पुरुष किसान गौ संरक्षण केंद्र निर्माण स्थल पर धरने पर बैठ गए। धरने की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और नायब तहसीलदार सिधौली शशिबाला मौके पर पहुंचीं। किसानों और प्रशासन के बीच हुई वार्ता के बाद भूमि की हदबरारी (सीमांकन) के लिए स्थल चिन्हित किया गया। अधिकारियों की मौजूदगी में किसानों की भूमि का मापन कराया गया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी इतुल चौधरी पुलिस बल के साथ मौजूद रहीं।


सरायन नदी के किनारे खड़े होकर विरोध जताते ग्रामीण।

## सरायन नदी पर पुल नहीं बना तो तहसील का घेराव करेंगी महिलाएं

**संवाददाता, मिश्रिख। अमृत विचार :** हरैया और नेवादा गांव के बीच सराय नदी पर बना लकड़ी का पुल टूटने से आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शनिवार को सुनीता चौधरी ने प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि चौदह जनवरी को पुल टूटने से कई लोग घायल हुए थे, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई सुध नहीं ली। महिला नेताओं सरोजनी गौतम और शिखा वर्मा ने भी विधायक व पूर्व विधायक पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जल्द पुल निर्माण शुरू नहीं हुआ, तो नागरिक मिसरिख तहसील का घेराव करेंगे। बैठक में प्रधान मुलायम, राम सहारे, सुंदर लाल और श्रीपाल कश्यप सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## बैंक के कैशियर को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक शाखा जहांगीराबाद के वरिष्ठ कैशियर वीरेंद्र पाण्डेय के सेवानिवृत्त होने पर शाखा बिसवां में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनके दीर्घ, ईमानदार और अनुशासित सेवाकाल की सराहना की। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अमित सिंह ने वीरेंद्र पाण्डेय को अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया।



मा० श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री भारत सरकार


मा० श्री योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

स्वच्छ मिश्रित | स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर | स्वस्थ मिश्रित

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
नगर पालिका परिषद मिश्रित नैमिशारण्य अपने नागरिकों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मिश्रित नैमिशारण्य, जनपद-सीतापुर

पत्रांक / न0पा0परि0/ मि0 नैमि0/ विज्ञापन/ 2025–26 दिनांक–31.07.2025

प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबंधित है, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कदापिन करें।
प्लास्टिक हटाएँ, पर्यावरण बचाएँ। वृक्ष लगाएँ व पर्यावरण बचाएँ।

प्रगति के आयाम

1. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत दिये गये दिशा–निर्देशों के क्रम में नगर की समस्त सड़कों, नालियों की सफाई सुनिश्चित कर दैनिक उठान कर निस्तारण तथा चूना / ब्लीचिंग एवं मैलाथियान का छिड़काव कराया जा रहा है। 2. धरो से कूड़ा लेने के लिए डोर–टू–डोर कलेक्शन कराया जा रहा है। 3. नगर के विभिन्न क्षतिग्रस्त / बड़जा भागों को प्राथमिकता के आधार पर इण्टरलाकिंग / सी0सी0 मागों में परिवर्तित करना। 4. नगर के कच्चे नालो को पक्का करा कर जल निकासी में सुधार करना। 6. पेयजल व्यवस्था में पाइप लाइन विस्तार करते हुए नगर के वार्डो में मिनी ट्यूबघेल का निर्माण करा कर जलापूर्ति में वृद्धि करना। 8. प्रतिमाह नियमित अन्तराल पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। 7. नगर में स्थित प्रकाश बिन्दुओ को एलपईग्बी0 लाइट में परिवर्तित किया गया है विद्युत बचत का प्रयास किया जा रहा है। 8. नगर में वित्तीय वर्ष 2025–26 में नये निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। जनता से अपील है कि नगर में कराये जा रहे निर्माण कार्यो में नगर पालिका परिशदमिश्रित नैमिशाण्य का सहयोग करें। 8. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शत–प्रतिशत शौचालयों का निर्माण कराया गया है जिससे नगर पालिका परिषद मिश्रित वैमिशारण्य सीतापुर को खुले से मुक्त (ओ0डी0एफ0+) किया गया है।

नागरिकों से अपील

1. प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक कर प्रयोग कतई न करें और न ही दूसरों को करने दें। सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने व विक्रय करते पाए जाने पर आपके विरुद्ध रू0 1000/– से 25000/– तक अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा। 2. गृहकर, पालकर व जलमूल्य आदि करो का मुगतान समय से अदा करना सुनिश्चित करें। 3. नगर पालिका परिशद मिश्रित नैमिशारण्य की सड़क, नाली, जल भराव / जल जमाव व साफ सफाई सम्बन्धी शिकायत हेतु टोल फ्री नं0– 1533 एवं सेप्टिकटैक्त सफाई हेतु टोल फ्री नं0– 1440 पर या नगर पालिका परिशव मिश्रित नैमिशारण्य शिकायत प्रकोष्ठ में कर सकते हैं। 4. प्रत्येक 3 वर्ष में अपना सेप्टिक टैंक अवश्य खाली करायें। किसी भी प्राईवेट सेप्टिक टैंक आपरेटर से टैंक को खाली न करायें। 5. किसी भी तालाब/माले में कूड़ा करकट न पोहें तथा कुडा न जलायें एवं आस पास शौच खुले में पेशाब न करें, पकड़े जाने पर NGT के निर्देशानुसार अर्थदण्ड बसूल किया जायेगा। 6. जल ही जीवन है। पेयजल का पुरुपयोग कदापि न करें तथा नल की टौटी खुली न छोड़ें। 7. नगर पालिका क्षेत्र में डोर–टू–डोर झूठे वाले नगर पालिका सफाई कर्मी को ही अलग–अलग गीला–सूखा कुडा दे।

नगर आपका है. इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने हेतु अपना सहयोग करें, नगर पालिका नागरिक मूल भूत सुविधाएं प्रदान कर नगर पालिकन परिशद मिश्रि-नैनिशारण्य व आपकी सेवा में सदैव तत्पर



(श्री विन्ध्यावल)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मिश्रित नैमिशारण्य, सीतापुर

नगर पालिका परिषद मिश्रित नैविशारण्य के समस्त सभासदगण एवं कर्मचारीगण

(श्रीमती सीमा भार्गव)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मिश्रित नैमिशारण्य, सीतापुर

न्यूज ब्रीफ

## सरकारी शीशम का पेड़ चोरी, वन विभाग ने बरामद की लकड़ी

डीह (रायबरेली)। सलोन कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत सूची-बधौला मार्ग पर सेमरी झकरासी मोड के पास छह दिन पूर्व शीशम का सरकारी एक कीमती पेड़ अज्ञात लोगों ने काट डाला। ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग ने जांच शुरू करते हुए लकड़ी को बरामद कर लिया है। बताते है कि छह दिन पूर्व कुछ लोगों ने रात में काटकर लकड़ी कुछ दूर पर ढक दिया था। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के बीट प्रभारी बीरेंद्र यादव ने लकडी बरामद की, लेकिन ने बिना कार्यवाही के ही मामले को सुलटा दिया।

## संत रविदास की जयंती 2 को

रायबरेली: राही ब्लॉक के औघडनाथगंज में संत शिरोमणि रविदास की जयंती समारोह दो फरवरी को आयोजित किया गया है। आयोजक संत रविदास स्मृति जनसेवा समिति औघड़नाथगंज अध्यक्ष कर्मवीर प्रभाकर ने बताया कि सूफी संत महान दार्शनिक संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती समारोह का भव्य आयोजन होगा। इसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह रहेंगी। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, वरिष्ठजन सम्मान और कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

## भेदभाव छोड़कर एकजुट रहने का आह्वान

सलोन: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के तत्वावधान में कमालगंज बाजार में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। इस मौके पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिला संघ चालक देवेंद्र प्रताप सिंह ने हिन्दुओं से भेदभाव छोड़कर एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि संगठित नहीं रहेंगे, तो आपकी बात कोई नहीं सुनेगा। उन्होंने कहा की हिन्दू अपनी पूजा में विश्व कल्याण की कामना करते हैं। देश, जाति या धर्म के आधार पर कार्य नहीं करते। सह प्रान्त कार्यवाह संजय सिंह ने हिंदू समाज को संगठित रहने का आह्वान किया है। कहा कि सनातन संस्कृति की पहचान माथे पर तिलक हाथों में कलावा और पारंपरिक परिवेश से होती है। कथा वाचक प्रद्युम्न जी महाराज ने मंच से कहा कि हिंदुओं को संगठित रहने की जरूरत है। यहां डॉ. अनिल कुमार चंद्रा, मनीष, कन्हैया, विष्णु सिंह, नरेंद्र सिंह, राम कुमार जायसवाल, ओम प्रकाश रहे।

# ताला तोड़कर घर से नकदी समेत जेवरात चोरी

संवाददाता, सलोन (रायबरेली)

वारदात



टूटा अलमारी का ताला, बिखरा सामान।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सिरसिरा गांव स्थित पूरे राठौर निवासी अल्पना सिंह पत्नी स्व. निरंजन ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि 24 जनवरी को वह अपने मायके गई थी। आरोप है कि 25 जनवरी को उसकी जेठ की पुत्री ने बताया कि घर का ताला टूटा हुआ है। महिला ने पुलिस को बताया कि जब देर रात्रि वह मायके से अपने घर लौटी तो देखा कि मेन गेट पर ताला लगा हुआ है। चोर ने अलमारी और बक्सा का ताला तोड़कर जेवरात के साथ 32 हजार रुपये उठा ले गए। कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि महिला ने गांव के एक व्यक्ति के विरुद्ध चोरी की तहरीर दी है। घटना की जांच के निर्देश दिए गए है।

# अभद्रता व अश्लीलता के आरोपी फार्मासिस्ट पर खाकी का शिकंजा

संवाददाता, रायबरेली

एफआईआर दर्ज

- ओटी टेक्नीशियन प्रशिक्षण के दौरान युवती ने दबाव बनाने का लगाया आरोप, आडियो-वीडियो वायरल होने पर खुली पोल



जिला अस्पताल रायबरेली।

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली में इमरजेंसी ड्यूटी के दौरान युवतियों के साथ अश्लील बातें करने और मां-बहन की गालियां देने के गंभीर मामले में पुलिस ने आरोपी फार्मासिस्ट पर शिकंजा कस दिया है। पीड़िता के तहरीर पर आरोपी फार्मासिस्टर अमर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके बाद से पूरे महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं जिला अस्पताल प्रशासन भी अब बैकफुट पर आ गया है। वहीं इमरजेंसी के बिगड़े हालात पर कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

लालगंज कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता युवती ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि वह वर्ष 2025 में जिला अस्पताल में ओटी टेक्नीशियन के पद पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थी। इसी दौरान फार्मासिस्ट अमर सिंह ने उससे मोबाइल नंबर लिया था और इसके बाद से वह फोन पर लगातार अश्लील बातें करने लगा। युवती का आरोप है कि फार्मासिस्ट फोन कॉल के जरिए अश्लील बातें कर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। पीड़िता का कहना है कि इमरजेंसी में आरोपी ने न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि मां-बहन तक की गालियां भी दीं। फार्मासिस्ट के इस दुस्साहस से युवती अपमानित व लज्जाहीन महसूस कर रही थी। उसने पहले मामले को नजरअंदाज करने की कोशिश की, लेकिन जब विगत दिन इमरजेंसी में उत्पीड़न की हद पार हो गई, तब उसने पुलिस की शरण ली। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सूत्रों की माने तो आरोपी फार्मासिस्ट को लेकर विभागीय स्तर पर भी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उच्चाधिकारियों ने पूरे मामले की जानकारी तलब कर ली है। इस घटना ने अस्पताल परिसर में कार्यरत महिला कर्मचारियों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। महिला कर्मचारियों का कहना है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर इस तरह की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है। मामले की निष्पक्ष जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की संभावना जताई जा रही है। कोतवाल शिवशंकर सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी फार्मासिस्ट अमर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### फार्मासिस्ट के मामले में खामोश रहा महकमा

इमरजेंसी में युवतियों के साथ अभद्रता करने के दौरान यदि उसी क्षण निष्पक्ष व पारदर्शी जांच कराई जाती तो फार्मासिस्ट पर चढ़ा नशा दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों में इस पूरे मामले में जिस तरह से युवती फार्मासिस्ट पर गुस्से से आग बबूला नजर आ रही है उसे देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। फिलहाल एक वीडियो में एक तीमारदार द्वारा इसी फार्मासिस्ट से काफी गहमागहमी होने का मामला भी प्रकाश में आया था, लेकिन स्वास्थ्य महकमे की पूरे मामले मे खामोशी बनी रही।

# हादसों में यूनिट इंचार्ज और श्रमिक की मौत

▶ मिल एरिया में एफसीआई गोदाम और खीरों थाना क्षेत्र शीतलाबक्स खेड़ा मजरे केसौली के निकट हुआ हादसा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एफसीआई गोदाम में यूनिट इंचार्ज और भट्ठा श्रमिक की मौत हो गई।



मुन्नूलाल उर्फ बाबा की फाइल फोटो।

पहली घटना खीरों थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात लगभग नौ बजे की है। मृतक के परिजनों ने बताया कि सेमरी चौराहा निवासी मुन्नूलाल उर्फ बाबा (45) पुत्र विश्वनाथ पास के ईंट भट्ठे में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। शुक्रवार की रात लगभग नौ बजे काम समाप्त कर साइकिल से अपने घर लौट रहा था। तभी उन्नाव-लालगंज मुख्य मार्ग पर शीतलाबक्सखेड़ा मजरे केसौली गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से सीएचसी लालगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि मृतक मुन्नूलाल की पत्नी का 15 वर्ष पूर्व निधन हो चुका था। वह अपनी 18 वर्षीय एक बेटी अंजलि के साथ रहता था। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वाहन की तलाश की जा रही है। शिकायती पत्र मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

दूसरी घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र में स्थित एफसीआई गोदाम के निकट की है। बस्ती जिले के कप्तानगंज निवासी राकेश कुमार गोदाम में यूनिट इंचार्ज बताया जा रहा है। यहीं पर वह एक ट्रक की चपेट में आ गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत गंभीर होने पर उसे पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। यह घटना एफसीआई गोदाम परिसर में हुई, जहां मजदूर राशन लोडिंग-अनलोडिंग का काम कर रहे थे। ट्रक की तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों में रोष है और मजदूरों ने सुरक्षा मानकों पर सवाल उठाए हैं। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। मिलएरिया विंध्य विनय का कहना है कि ट्रक और चालक की तलाश की जा रही है।

### कार की टक्कर से बच्चों से भरी वैन पलटी, नौ लोग घायल



सड़क हादसे में घायल होने पर रोते-बिलखते बच्चे। अमृत विचार

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** कस्बा स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल की विंगर वैन में सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित क्रेटा कार ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि छात्रों को लेकर जा रही विंगर वैन सड़क किनारे खाई में पलट गई। इससे चीख पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने दौड़कर स्कूल वाहन को सीधा करके छात्रों को बाहर निकाला। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना शनिवार दोपहर करीब तीन बजे की है। छात्रों को घर छोड़ने के लिए विंगर वैन हैदरगढ़ मार्ग पर फायर ब्रिगेड से आगे बने कुबना पुल के पास जैसे ही पहुंची तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित क्रेटा कार ने विंगर वैन के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। आसपास मौजूद लोगों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि छात्रों से भरी विंगर वैन सड़क किनारे खाई में पलट गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने दौड़कर स्कूल वाहन को सीधा करके छात्रों को बाहर निकाला। स्कूल वाहन चालक गंगा प्रसाद अवस्थी ने बताया कि घटना के समय विंगर वैन में सवार 14 छात्र सवार थे। घटना में कई छात्र घायल हो गए। सभी घायल छात्रों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सभी घायल छात्रों का इलाज किया। चिकित्सक अनिल भरद्वाज ने बताया कि घटना में अरुणिमा, आदर्श, शिफा, अदिति सिंह, तनिष्क, स्वप्निल, आराध्या श्रीवास्तव, शिवानी, कार्तिक समेत नौ चोटिल छात्रों का इलाज किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची सभी छात्रों को इलाज के बाद दूसरी गाड़ी से सुरक्षित उनके घर भेज दिया गया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि क्रेटा कार के चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# वृद्धा से दुष्कर्म की शिकायत पर पहुंचे एसपी ने की पूछताछ



घटनास्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह और अन्य पुलिसकर्मी।

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

मुकदमा दर्ज

- पुलिस टीम गठित कर जल्द आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश

**अमृत विचार।** वृद्धा से दुष्कर्म का मामला पुलिस के गले की फांस बन गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान पीड़िता से पूछताछ की। वहीं पुलिस टीम गठित कर जल्द आरोपी के गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

घटना गुरुवार रात आठ बजे की है। क्षेत्र की एक 62 वर्षीय महिला गांव के बाहर शौच के लिए गई थी। आरोप है कि तभी रेलवे पटरी के उस पार अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट करते हुए दुराचार किया। मामले में लालगंज पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पुलिस टीम लगातार दुराचारी को पकड़ने में लगी हुई है। लेकिन अभी तक पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों से पूछताछ की। पीड़ित महिला ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था, जिसके चलते पुलिस संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर मामले के खुलासे की कोशिश कर रही है। बताते चलें कि जिस जगह दुष्कर्म की घटना हुई है, उसी जगह रेलवे पुल का निर्माण भी हो रहा है। बहुत से बाहरी लोग भी काम कर रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि उनमें से भी कोई घटना में शामिल हो सकता है। मौके पर प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह और चौकी इंचार्ज नितिन मलिक आदि मौजूद रहे।

# न्यायालय के स्थगन आदेश की अवहेलना पर आक्रोश

महराजगंज (रायबरेली)




धरने पर बैठे अधिवक्ता। अमृत विचार

धरना

- कराए जा रहे निर्माण पर रोक न लगाए जाने पर जताया विरोध

**अमृत विचार।** न्यायालय के स्थगन के आदेश के बावजूद कराए जा रहे निर्माण पर रोक न लगाए जाने से अधिवक्ताओं में आक्रोश है।

कस्बे के बछरावां रोड स्थित भूमि पर बीते शनिवार से दबंगों द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। मकसूद अली का कहना है कि वह भूमि उसके नाम दर्ज है। जिसको लेकर सिविल न्यायालय द्वारा 19 जनवरी को मौके पर यथा स्थिति बनाए रखे जाने का आदेश भी पारित किया है। आरोप है कि स्थानीय पुलिस व प्रशासन की मिलीभगत से विपक्षी रामसुमिरन पुत्र ननकऊ लगातार विवादित भूमि पर निर्माण कर रहे हैं। इस संबंध में तहसीलदार मंजुला मिश्रा से भी शिकायत की गई थी। मामले में तहसीलदार ने दोनों पक्षों को तलब कर मौके पर यथा स्थिति बनाए जाने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि स्थगन आदेश के बावजूद अगर किसी ने निर्माण किया तो विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद भी तिरपाल लगाकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस पर रोक न लगने पर मकसूद अली के अधिवक्ता पुत्र इम्तियाज अली उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। जिसके समर्थन में अन्य अधिवक्ताओं ने भी धरना दिया। उप जिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि दो पक्षों में जमीनी विवाद है। न्यायालय के स्थगन आदेश के अनुपालन में निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगाया गया है। टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए गए है।

**शिक्षक आपसी भेदभाव छोड़ संघर्ष में हो एकजुट, रायबरेली:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ रायबरेली का 48वां जिला सम्मेलन राजर्षि रामपाल सिंह वैदिक इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि माननीय ध्रुव कुमार त्रिपाठी एमएलसी एवं नेता शिक्षक दल ने शिक्षकों को सावधान करते हुए कहा कि यदि एक साथ एकजुटता के साथ आपस में भेदभाव छोड़कर संघर्ष करेंगे, तभी हम सुरक्षित रहेंगे। एक कहावत है कि जो कौमे संघर्ष नहीं करती हैं वह समाप्त हो जाती हैं। यदि हमने संघर्ष का रास्ता छोड़ा तो निश्चित रूप से हम आने वाली पीढ़ी को क्या देकर जाएंगे। एमएलसी ध्रुव कुमार ने तदर्थ शिक्षकों के विनियमतीकरण, पुरानी पेंशन की बहाली, विषय विशेषज्ञों को पेंशन, व्यवसायिक शिक्षकों को वेतन, समान कार्य के लिए समान वेतन, प्रधानाचार्य को भी वेतन आदि समस्याओं पर निकट भविष्य में संघर्ष करने के बाद हम प्राप्त करेंगे। प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष ललन मिश्रा ने हर संघर्ष में साथ रहने का संकल्प व्यक्त किया। सम्मेलन को विशिष्ट अतिथि डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा पूर्व एमएलसी, नरेंद्र कुमार वर्मा महामंत्री, इंद्रासन सिंह पूर्व महामंत्री सहित सीतापुर, बाराबंकी, प्रतापगढ़, उन्नाव के जिला अध्यक्षों ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। इस मौके पर मनीष कुमार पांडेय, प्रधानाचार्य श्याम नारायण सिंह, जिला मंत्री शैलेश कुमार बाजपेई, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी, ऑडिटर प्रेमचंद भारती आदि लोग मौजूद रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षणः एसडीएम ने बूथों पर सुनीं आपत्तियां



कोटवा मदनिया के बूथ पर आपत्तियों को सुनाते एसडीएम गौतम सिंह। अमृत विचार

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को तहसील क्षेत्र के विभिन्न मतदेय बूथों पर अभियान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने कोटवा मदनिया गांव के बूथ संख्या 276 का औचक निरीक्षण किया और मतदाताओं के दावे व आपत्तियों की विस्तार से सुनवाई की। अभियान के दौरान अनमैपिंग मतदाता सूची से संबंधित नोटिसों पर सुनवाई के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण बूथ पर पहुंचे। शाम पांच बजे तक एसडीएम ने कुल 139 मतदाताओं के दावों और आपत्तियों की सुनवाई की। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। एसडीएम गौतम सिंह ने बताया कि जो मतदाता 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं। प्रारुप 6 भरकर नाम जुड़वा लें। पलायन कर चुके मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए प्ररुप 7 व नाम/पता संशोधन, स्थानांतरण के चिन्हांकन के लिए प्रारुप 8 पर आवेदन करें। प्रधान आरती वर्मा, शत्रोहन वर्मा, कोटेदार हामिद खान, शिक्षक वारिस अली, बीएलओ संतोष कुमारी, सुषमा रहीं।

### यातायात नियमों के प्रति सजग रहें वाहन चालक



एआरटीओ कार्यालय में सड़क सुरक्षा समापन समारोह में मौजूद लोग।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा सप्ताह का शनिवार को समापन हो गया। इस दौरान एआरटीओ कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। वाहन चालकों को सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं 30 लोगों को हेलमेट देते हुए दोपहिया वाहन सजगता से चलाने के लिए संकल्प दिलाया गया। एआरटीओ प्रवर्तन उमेशचंद्र कटियार ने कहा कि वाहन दुर्घटना के अधिकांश मामले लापरवाही से चलाने अथवा नियमों का पालन नहीं करने के कारण होता है। चौपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करें। बाइक चालक भी हेलमेट पहनकर ही चलाए। उन्होंने कहा कि किसी कीमत पर नशे की हालत में वाहन को ना चलाए। एआरटीओ प्रशासन अरविंद कुमार यादव ने कहा कि वाहन चलाते समय नियमों का अवश्य पालन करें। आपसे ही पूरा परिवार जुड़ा रहता है। सावधानपूर्वक ही वाहन चलाना चाहिए। ट्रांसपोर्ट यूनियन अध्यक्ष राममोहन श्रीवास्तव ने कहा कि हमें यातायात नियमों का ध्यान रखना चाहिए। साथ ही वाहन चालक भाइयों को समय-समय स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिए। इस मौके पर एआरटीओ कार्यालय के विजय कुमार तिवारी, इमरान शाह, विक्रम कांत श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

आयोजन

ए. गोल्ड स्मिथ स्पोर्टस एकेडमी मठिहा में पांच दिवसीय आयोजन, 125 खिलाड़ी दमखम का करेंगे प्रदर्शन

# एडीजी ने ईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का किया शुभारम्भ

संवाददाता, रायबरेली



ईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का फीता काटकर शुभारम्भ करते अपर पुलिस महानिदेशक बीडी पालसन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अपर पुलिस महानिदेशक बीडी पालसन ने शनिवार को ईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का फीता काटकर शुभारम्भ किया। ए गोल्ड स्मिथ स्पोर्ट्स एकेडमी मठिहा में आयोजित पांच दिवसीय मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में करीब देश विदेश के 125 टॉप रैंकिंग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें बेल्जियम, कनाडा और अमरीका का एक-एक खिलाड़ी भाग ले रहा है, जबकि देश के सर्वोच्च टेनिस खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। इन सबके बीच रायबरेली के भी करीब 25 से 30 खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे।

मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक बीडी पॉलसन ने आए सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उत्तर प्रदेश टेनिस के सचिव पुनीत अग्रवाल ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी। इससे पहले टेनिस एसोसिएशन सचिव श्वेता वर्मा, एमडी संजय वर्मा ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि जिले में ऐसे आयोजन से टेनिस खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। साथ ही खेल का प्रचार प्रसार भी होगा। वर्तमान में प्रदेश और केंद्र सरकार की ओर से खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराया जा रहा है। जरूरत है बेहतर तैयारी की। पहले दिन खिलाड़ियों अपने-अपने ग्रुप में बेहतर प्रदर्शन करने में दमखम लगा दिया। टूर्नामेंट डायरेक्टर हशमत अली, टूर्नामेंट सचिव मोहम्मद अयाज, टूर्नामेंट संरक्षक राजेश सिंह ने खिलाड़ियों को बेहतर तरीके से खेलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील तिवारी ने किया। इस अवसर पर अरविंद श्रीवास्तव, राकेश चांदनी, धीरेन्द्र पुरुषोत्तम, रवि कुमार, नितिन गुप्ता, सुधीर पांडे, राजेश सिंह, अमित उपाध्याय, राजीव अग्रवाल, लक्ष्मीकान्त शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## वार्षिक खेलकूद में बच्चों ने दिखाया दम

**बछरावां (रायबरेली)।** रॉयल पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने बताया कि शिक्षा के साथ साथ खेलकूद भी बच्चों के लिये अति आवश्यक है। खेल से शारीरिक ही नही मानशिक पोषण भी मिलता है। उन्होंने स्कूल प्रबंधक शिव शंकर सिंह ने कहा कि आप लोगो की बदौलत ही रॉयल पब्लिक स्कूल कम समय मे ही इस क्षेत्र में अपनी अलग पहचाना बना चुका है। नर्सरी से लेकर क्लास ऐट तक के बच्चों के बीच अनेको प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बछरावां डिग्री कॉलेज प्राचार्य सुभाष श्रीवास्तव, सतीश सिंह, रन बहादुर सिंह, आशीष सिंह, हरिओम सिंह, रामजी चौधरी रहे।

### जमीन पर नहीं अब बेंच पर बैठकर पढ़ेंगे नौनिहाल



रामेंद्र सिंह को सम्मानित करते हुए प्रधानाध्यापक दीपू मिश्र।

**सरेनी (रायबरेली) अमृत विचार।** गांव के नौनिहालों को शिक्षा अर्जित कराने के लिए समाजसेवी रामेंद्र सिंह द्वारा किया गया आर्थिक योगदान सराहनीय व अनुकरणीय है। क्षेत्र में उन्हें समाज हित में किये जा रहे कार्यों से पहचाना जाता है। यह उद्गार सरेनी के दुधवन गांव में प्राथमिक विद्यालय में आयोजित समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी बीरेंद्र नाथ द्विवेदी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के साथ राष्ट्र के भविष्य को संवारने में समाजसेवी द्वारा निरंतर दिये जा रहे योगदान की चहुंओर चर्चा है। समाजसेवी रामेंद्र सिंह ने कहा कि उन्हें बचपन आज भी याद है। उन्होंने कहा कि जब मैं इसी विद्यालय में पढ़ने जाता था तो घर से साथ में बोरी लेकर आता था और उसी पर पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ता था। आज समय बदलने के साथ-साथ विद्यालय के पास अपना पक्का भवन, बाउंड्री, पेयजल आदि सुविधाएं मौजूद हैं। बच्चों की ड्रेस व किताबें भी सरकार उपलब्ध करा रही है। अब बच्चे जमीन पर न बैठें बल्कि कुर्सी-मेज में बैठकर पढ़ाई कर सकें इसीलिए उन्होंने फर्नीचर बनवाने के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक को 51 हजार लागत का फर्नीचर प्रदान किया है। प्रधानाध्यापक दीपू मिश्रा ने नौनिहालों को बैठने के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराने के लिए समाजसेवी रामेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विपिन सिंह, वसंत सिंह, मुन्नू सिंह, बालकृष्ण, अखिलेश सिंह, रितिक सिंह, संतोष, राविन सिंह, यज्ञदत्त शुक्ला, जितेन्द्र पटेल, विमल किशोर, आनंद तिवारी, जितेन्द्र यादव, संदीप, अजीत वाडेकर आदि मौजूद रहे।

# सुरक्षित भूमि पर बने 3 मकानों पर चला बुलडोजर

## तहसील प्रशासन ने कब्जेदारों से मुक्त कराई सुरक्षित भूमि, तालाब और बंजर भूमि में बने मकान पर कार्रवाई

संवाददाता, तिलोई (अमेठी)



अवैध कब्जे को ढहाता प्रशासन का बुलडोजर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तिलोई ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौरा में दिन शनिवार को तहसील प्रशासन बड़ी कार्यवाही करते हुए तालाब व बंजर की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को खाली कराया गया। तहसील प्रशासन ने सुरक्षित भूमि पर बने पक्के मकान को बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया। इस दौरान पूरे गांव में अफरा तफरी का माहौल बना रहा है।

जानकारी के अनुसार बहादुरपुर विकास खंड के ग्राम बिबियापुर मजरे नवावा गांव निवासी तौफीक पुत्र रहमत व उनके दोनों बेटे अजमल, हसनैन ग्राम पंचायत चौरा के गाटा संख्या 216 पर जो सरकारी अभिलेख में मिलजुबला तालाब और बंजर के नाम सरकारी अभिलेखो में दर्ज है उसपर वर्ष 2023, 2024 में उक्त लोगो को तिलोई तहसीलदार कोर्ट से मुकदमे के बाद बेदखल का आदेश पारित कर दिया गया था। जिसकी अपील कब्जेदारों ने जिलाधिकारी अमेठी के यहां अपील किया लेकिन कुछ दिनों के बाद वहां से भी अपील निरस्त हो गया पूर्व में तहसील प्रशासन ने तहसीलदार कोर्ट से अवैध कब्जेदारों के खिलाफ बेदखली का आदेश पारित किया था। बावजूद इसके कब्जेदारों द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया। जिसपर शनिवार को तहसील प्रशासन और मोहनगंज पुलिस बड़ी संख्या में चौरा गांव पहुंचकर कार्यवाही करते हुए बुलडोजर चला कर तीन मकानों को जमींदोज कर दिया। जबकी उसी नम्बर मे ग्यारह अन्य लोगो पर भी कार्रवाई प्रचलित है परंत उन पर कार्रवाई नही की गई है। मामले में तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव ने बताया कि कब्जेदार तौफीक व उनके पुत्रों को वर्ष 2024 में सुरक्षित भूमि से बेदखल किया गया था लेकिन कब्जेदारों द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया, जिसको लेकर यह कार्रवाई की गई है।

### अम्बेडकर पार्क की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**अमेठी।** गौरीगंज के पलिया नगर पालिका परिषद में वार्ड नंबर 05 स्थित अम्बेडकर पार्क की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जे और निर्माण का गंभीर मामला सामने आया है। विक्रांत कुमार और उदय राज नामक शिकायतकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर ग्राम के कुछ व्यक्तियों पर पार्क की गाटा संख्या 139मी पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, आरोपियों ने न केवल पार्क की जमीन पर अवैध कब्जा किया है, बल्कि वहां आवास निर्माण भी शुरू कर दिया है। आरोप है कि प्रशासन द्वारा निर्माण रोकने के स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद आरोपियों ने काम जारी रखा। इस संबंध में 21 जून 2025, 22 जुलाई 2025 को तहसील दिवस और 29 जनवरी 2026 को भी शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। विक्रांत कुमार ने उपजिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने राजस्व टीम और पुलिस बल की सहायता से अम्बेडकर पार्क की भूमि से इस अवैध कब्जे को अविलंब हटवाने का अनुरोध किया है। इस बीच, एक शिकायतकर्ता ने स्थानीय थाने के एक सिपाही पर झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस पर लगाए गए आरोपों की सत्यता की पुष्टि नहीं की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### घने कोहरे के चलते लकड़ी से लदा ट्रक पलटा, हादसा टला

**जायस (अमेठी):** जायस कोतवाली अंतर्गत घने कोहरे के कारण बांदा टांडा राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को बस स्टाप के पास अन्धे मोड़ पर लकड़ी से लदा ट्रक पलट गया। गनीमत यह रही कि तीन बजे भोर का मामला होने के कारण आस पास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। विगत महीनों से यहां इस तरह की कई दुर्घटना हो चुकी है। इस मोड़ पर आरकी की वाहन की टक्कर से पैर टूट गया था और कई दुकानें एवं आधा दर्जन बाइक क्षतिग्रस्त हो गई थी स्थानीय लोग काफी दिनों से अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे थे। उसी क्रम में शनिवार शाम को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में स्थानीय पुलिस द्वारा आक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई जिससे कि यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके।

### महिला से मारपीट हालत गंभीर

**जगतपुर (रायबरेली):** थाना क्षेत्र के धोबहा गांव निवासी वीरेंद्र बहादुर सिंह के सहन में ईंटें रखी थीं, जिन्हें पड़ोसी चोरी से उठा ले जा रहे थे। इस दौरान वीरेंद्र की पत्नी ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने एकजुट होकर उस पर हमला कर दिया। पीड़ित पति ने थाने में तहरीर देकर दो लोगों को नामजद किया है और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### 5 किलो गांजे के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**तिलोई (अमेठी):** मोहनगंज पुलिस ने चेकिंग व क्षेत्र भ्रमण के दौरान कार सवार रवीउल्ला, गयासुद्दीन खान निवासी सिधियाँवा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी व संतोष कुमार उर्फ पप्पू निवासी ग्राम पन्ना टिकरी कामतागंज बाजार जनपद सुलतानपुर गिरफ्तार किया गया। कार सवार आरोपितों की तलाशी पर कब्जे से 5 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। कार के कागजात मांगने पर दिखा न सके। जिसे पुलिस ने कार कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

# सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव, परिजनों में मचा कोहराम

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के सातनपुरवा गांव निवासी अधेड़ का शव शनिवार को सड़क किनारे गड्ढे मे पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी ओर अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के गांव सातनपुरवा निवासी चांद बाबू ने बताया कि उसके पिता अलाउद्दीन उर्फ़ राजू 50 वर्ष दिहाड़ी मजदूरी करते थे। शुक्रवार की शाम किसी काम से खारा गांव गए थे। देर रात तक घर वापस नहीं आये तो ढूढ़ना शुरू किया। जबकि शनिवार की सुबह अहोरवा भवानी सातन पुरवा मार्ग पर शिवगढ़ गांव के निकट सड़क किनारे उनका मृत शरीर मिला है। इस मामले पर थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजा गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा। हालांकि मामले की जांच जारी है।

**जांच जारी**

- **सातनपुरवा निवासी करता था मजदूरी, किसी काम के चलते घर से निकला था**

**धारदार हथियार से महिला पर हमला, तीन पर केस दर्ज, तिलोई (अमेठी):** कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सझियाखेड़ा मजरे कमई गांव निवासिनी सन्तोषा पत्नी सुरेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार शाम गांव के रहने वाले रामसुख, कैलाश व रामदुलारी ने गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार से सिर पर हमला कर दिया। जिसमें उसे गंभीर चोट आई हैं। मामले में पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही हैं।

# एसडीएम का स्थानांतरण न होने से अनशन पर अधिवक्ता


तहसील गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार


विरोध-प्रदर्शन करते कोटेदार। अमृत विचार

मुसाफिरखाना (अमेठी)

**अमृत विचार।** तहसील गेट पर एसडीएम अभिनव कनौजिया के भ्रष्टाचार के विरुद्ध माह भर से चल रहा धरना प्रदर्शन बार एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला व महासचिव राजीव तिवारी के नेतृत्व में शनिवार को भी जारी रहा। उनके स्थानांतरण की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की।

**जताया आक्रोश**

बार एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि जब तक एसडीएम अभिनव कनौजिया को तहसील मुसाफिरखाना से हटाया नहीं जायेगा तब तक हड़ताल व धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। आगे अध्यक्ष ने बताया कि सोमवार को एक बैठक आहूति कर आगे की रणनीति तय की जायेगी। धरना प्रदर्शन के दौरान शांति एवं सुरक्षा के व्यवस्था के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम में सैकड़ों वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता व मुंशी उपस्थित रहे।

**कोटेदारों ने कमीशन न मिलने का लगाया आरोप, अमेठी :** महेंद्र पांडे कोटेदार संघ अध्यक्ष ने तहसील परिसर में धरना देकर एसडीम आशीष कुमार सिंह से अक्टूबर माह से जनवरी माह तक का कमीशन दिलवाने का किया अनुरोध।

महेंद्र पांडे ने बताया यदि समय रहते कमीशन नहीं दिया जाता है ,तो वितरण न करने की दी चेतावनी । बताया कि यदि हम लोगों को कमीशन समय पर नहीं मिलेगा तो हम लोग काम को आगे से नहीं करेंगे जिससे राशन वितरण में समस्या आएगी। जिसको लेकर आज शनिवार को तहसील परिसर में कोटेदारों संघ अध्यक्ष के साथ अन्य कोटेदार ने शांति पूर्ण धरना देकर एसडीम के माध्यम से ज्ञापन दिया है। वहीं एसडीम अमेठी आशीष सिंह ने कहा है कि समस्या का हल जल्द निकाला जाएगा और रुके हुए कमीशन का भुगतान समय से कोटेदारों का करवाया जाएगा।

## मारपीट के आरोप में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**तिलोई (अमेठी)।** मोहनगंज थानाक्षेत्र के ग्राम पूरे दूंदा मजरे फूला गांव निवासी सुरेश कुमार ने मारपीट करने पर गांव के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हैं।

पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि गांव निवासी विनोद कुमार, पुष्पा, सुनीता व दुखी की मां शराब बनाते हैं। जो कचरा निकलता है उसको उसके घर की तरफ फेंकते है। जिसको लेकर गुरुवार को सुरेश ने विरोध किया तो सभी दरवाजे आकर गाली गलौज देकर लाठी डंडो, लात घूसो व साइकिल की चैन से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में सुरेश के बायें हाथ का पंजा फट गया है व शरीर में गंभीर चोट आयी है। पीड़ित ने बताया कि पूर्व में आरोपित ने उसकी पत्नी को भी मारा है। आए दिन ये सभी बेवजह विवाद करते हैं। वहीं इस मामले में थानाध्यक्ष राकेश सिंह बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

## अभद्रता के आरोप में प्रधानाध्यापक निलंबित

**अमेठी, अमृत विचार।** परिषदीय प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में इस समय कक्षा एक और दो के बच्चों का निपुण आकलन चल रहा है। बच्चों के कौशल, ज्ञान और सीखने के स्तर के मूल्यांकन के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सुल्तानपुर से प्रशिक्षु शिक्षकों की टीमें स्कूलों में भेजी जा रही हैं। 28जनवरी को टीम में शामिल दो महिला प्रशिक्षु बहादुरपुर विकास खंड के पूरे सूबेदार गयीं थी। प्रधानाध्यापक ने जबरन बच्चों को निपुण करने का दबाव बनाया और प्रशिक्षुओं से अभद्रता भी की। प्रशिक्षुओं ने उसी दिन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य से फोन पर शिकायत की। शिकायत की जांच के बाद जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी को पत्र लिखा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्र अ वीरेंद्र कुमार यादव को प्रशिक्षुओं से अभद्रता और कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन के आरोप में निलंबित कर दिया है।बेसिक शिक्षा अधिकारी ने वीरेंद्र कुमार यादव के विरुद्ध 11बिंदुओं का आरोप पत्र जारी किया है । निलम्बित प्रधानाध्यापक को निलम्बन अवधि में प्रा वि सुकुलडीह, विकास खंड गौरीगंज से सम्बद्ध किया गया है। प्रकरण में गौरीगंज के खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## विधायक सुरेश पासी ने पत्रकार की माता के निधन पर जताया शोक


पत्रकार के आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करते विधायक सुरेश पासी।

**शुकुल बाजार, अमेठी (अमृत विचार)।** अमृत विचार अखबार के अमेठी ब्यूरो चीफ केशव बाजपेयी की माता गंगा देवी का सोमवार 26 जनवरी को 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गंगा देवी के निधन पर पत्रकार जगत, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्र के आम नागरिकों ने गहरा दुख व्यक्त किया। इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी शनिवार को शुकुल बाजार स्थित केशव बाजपेयी के निवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। विधायक सुरेश पासी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि गंगा देवी का जीवन सादगी और संस्कारों से परिपूर्ण रहा। इस दौरान उपस्थित प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्रा, राकेश शर्मा प्रधान, महेश दुबे, शुभम कसौधन ने भी शोक व्यक्त करते हुए परिवार को इस दु :ख को सहन करने की प्रार्थना की।

## खाद्य सुरक्षा के मानकों का रखें विशेष ध्यान

**लालगंज (रायबरेली)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के सहयोग से खाद्य विभाग की ओर से लालगंज नगर के रूद्रा होटल में व्यापारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। खाद्य निरीक्षक हरेंद्र सिंह के द्वारा कार्यशाला में साफ-सफाई, रखरखाव और पैकिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसका मुख्य उद्देश्य खाद्य सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाना था। कार्यशाला में भाग लेने वाले व्यापारियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। इस अवसर पर व्यापारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और खाद्य सुरक्षा के महत्व पर चर्चा की। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम खाद्य व्यापारियों को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य सामग्री तैयार करने में मदद करते हैं। वही कार्यशाला में व्यापारियों को बिजनेस करने के टिप्स देते हुए प्रशिक्षक दिव्या ने महत्वपूर्ण जानकारी दी और कहा कि होटल के व्यवसाय में मास्क और हेड कैप लगाना बहुत आवश्यक रहता है। संक्रामक रोगों से ग्रसित किसी भी कर्मचारी को दुकान में नहीं रखना चाहिए। इससे उपभोक्ताओं को भी सुरक्षित भोजन मिलता है। दुकान में एक्सपायरी सामान के लिए अलग से रैक होनी चाहिए, वहां पर इसका बोर्ड लगा होना चाहिए। इस अवसर पर उदयराज, पंकज शुक्ला, अप्पू शर्मा, केसी गुप्ता ,शिवम गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन, शीलू गुप्ता, अर्पित गुप्ता, महेश सोनी, पुष्कर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## संसद से सड़क तक सक्रिय सांसद किशोरी लाल

**अमेठी, अमृत विचार।** अमेठी के जनप्रिय सांसद किशोरी लाल शर्मा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे केवल संसद में ही नहीं, बल्कि जमीन पर भी अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे जैसे अहम मुद्दों पर उनकी निरंतर सक्रियता का बड़ा परिणाम गौरीगंज रिंग रोड के रूप में सामने आया है। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने गौरीगंज रिंग रोड के मुद्दे को केवल पत्राचार तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने संबंधित मंत्रालयों और संसदीय मंचों पर इसे इतनी मजबूती से उठाया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को इस पर गंभीरता से विचार करना पड़ा। 22 मई 2025 को सांसद ने औपचारिक रूप से केंद्र सरकार के समक्ष रिंग रोड का प्रस्ताव रखा। 28 मई 2025 को मंत्रालय ने प्रस्ताव पर संज्ञान लिया और प्रक्रिया आगे बढ़ाई। 19 जनवरी 2026 को मंत्रालय ने एन एच-128 की चार-लेन डीपीआर में गौरीगंज बाईपास/रिंग रोड को शामिल करते हुए सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अमेठी और गांधी परिवार के बीच दशकों पुराने विश्वास के रिश्ते को किशोरी लाल शर्मा पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। रिंग रोड जैसी बड़ी परियोजना न केवल यातायात की समस्या का समाधान करेगी, बल्कि अमेठी की औद्योगिक और बुनियादी पहचान को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। स्थानीय जनता इस उपलब्धि को सांसद की विश्वसनीयता और उनकी कर्मठता का प्रतीक मान रही है। लोगों का कहना है कि लंबे समय बाद क्षेत्र की आवाज दिल्ली के गलियारों में इतनी प्रखरता से गूंज रही है। गौरीगंज रिंग रोड से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और मुख्य शहर को जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। यह परियोजना अमेठी के लिए एक 'लाइफलाइन' साबित होने वाली है, जिसका श्रेय सीधे तौर पर सांसद की प्रभावी पैरवी को जाता है।

## घर से आभूषण व 45 हजार की नकदी चोरी

**कादीपुर (सुलतानपुर) अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद सरैया गांव में बीती 29/30 जनवरी की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषण और 45 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित नागमणि के घर में घुसकर चोरों ने दो बक्सों में रखे कीमती सामान को चोरी कर लिया। घटना की जानकारी सुबह होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और चोरों की तलाश की जा रही है।

# संकल्प के साथ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन

संवाददाता, अमेठी


कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अमेठी जिले में 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक "राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह" का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शनिवार को माह के समापन अवसर पर उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय, अमेठी के परिसर में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को लेकर वृहद जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी महेश बाबू गुप्ता ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग को सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि आमजन को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन संचालन एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रति जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा समिति से

**आयोजन**

जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनपद के विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य, छात्र-छात्राएं, मीडियाकर्मी तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर चित्रकला, भाषण, गायन एवं नाटक जैसी रचनात्मक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने लोगों को यातायात नियमों के प्रति सोचने पर मजबूर किया।

प्रतियोगिताओं में प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा स्तर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**शिविर में 250 छात्राओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, रायबरेली:** समग्र शिक्षा (माध्यमिक) के तत्वावधान में शनिवार को पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर वर्ग की बालिकाओं के लिए विशेष सत्र का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए उचित मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय के डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, डॉ. निदा अहमदी, डॉ. बीबी स्वरूप, डॉ. आशीष कुमार एवं डॉ. प्रियंका यादव ने 250 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या डॉ. स्मिता मिश्रा, उप-प्रधानाचार्या सुमन सिंह, सुनीता सिंह द्वारा चिकित्सा टीम का पौधे भेंट कर स्वागत किया गया।

# मानकविहीन सामग्री से पंचायत भवन निर्माण का आरोप, जांच के आदेश

संवाददाता, अमेठी


पीली ईंटों का उपयोग करके बनाया जा रहा पंचायत घर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अमेठी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कटरा फूलपुर में बनाया जा रहा पंचायत भवन में मानकविहीन और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप सामने आया है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन का निर्माण खराब ईंटों और मौरंग से कराया जा रहा है जो कि मानक के अनुरूप नहीं है,और न ही भूकंपरोधी गुणवत्ता वाला है,लेकिन निर्माण कार्य में घटिया ईंट, पीलीभीत की निम्न गुणवत्ता वाली बालू तथा सीमेंट की कम मात्रा का प्रयोग किया जा रहा है।और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के धन का दुरुपयोग किया जा रहा है और इस पूरे मामले में ग्राम विकास अधिकारी की मिलीभगत भी सामने आ रही है। आरोप है कि पंचायत भवन की दीवारें अत्यंत कमजोर बनाई जा रही हैं, जिससे भवन की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

वहीं मामला संज्ञान में आते ही खंड विकास अधिकारी अमेठी बृजेश सिंह ने कहा कि यदि जांच में मानकविहीन निर्माण की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यक्रम** — एसजेएस में सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

# छात्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को बनाया उल्लासपूर्ण

लालगंज, रायबरेली


एसजेएस में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद प्रबंधक अग्रज सिंह व अन्य।



संत रविदास जी की जयंती के मौके पर मौजूद प्रबंधक कैलाश वाजपेई और अन्य।

**अमृत विचार।** एसजेएस पब्लिक स्कूल में फंटूरा फिएस्टा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों द्वारा देश के विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति, वेशभूषा और विशेषताओं पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। वहीं मेले में लगे फूड कॉर्नर ने सभी का ध्यान खींचा, जहां स्वाद और जानकारी का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जंगल सफारी रहा, जिसमें शेर, चीता, भालू, जिराफ आदि रहे। छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया।

खेल प्रतियोगिताओं में बस्ट द बैलूंस, फेस रिकग्निशन, पारले-जी एंड मिल्क रेस, मेकअप रेस, जेलीफिश रेस, मेकिंग द गार्लैंडिंग, सर्च द की एंड ओपन द लॉक, होमवर्क रेस, ऑरेंज पील ऑफ रेस, बनी रेस आदि शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर प्रबंधक अग्रज सिंह, प्रधानाचार्या अंजू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

**सरस्वती शिशु मंदिर में संत रविदास की मनाई गई जयंती, लालगंज:** सरस्वती शिशु मंदिर में कर्मयोगी संत रविदास की 630वी जयंती मनाई गई। प्रबंधक कैलाश वाजपेई ने कहा कि संत रविदास जी का जन्म रविवार के दिन माघ पूर्णिमा को हुआ था। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण जी के कर्मयोग को अपने जीवन में उतारने का आत्मसात किया। उन्होंने सदैव समरसता पर विशेष ध्यान दिया ।उनके गुरु रामानंद जी थे। उन्होंने कहा कि संत रविदास समानता के पक्षधर थे और किसी भी प्रकार के छुआछूत व भेदभाव के विरोधी थे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप कंचन, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक, अशोक कुमार यादव, रमेश मिश्र, राम नारायण सिंह, रमेश बाजपेई, सुरेश वर्मा, दिवाकर सिंह, लक्ष्मी विश्वकर्मा, शालिनी मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।



जो कुझ साडे अंदर वस्से
ज़ात असाडी सोई
जिस दे नाल मैं न्योंह
लगाया ओही जैसी होई

बुल्ले शाह कहते हैं, जो हमारे अंदर बस रहा है, अब तो वही हमारी जात है। अब तो हालत यह है कि जिसके साथ हमने प्रेम किया है, हम उसी जैसे हो गए हैं।

# वर्तमान हमारे अतीत का ही विस्तार है

गांधी जी जीवित होते तो आज 156 साल के होते। दो दिन पहले उनकी पुण्यतिथि थी। वे बहुत गहराई से याद किए गए। उन्होंने विश्व इतिहास में हस्तक्षेप किया और काल की अखंड सत्ता को प्रभावित किया। काल है भी अखंड सत्ता। सारी घटनाएं समय के भीतर होती हैं। अथर्ववेद (19.53-54) में भृगु कहते हैं, 'काल-अश्व विश्व-रथ का संवाहक है। काल ही पिता है, वही आगे पुत्र होता है। काल में प्राण हैं, मन हैं, सारे नाम हैं, काल की अनुकूलता ही आनंद है। काल स्वयंभू है। काल के द्वारा ही भूत और भविष्य पैदा हुए हैं आदि आदि।' समय पकड़ में नहीं आता। घटनाएं घटती हैं, घटना अतीत है। अतीत की घटनाओं का यथातथ्य संकलन इतिहास है। प्राचीन राष्ट्र की घटनाएं करोड़ों की संख्या में होती हैं।

भारत ऐसा ही राष्ट्र है। मूलभूत प्रश्न है कि घटनाओं के संकलन में संकलनकर्ता की रुचि क्या है? रुचि क्यों है? कुछेक विद्वान युद्ध प्रिय होते हैं, वे युद्धों का इतिवृत्त संकलित करते हैं। कुछ विद्वान प्रकृति प्रेमी होते हैं, वे प्राकृतिक परिवर्तनों के संकलन को इतिवृत्त का विषय बनाते हैं। मार्क्सवाद सोच के विद्वान उत्पादन पद्धति की विवरणी का संकलन करते हैं। इतिहास अतीत का दर्पण होता है, लेकिन इतिहास लेखन या संकलन की कोई भी शैली प्राचीन समाज या राष्ट्र का संपूर्ण विवरण नहीं हो सकती। जैसे समुद्री लहरों की गणना असंभव होती है, वैसे ही इतिहास संकलन का काम भी बड़ा जटिल है, इसलिए इतिहास का रूप स्वरूप और इतिहास खोजना बहुत कठिन काम है।

भारत में 'इतिहास के इतिहास' पर बहसें चलती हैं। यूरोपीय विद्वान भारत पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। मैक्समूलर ने लिखा, 'हिंदू दार्शनिकों की एक जाति थी। उनका संघर्ष विचारों का संघर्ष था। उनका अतीत सृष्टि की समस्या थी, उनका भविष्य अस्तित्व का प्रश्न था। यह कहना सही है कि विश्व के राजनीतिक इतिहास में भारत का कोई स्थान नहीं है।' मैक्समूलर को वैदिक और पौराणिक सहित प्राचीन इतिहास में राज्य व्यवस्था नहीं दिखाई पड़ती। एलफिंसटन को सिकंदर के हमले के पूर्व किसी भी घटना का निश्चित समय नहीं दिखाई पड़ता। उन्होंने 1839 में लिखा, 'भारतीय इतिहास में सिकंदर के आक्रमण के पूर्व किसी सार्वजनिक घटना की तिथि निश्चित नहीं की जा सकती है।' विटरनिट्ज यहां काव्य, नायकत्व और इतिहास का घालमेल देखते हैं। अलबरूनी के आरोप ज्यादा सख्त है कि 'हिंदू चीजों (घटनाओं) के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते। वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।'

> भारत में 'इतिहास के इतिहास' पर बहसें चलती हैं। यूरोपीय विद्वान भारत पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। मैक्समूलर ने लिखा, 'हिंदू दार्शनिकों की एक जाति थी। उनका संघर्ष विचारों का संघर्ष था। उनका अतीत सृष्टि की समस्या थी, उनका भविष्य अस्तित्व का प्रश्न था। यह कहना सही है कि विश्व के राजनीतिक इतिहास में भारत का कोई स्थान नहीं है।' मैक्समूलर को वैदिक और पौराणिक सहित प्राचीन इतिहास में राज्यव्यवस्था नहीं दिखाई पड़ती।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

गांधीजी को यह सब खासा बुरा लगा था। राष्ट्रबोध की वास्तविक शर्त सच्चा इतिहास बोध है। गणित, ज्योतिष, चिकित्सा आदि के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां विश्वख्यात थीं। भारत ने इतिहास संकलन की अपनी विशेष परंपरा विकसित की थी, लेकिन यूरोपीय तर्ज के इतिहासविद् भारत को इतिहासविहीन बता रहे हैं। गांधी जी राजाओं के विवरण को सच्चा इतिहास नहीं मानते थे। उन्होंने हिंद स्वराज में लिखा, 'इतिहास जिस अंग्रेजी शब्द (हिस्ट्री) का तरजुमा है और जिस शब्द का अर्थ बादशाहों या राजाओं की तवारीख होता है। हिस्ट्री में दुनिया के कोलाहल की ही कहानी मिलेगी। राजा लोग कैसे खेलते थे? कैसे खून करते थे? कैसे बैर करते थे, यह सब हिस्ट्री में मिलता है।' गांधी जी ने यूरोपीय इतिहास की अंतर्वस्तु को ठीक ही सिर्फ खूनखराबे का संग्रह बताया है।

अतीत और वर्तमान दो नहीं हैं, वर्तमान अतीत का ही विस्तार है। अतीत निर्जीव सत्ता नहीं है, वर्तमान बीते प्राणवान समय का ही चेहरा है, इसलिए पुराने समय के पर्वत, वन उपवन, पशु, पक्षी और ग्रहदशा तथा गीत, नृत्य भी वर्तमान काल में किसी न किसी रूप में मौजूद रहते ही हैं। इतिहास और वर्तमान का संबंध अविच्छिन्न है। इतिहास में मनुष्य के कर्म अनुभव होते हैं। भूलें चूकें और जय पराजय होती हैं। मनुष्य उनसे सीखता है।

वर्तमान की वस्तुनिष्ठ व्याख्या का उपकरण भी इतिहास ही है। इतिहास मनुष्य जीवन की प्रयोगशाला है। समाज इसी प्रयोगशाला के निष्कर्षों के अनुसार सही, गलत, करणीय या अकरणीय और अनुकरणीय कार्यों विचारों की सूची बनाता है, इसलिए इतिहास संकलन का काम वैज्ञानिक जैसा है, लेकिन दोनों के लक्ष्य में आधारभूत अंतर हैं। विज्ञान प्रकृति का विश्लेषण करता है, उसके निष्कर्ष अंतिम नहीं होते। प्रकृति विराट है, यहां अनंत रहस्य हैं। विज्ञान द्वारा जाना गया कोई भी तथ्य संपूर्ण या अंतिम सत्य नहीं होता। इतिहास 'हो चुके' का विवरण है। अतीत में अब कुछ भी नया होने की संभावना नहीं है, जो हो गया, उसी का तथ्यगत संकलन इतिहास है।

गांधी जी इतिहास निर्माता थे, लेकिन स्वयं एक अच्छे इतिहास लेखक भी थे। अनेक विद्वानों ने गांधी जी की लिखी 'दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का इतिहास' पुस्तक की प्रशंसा की है। गांधी जी की इस किताब का पहला अध्याय है 'भूगोल'। इतिहास की घटनाएं एक खास भूक्षेत्र पर घटित होती हैं। भूक्षेत्र का रूप-स्वरूप स्थायी नहीं रहता। उत्पादन के साधनों में भी परिवर्तन होते हैं, इसलिए इतिहास के सम्यक् अध्ययन में भूगोल की महत्ता है। वैदिक कवि भी अपने परिवेश, नदियों, पर्वतों का दिल खोल कर वर्णन करते थे। साथ में तत्कालीन अर्थव्यवस्था का काव्य बिम्ब भी खींचते थे।

गांधी जी ने भी दक्षिण अफ्रीका के तत्कालीन अर्थतंत्र का वर्णन किया- दक्षिण अफ्रीका के गाय और बैल हिंदुस्तान के गाय-बैलों से से अधिक बड़े और मजबूत होते हैं।' दक्षिण अफ्रीका में अंगूर हैं, अन्य मीठे फल हैं। आम भी है, लेकिन गांधी जी के अनुसार आमों की गुठलियां हिंदुस्तानी ही ले गए थे। गांधी जी ने इतिहास लेखन में भाषा को भी प्रमुख स्थान दिया है। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने याद दिलाया है 'जो लोग नस्लवादी दृष्टि से इतिहास लिखते हैं, उनके लिए अफ्रीका का इतिहास काले आदमियों का इतिहास है। गांधी जी का दृष्टिकोण इससे भिन्न है। वह काले आदमियों में उनकी भाषाओं और जातियों की पहचान करते हैं।'

अध्ययन के सभी विषयानुशासन मनुष्य के गढ़े हैं, मनुष्य के लिए हैं। वृहत्तर मानवता का लोकमंगल ही सभी विषयों के ज्ञान का लक्ष्य है। इतिहास में लोकमंगल साधने का कर्मयोग और व्यवहार शास्त्र पसरा हुआ है। स्वाभाविक ही इतिहास लेखन, संकलन और अध्ययन का कार्य लोकमंगल के लक्ष्य से जुड़ा होना चाहिए। मूलभूत प्रश्न यह है कि भारतीय उपमहाद्वीप की इतिहास देखने की प्राचीन दृष्टि क्या थी? क्या मिथकीय ही थी? क्या तथ्यों को झुठलाने की लत थी? क्या महाकाव्यों पुराणों और उसके भी पहले रचे गए वैदिक साहित्य के नायक काल्पनिक ही हैं? पूर्वजों की ऐसी ही इतिहास दृष्टि क्यों थी?

आधुनिक इतिहासकारों का एक वर्ग इतिहास में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सही और जरूरी मानता है। इस दृष्टिकोण से वैदिक साहित्य-इतिहास में क्या खामियां हैं? क्या मार्क्सवाद इतिहास लेखन ही वैज्ञानिक है? इस तरह तो कार्ल मार्क्स के पहले का समूचा इतिहास लेखन अवैज्ञानिक होगा? ऐसी प्रश्नावली बड़ी हो सकती है। मसलन क्या पुरातात्विक साक्ष्य ही प्रमाण है? शब्द अनुभूति श्रुति स्मृति क्यों बकवास हैं? उसी कालखंड का प्रेमपूर्ण समाज क्यों महत्वपूर्ण नहीं है?

# क्या टूटी सड़कें ही गांव से गुजरेंगी!

हर गांव की सांसें उसके रास्तों से जुड़ी होती हैं। यह रास्ते केवल मिट्टी और पत्थरों का बंधा हुआ मार्ग नहीं होते, बल्कि उससे गुजरने वाले हजारों लोगों के जीवन की धड़कन होते हैं। वे उनकी दिन-प्रतिदिन की मुश्किलों और भविष्य की उम्मीद का मिश्रण होते हैं। बात जब गांव की सड़कों विशेषकर उत्तराखंड जैसे पहाड़ी इलाकों के ग्रामीण क्षेत्रों की होती है, तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है।

गांव के लोग कहते हैं कि उनकी आवाज नीति निर्धारकों तक पहुंच नहीं पाती, जिसके कारण वह अपने क्षेत्र को बेहतर बनाने की दौड़ में पीछे छूट जाते हैं। उनके प्रयासों का परिणाम केवल टूटी राहों के रूप में मिलता है, न कि बेहतर जीवन की रूपरेखा के रूप में। रेत तथा पत्थरों से ढंकी इन ऊंची-नीची धूल भरी सड़कों ने गांव के लोगों के दैनिक जीवन को कठिन बना दिया है। घरों से बुजुर्ग, युवा और बच्चे प्रत्येक दिन उसी दर्द को झेलते हैं, जिसमें सड़कें अक्सर गड्ढों से भरी रहती हैं। हर साल बारिश के मौसम में यह दिक्कत और भी बढ़ जाती है। कई बार इन मार्गों पर से होकर गुजरना इतना खतरे भरा हो जाता है कि लोग अस्पताल पहुंचने में देरी का सामना करते हैं, ज़िंदगी से जूझते हुए घर लौटते हैं, या बुनियादी चीज़ों तक नहीं पहुंच पाते।



आंचल
एक्टिविस्ट

उत्तराखंड का भौगोलिक स्वरूप पहाड़ों, घाटियों और संकरी दरारों से बना है। ऐसे में सड़कें हर गांव को जोड़ने की एक जीवनदायिनी कड़ी होती हैं, लेकिन इन कड़ियों की मजबूती रोज़मर्रा की आवश्यकता बनती जा रही है, उसी तरह लोगों को अपने घर से शहर तक पहुंचने, इलाज कराने, बच्चों को स्कूल भेजने और रोजगार के साधन खोजने की अपेक्षा बढ़ती जा रही है। गांव की सड़कों पर अधूरे काम, गड्ढों और कमजोर निर्माण के कारण यह कड़ी अक्सर टूटती नजर आती है। जहां सरकार की योजनाओं के तहत कई परियोजनाएं उत्तराखंड में ग्रामीण मार्गों को जोड़ने और सुधारने के लिए चल रही हैं, वहां हकीकत और लोगों की दास्तान अक्सर विपरीत रहती है।

> उत्तराखंड का भौगोलिक स्वरूप पहाड़ों, घाटियों और संकरी दरारों से बना है। ऐसे में सड़कें हर गांव को जोड़ने की एक जीवनदायिनी कड़ी होती हैं। लोगों को अपने घर से शहर तक पहुंचने, इलाज कराने, बच्चों को स्कूल भेजने और रोजगार के साधन खोजने की अपेक्षा बढ़ती जा रही है।

वर्ष 2025 में भारी बारिश से 166 ग्रामीण सड़कें बंद हो गईं थीं और कई पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे। इससे ग्रामीण जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इस तरह की कठिन परिस्थितियों के चलते गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचना एक बड़ा सवाल बन जाता है। अस्पताल जाने के लिए कई किमी ऊबड़-खाबड़ रास्तों को पार करना पड़ता है, जिससे संभावित जीवन-संघर्ष और तनाव का सामना करना पड़ता है। उत्तराखंड में अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी ही परिस्थितियां देखने को मिलती हैं, जहां कठिन रास्तों ने लोगों की उम्मीदों को पहाड़ों की तरह खड़ा कर दिया है। जो लोग रोज़मर्रा की इन राहों पर चलते हैं, उनकी आवाज़ की यही पुकार है कि इन मार्गों को स्थाई और मजबूत बनाया जाए, ताकि जीवन की कठिनाइयां कम हों और वे अपने सपनों की ओर बिना किसी अतिरिक्त बोझ के बढ़ सकें।

# संत रविदास के वचन और इतिहास

संतों महात्माओं का जीवन चरित्र अक्सर रहस्यमय बनकर रह जाता है। संत रविदास के बारे में भी यही बात लागू होती है। रविदास जी के जीवन के संबंध में जो भी थोड़ी सी जानकारी प्राप्त होती है, उसके अग्रसारित तीन प्रकार हैं। 1-रविदास जी की अपनी वाणी, जिसमें जगह-जगह प्रसंगवश उनके जीवन से संबंधित कुछ घटनाओं का संकेत है। 2- उनके समकालीन संतों व भक्तों की रचनाएं, जिनमें रविदास जी के बारे में थोड़ा बहुत उल्लेख पाया जाता है। 3- कुछ प्रमुख ऐतिहासिक व्यक्ति, जिनसे रविदास जी का संबंध माना जाता है।

रविदास जी की वाणी का प्राचीनतम संग्रह आदि ग्रंथ में मिलता है, जिसमें अनेक जाति व धर्म के संतों की बातें संकलित हैं। इसका संकलन गुरु अर्जुन देव महाराज ने किया था। यह ग्रंथ 1640 ईस्वी में संपूर्ण हुआ था। इसमें रविदास जी के 40 पद हैं। इनमें से 22 पद कुछ परिवर्तन के साथ रविदास वाणी की अन्य पांडुलिपियों में भी मिलते हैं। इन पांडुलिपियों के आधार पर संत गुरु रविदास वाणी नामक पुस्तक डॉ. बीडी प्रसाद शर्मा ने संवत 2035 में प्रकाशित की है, जिसमें 177 पद और 41 सखियां संग्रित हैं। आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद द्वारा लिखित पुस्तक रविदास दर्शन 1973 ईस्वी में प्रकाशित है। इसी प्रकार रविदास जी के समकालीन संत कबीर और गुरु नानक को बोलियों का प्रमाण रविदास जी का जीवन काल निर्धारण करने में विशेष महत्व रखता है।



करन सिंह मौर्य
वरिष्ठ पत्रकार

जहां तक ऐतिहासिक प्रमाणों का संबंध है, संत रविदास और संत कबीर दोनों ही अपनी-अपनी वाणी में एक-दूसरे का वर्णन करते हैं। एक अन्य घटना जो रविदास जी के जन्म और मृत्यु काल को निश्चित करने में सहायक हो सकती है, वह मीरा बाई का उनसे दीक्षा लेना। आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद के अनुसार, रविदास जी का जन्म विक्रमी संवत 1433 (1373 ईस्वी) में माघ शुक्ल पूर्णिमा दिन रविवार को हुआ। गुरु रविदास जी के जन्म के संबंध में संत करम सिंह लिखित एक दोहा प्रचलित है-चौदह सौ तैंतीस की माघ सुदी पंदरास। दुखियों के कल्याण हित प्रगति स्री रविदास।

रविदास जी की मृत्यु के बारे में एक अन्य दोहा प्रचलित है, जिससे यह सिद्ध होता है कि रविदास जी की मृत्यु 1527 ईस्वी में चित्तौड़ में हुई थी। पंद्रह सौ चउअसी भई चित्तौड़ मंह भीर। जर-जर देह कंचन भई, रवि-रवि मिल्यो शरीर। इस आधार पर रविदास जी की उम्र 151 वर्ष बनती है। इस पर आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद का कहना है कि रविदास जैसे परम योगी आचार्य वन सात्विक वृत्ति वाले सद्गृहस्थ के लिए इतनी लंबी आयु भोगना कोई असंभव बात नहीं है।

बेणी प्रसाद शर्मा और धर्मपाल मैनी ने रविदास की मृत्यु को उक्त तिथि को स्वीकार करते हुए जन्म काल 1399 ई. मानकर उनका जीवन काल 128 वर्ष माना है। महात्मा चरण दास कुरील ने रविदास का जन्म काल 1414 ई. माना है। उन्होंने यह दिखाया है कि माघ शुक्ल पूर्णमा तिथि को रविवार पड़ता है, इसी कारण रविदास नाम दिया जाना संभव प्रतीत होता है। ज्ञानी बरकत सिंह आनंद तथा दर्शन सिंह ने भी इसका समर्थन किया है।

# बजट: ट्रंप टैरिफ के काउंटर की उम्मीदें

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को बजट में आर्थिक विकास की गति बनाए रखने की चुनौती होगी, क्योंकि यह ट्रंप टैरिफ के प्रभावी होने के बाद का पहला बजट है। ऐसे में टैरिफ को काउंटर करने की नीति और दूसरी ओर आर्थिक विकास की गति बरकरार रखने की आवश्यकता होगी, जिसमें मुख्य रूप से विनिर्माण, तकनीकी-नवाचार, रोजगार सृजन, ढांचागत अवसंरचना, युवा-महिला कल्याण, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं का विस्तार के साथ ही गांव-किसान का कल्याण शामिल है।

> यह ट्रंप टैरिफ के प्रभावी होने के बाद का पहला बजट है, ऐसे में बजट में एक और टैरिफ को काउंटर करने की नीति और दूसरी ओर आर्थिक विकास की गति जारी रखने वाले कदमों के मद्देनजर लिए गए सुधारों की गति बरकरार रखने की आवश्यकता होगी।

भारत के आर्थिक सुधारों के अभियान को बीती 27 जनवरी, को भारत और यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते से बड़ी गति मिलने की उम्मीद है। यह न सिर्फ व्यापारिक बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी एक बहुत बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच एफटीए के लिए बातचीत का सिलसिला 20 वर्ष पुराना है। 2007 में शुरू हुई यह बातचीत 2026 के जनवरी माह में अंजाम पर पहुंची। भारत के लिए यह समझौता हर दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

यूरोपीय संघ और भारत मिलकर विश्व की जीडीपी का लगभग एक चौथाई हिस्सा हैं और वैश्विक व्यापार में इनकी भागीदारी एक तिहाई के करीब है। इनकी जनसंख्या का आकार लगभग दो अरब के आसपास है। इस समझौते के बाद भारत यूरोप के विश्व बाजार तक अपने उत्पादों को पहुंचाने में सफल होगा, जिसमें मुख्य रूप से कपड़ा, चमड़ा, आभूषण व रत्न आदि लगभग शून्य शुल्क के साथ निर्यात किए जा सकेंगे। वहीं यूरोपीय संघ के 27 देशों से तकनीकी उपकरण, ऑटोमोबाइल उत्पाद, मशीनरी, रसायन इत्यादि सस्ते दामों पर भारत मेंउपलब्ध होंगे।



प्रो. एचसी पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

ट्रंप टैरिफ के बाद भारत ने पिछले वर्ष आर्थिक सुधार व ढांचागत विकास को गति देने की दिशा में कई कदम उठाए। यही कारण है कि औद्योगिक उत्पादन दर बीते दिसंबर माह में पिछले दो वर्षों के शीर्षतम स्तर पर रहा, इसका कारण ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस एवं प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव सहित दर्जनों सुधार के कदमों को समझा जा सकता है। यूरोपियन संघ के साथ यह व्यापार समझौता रोजगार के नए अवसरों को उत्पन्न करेगा, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

इस व्यापार समझौते से एमएसएमई क्षेत्र के लिए नए अवसर खुलेंगे और महिलाओं, युवाओं व पेशेवरों के लिए रोजगार उत्पन्न होगा, सेवाओं के क्षेत्र में बाजार तक पहुंच बढ़ेगी, जिसमें मुख्यतः डिजिटल सेवाओं के विस्तार को अवसर मिलेगा, भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति से जुड़े विशेषज्ञ व प्रशिक्षकों को यूरोप के देशों में कार्य करने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस संदर्भ में मूडीज़ रेटिंग्स का भी मानना है कि यह समझौता मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ रोजगारपरक केंद्रों के निर्माण में सहायक होगा।

इस बजट में आवश्यकता है कि विनिर्माण की गति तेज करने के लिए भारत को लॉजिस्टिक और नीतिगत सुधारों की रफ्तार तेज रखने के प्रावधान करने होंगे। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना से विनिर्माण क्षेत्र को काफी गति मिली है, इसको जारी रखने की आवश्यकता है। इसके साथ ही आपूर्ति श्रृंखला का सुदृढ़ीकरण किया जाना आवश्यक है। इसके लिए श्रम शक्ति का कौशल व नवाचार क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण का प्रावधान तथा शोध व विकास कार्य को प्राथमिकता देना होगा।

महिला सशक्तिकरण, एआई, रोबोटिक्स, नवाचार के लिए अनुसंधान केंद्रों को प्रोत्साहित करना भी जरूरी है। टैरिफ वार के बीच एफटीए के माध्यम से उभरते नए बाजार-केंद्रित योजनाओं का प्रोत्साहन, डिजिटल इंडिया को केंद्र में रखते हुए डिजिटलीकरण के विस्तार पर विशेष बल देना होगा। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना के अमल में आने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था विशेष रूप से कृषि, पशुपालन, औद्यानिकी, वानिकी, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, हस्तशिल्प और डेयरी व्यवसाय इत्यादि क्षेत्रों को गति मिलेगी।

विकसित भारत व ग्रामीण विकास की इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए बजट में विशेष ध्यान देना होगा तभी ग्राम स्वराज की स्थापना हो सकेगी और गांव में रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। कुल मिलाकर इस बजट पर आम और खास सभी वर्गों की नजर होगी, यह बजट विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

# सुनो नहरों की पुकार: जब आस्था पर्यावरण से संवाद करती है

जब हम पूजा, परंपरा और श्रद्धा की बात करते हैं, तो अक्सर भूल जाते हैं कि धर्म का मूल उद्देश्य जीवन की रक्षा है- विनाश नहीं। जल, जो जीवन का आधार है, वही यदि हमारी आस्था के नाम पर अपवित्र हो जाए, तो यह आत्ममंथन का विषय बनता है। 'सुनो नहरों की पुकार' ऐसा ही एक जनजागरण अभियान है, जो हमें हमारी ही भूलों से रूबरू कराता है और बताता है सच्ची पूजा क्या है!



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

नहरें सिर्फ़ पानी का बहाव नहीं हैं। वे खेतों की हरियाली, पशुओं की प्यास, गांवों की संस्कृति और सभ्यता की धमनियां हैं। इन्हीं नहरों के सहारे किसान अपने खेतों में सोना उगाता है। पशु जीवन पाते हैं और ग्रामीण समाज की अर्थव्यवस्था चलती है। परंतु आज यही जीवन रेखाएं हमारी असावधानी और अंधी परंपराओं के कारण कराह रही हैं।

पूजा के बाद की सामग्री— मूर्तियाँ, फूल, कपड़े, प्लास्टिक, सिंदूर, अगरबत्ती, नारियल, यहां तक कि मृत पालतू पशु नहरों में प्रवाहित कर दिए जाते हैं। जो कर्म श्रद्धा के नाम पर किए जाते हैं, वे दरअसल प्रकृति के विरुद्ध अपराध बन चुके हैं।

इसी पीड़ा और चिंता से जन्मा 'सुनो नहरों की पुकार' अभियान। इसकी शुरुआत रोहतक में डॉ. जसमेर सिंह हुड्डा (संयोजक) और हिसार में माननीय भूपेंद्र सिंह गोदारा के प्रयासों से हुई। यह कोई एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि वर्षों की तपस्या और निरंतर जागरूकता का परिणाम है।

यह अभियान न किसी राजनीतिक लाभ के लिए है, न किसी संगठनात्मक प्रसिद्धि के लिए। इसका उद्देश्य केवल एक है- नहरों को प्रदूषण से मुक्त करना और समाज की सोच में बदलाव लाना। गुरेरा गांव की मिट्टी से उठे मास्टर भूपेंद्र गोदारा ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले अनेक जागरूक साथी।

यह संकट केवल कृषि तक सीमित नहीं है। नहरों का पानी पीने वाले पशु, पक्षी और अन्य जीव रोगग्रस्त हो जाते हैं। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि जल प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए एक मौन आपदा बन चुका है। यदि नहरें बचेंगी तो खेत हरे-भरे रहेंगे, पशु-पक्षी सुरक्षित रहेंगे और आने वाली पीढ़ियां स्वच्छ जल का उपहार पाएंगी।

# नासिक की पहचान बदल रहा है वाइन उद्योग

प्याज, लहसुन और फूलों समेत सब्जियों के लिए ख्यात नासिक अब वाइन उद्योग को बढ़ावा देने में लगा है, लेकिन क्या यह बाजार के अलावा व्यापक समाज के लिए भी मुनासिब होगा? अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों ने यही गलती तंबाकू के साथ की थी, जहां आम लोग एक किलो खाद्यान्न पर एक सिगरेट को प्राथमिकता देने लगे थे। क्या वाइन उद्योग भी नासिक इलाके में यही करेंगे?



महाराष्ट्र के नासिक ज़िले की सह्याद्रि पहाड़ियों में फैले 'वाइन यार्ड' आज एक ऐसे पर्यटन मॉडल का प्रतीक बन चुके हैं, जिसे आकर्षक शब्दों में 'वाइन टूरिज़्म' कहा जाता है। चमकदार ब्रांडिंग, दूर-दूर तक फैले अंगूर के बागान, टेस्टिंग रूम, कैफे, संगीत, खुले लॉन और फ़ोटो-स्पॉट। यह पूरा परिदृश्य किसी सामान्य पारिवारिक सैरगाह जैसा प्रतीत होता है, लेकिन इस आकर्षक दृश्य के पीछे एक चिंताजनक सामाजिक-सांस्कृतिक तथा पर्यावरणीय कहानी छिपी है, जिसे पर्यटन के उत्साह में अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले दिनों हमें ऐसे ही एक यार्ड का भ्रमण करने का अवसर मिला, जिसे 'वाइन पर्यटन' का अग्रदूत माना जाता है। यहां आने वाले पर्यटक वाइन बनाने की प्रक्रिया देखने के साथ-साथ उसे चखते हैं। स्वाद लेते हैं। बोतलें खरीदते हैं और तथाकथित 'लाइफ़ स्टाइल अनुभव' का हिस्सा बनते हैं। यही मॉडल अब नासिक और आसपास के क्षेत्रों में अन्य वाइन ब्रांड्स द्वारा भी अपनाया जा रहा है। इन सभी परिसरों में शराब को केवल एक उत्पाद के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिकता, आनंद और सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

यूं तो पर्यटन का उद्देश्य किसी स्थान की संस्कृति, प्रकृति, इतिहास और वहां के लोगों से जुड़ना होता है, लेकिन 'वाइन पर्यटन' का मौजूदा स्वरूप इससे अलग दिशा में जाता दिखता है। यहां स्थानीय ग्रामीण जीवन, किसानों की वास्तविक परिस्थितियां और क्षेत्र की पारंपरिक संस्कृति हाशिये पर चली जाती है। केंद्र में रहता है ब्रांड, बाज़ार और प्रदर्शन। यह ऐसा पर्यटन है, जिसमें आनंद उपभोग से तय होता है। भारतीय समाज की सामूहिकता, सादगी और संयम की परंपरा इस मॉडल से सीधे टकराती है।

नासिक को भारत की 'वाइन कैपिटल' कहा जाता है। अनुमान है कि भारत में लगभग 70–80 वाइनरी हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत से अधिक महाराष्ट्र में हैं और इनका बड़ा हिस्सा नासिक क्षेत्र में केंद्रित है। नासिक, सांगली, सोलापुर (आकलूज) और पुणे जैसे इलाकों को मिलाकर लगभग 45–50 वाइनरी सक्रिय या अर्ध-सक्रिय मानी जाती हैं। सरकारी नीतियां, निर्यात की संभावनाएं और पर्यटन इस विस्तार को लगातार गति दे रहे हैं, लेकिन यह विस्तार केवल आर्थिक अवसर नहीं लाता; इसके साथ सामाजिक और पर्यावरणीय दबाव भी बढ़ते हैं।

भारत विश्व के प्रमुख अंगूर उत्पादक देशों में शामिल है। देश में हर वर्ष लगभग 30–32 लाख टन अंगूर का उत्पादन होता है, जिसमें 55–60 प्रतिशत हिस्सेदारी महाराष्ट्र की है। नासिक अकेले भारत के कुल अंगूर उत्पादन का लगभग एक तिहाई करीब 9–11 लाख टन पैदा करता है। यह उत्पादन लगभग 1.4–1.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैली खेती से आता है।

वाइन परिसरों में सबसे चिंताजनक दृश्य बच्चों की निर्बाध मौजूदगी है। छोटे बच्चे अपने माता-पिता और अन्य वयस्कों को वाइन-टेस्टिंग करते, बोतलें खरीदते और शराब को उत्सव से जोड़ते देखते हैं। बचपन में देखे गए अनुभव ही मूल्यबोध की नींव रखते हैं। इस तरह शराब एक प्रकार के सांस्कृतिक प्रशिक्षण का हिस्सा बन जाती है, जिसका प्रभाव आने वाले दशकों में दिखाई देगा। यह केवल नैतिक प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का मुद्दा है। असल सवाल यह है कि हम किस तरह का समाज गढ़ रहे हैं? क्या हम अपनी अगली पीढ़ी को यह सिखाना चाहते हैं कि आनंद, आधुनिकता और सामाजिक स्वीकृति का रास्ता मद्यपान से होकर गुजरता है?


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

**ब्रह्मोस का उन्नयन निरंतर चलने वाली परियोजना**

**मॉस्को।** ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों का उन्नयन और आधुनिकीकरण एक निरंतर चलने वाली परियोजना है, जिसका उद्देश्य हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकियों की ओर बढ़ना है। रूसी संयुक्त उद्यम साझेदार एनपीओ माशिनोस्ट्रोयेनिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और मुख्य डिजाइनर अलेक्जेंडर लियोनोव ने उन्नत मार्गदर्शन और नियंत्रण प्रणालियों से लैस ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसे पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या जमीन से प्रक्षेपित किया जा सकता है।

अमृत विचार
लखनऊ, रविवार, 1 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### एयरबस को मिला पहला एच175 हेलीकॉप्टर का ऑर्डर

**हैदराबाद।** फ्रांस की कंपनी एयरबस कॉर्पोरेट हेलीकॉप्टर्स को एक निजी भारतीय ग्राहक से तीन हेलीकॉप्टरों के लिए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसे भारत से एच175 हेलीकॉप्टर के लिए पहला ऑर्डर मिला है। साथ ही दो ओसीएच160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर मिले हैं। उक्त ऑपरेटर के बेड़े में एसीएच160 हेलीकॉप्टर के पहले से शामिल हैं। एच175 दो इंजन वाला सुपर-मीडियम हेलीकॉप्टर है, जिसमें कुल 16 सीटें होंगी। इसकी डिलिवरी इसी साल होने की संभावना है। दो एसीएच160 हेलीकॉप्टरों को ग्राहक विशेष जरूरत के हिसाब से तैयार किया जायेगा और उनकी डिलिवरी अगले साल होगी।

### सेल-ई-ब्रेशन रचनात्मक प्रतियोगिता शुरू की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारत सरकार के डिजिटल नागरिक सहभागिता मंच माईगव के सहयोग से सेल-ई-ब्रेशन नामक रचनात्मक प्रतियोगिता शुरू की है। सेल ने कहा कि इस पहल का मकसद नए भारत के निर्माण में इस्पात की भूमिका को डिजिटल कहानी से आम जन तक पहुंचाना है। इस्पात से राष्ट्र निर्माण, सेल है मजबूत भरोसे की पहचान थीम पर आधारित प्रतियोगिता में देश के डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को रील, चलचित्र और डिजिटल विज्ञापनों के जरिए अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया गया है।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का लाभ 48% बढ़ा

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का दिसंबर 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 48% की वृद्धि के साथ 503 करोड़ रुपये रहा। निजी क्षेत्र के इस ऋणदाता ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 339 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि आलोच्य तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 12,542 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 11,123 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय भी पिछले वर्ष की समान तिमाही के 9,343 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,417 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) बढ़कर 5,492 करोड़ रुपये रही।

# बैंक जमा, निवेश पर समान कर हो लागू

## एसबीआई प्रमुख शेट्टी बोले- वित्तीय बचत साधनों के लिए एक समान अवसर होने चाहिए

मुंबई, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने शनिवार को शेयर (इक्विटी) निवेश और बैंक जमा से होने वाली कमाई पर एक समान कर व्यवस्था लागू करने की वकालत की। केंद्रीय बजट से एक दिन पहले शेट्टी ने कहा कि दुनिया में अन्य कहीं भी कराधान में इस तरह की असमानता नहीं है और अब समय आ गया है कि भारत भी अन्य बाजारों के अनुरूप चले। उन्होंने बैंकिंग कार्यक्रम के इतर कहा कि वित्तीय बचत साधनों के लिए समान अवसर होने चाहिए।



● केंद्रीय बजट से एक दिन पहले शेट्टी ने की मांग

शेट्टी ने बताया कि हालांकि वह बजट के प्रावधानों के बारे में नहीं जानते और इस तरह के कदम से राजकोषीय चुनौतियां भी हो सकती हैं, लेकिन इक्विटी के लिए किसी विशेष व्यवहार की आवश्यकता नहीं है। एक समय में आसान कराधान के माध्यम से इक्विटी निवेश को प्रोत्साहित करना सही रहा होगा, लेकिन आज जिस तरह से जोखिम भरे इक्विटी बाजार में लोगों की रुचि बढ़ रही है, वहां अब ऐसी विशेष रियायत की जरूरत नहीं है। वर्तमान में बैंक जमा पर रिटर्न करदाता के टैक्स स्लैब के अनुसार लगता है, जो 30 प्रतिशत तक हो सकता है। इसके विपरीत, सूचीबद्ध इक्विटी पर रिटर्न पर रियायती दरें लागू हैं, जिसमें 1.25 लाख रुपये से अधिक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) पर 12.5 प्रतिशत और अल्पकालिक पूंजीगत लाभ (एसटीसीजी) पर 15-20 प्रतिशत कर लगता है।

### बचतकर्ता खातों में रख रहे केवल न्यूनतम शेष राशि

बैंकर पिछले कुछ समय से इन दोनों वित्तीय साधनों के बीच समानता की मांग कर रहे हैं और जमा राशि जुटाने में आ रही चुनौतियों के कारण अब यह मांग और तेज हो गई है। कई बैंकरों का कहना है कि बचतकर्ता अब काफी समझदार हो गए हैं और वे बैंक खातों में केवल न्यूनतम शेष राशि ही रख रहे हैं। वे बेहतर रिटर्न पाने के लिए अतिरिक्त धन को इक्विटी में लगाना पसंद कर रहे हैं। इससे बैंकों के पास ऋण देने के लिए उपलब्ध संसाधनों में कमी आती है और अक्सर उन्हें कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए सरकारी बॉन्ड में निवेश का सहारा लेना पड़ता है या मुद्रा बाजारों से उधार लेना पड़ता है।

### आठ नए क्षेत्रों को बढ़ाव देगा स्टेट बैंक का 'चक्र'

**मुंबई।** सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने आठ नवोदित क्षेत्रों को वित्त पोषण देने के लिए शनिवार को उत्कृष्टता केंद्र चक्र की शुरुआत की। उत्कृष्टता केंद्र जिन आठ क्षेत्रों पर फोकस करेगा उनमें नवीकरणीय ऊर्जा, एडवांस्ड सेल केमिस्ट्री एवं बैटरी स्टोरेज, इलेक्ट्रिक परिवहन, हरित हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, डी-कार्बनाइजेशन, स्मार्ट बुनियादी ढांचा और डाटा सेंटर अवसंरचना शामिल हैं। बैंक ने बताया कि ये क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक भविष्य के मुख्य चालक के रूप में उभर रहे हैं। 2030 तक इन सेक्टरों में 100 लाख करोड़ के पूंजी निवेश की संभावना है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने एसबीआई के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की उपस्थिति में चक्र का उद्घाटन किया। बैंक के प्रबंध निदेशक, अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं वैश्विक बैंकों के प्रतिनिधि, प्रमुख कॉरपोरेट समूह, वित्तीय संस्थान, उद्योग निकाय तथा पारितंत्र से जुड़े अन्य प्रमुख हितधारक भी उपस्थित थे।

## अरब देशों से व्यापार और निवेश को प्रगाढ़ बनाएगा भारत : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने अरब देशों के साथ व्यापार और निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया है। उन्होंने शनिवार को अरब देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की, जिन्होंने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में अरब लीग भूमिका की सराहना की।

भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक के लिए अरब देशों के विदेश मंत्री नई दिल्ली में हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, मोदी ने भारत और अरब जगत के बीच प्रगाढ़ और ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने वर्षों से दोनों पक्षों के बीच संबंधों को प्रेरित और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्षों में भारत-अरब साझेदारी को लेकर अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया और पारस्परिक लाभ को व्यापार और निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग और गहरा करने में भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026

## ग्रीन एनर्जी आधारित इको-सिस्टम से सशक्त बनेगा प. उप्र



संवाददाता, मेरठ

● ऊर्जा एवं नवीन ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर रहे मुख्य अतिथि

● आईआईए मेरठ चैप्टर की ओर से पहली बार मेरठ में 21, 22 एवं 23 फरवरी को होगा आयोजन

**अमृत विचार:** विक्टोरिया पार्क क्रिकेट ग्राउंड में इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026 का अनावरण/सॉफ्ट लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा एवं नवीन ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो ग्रीन एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

आयोजकों ने बताया कि आईआईए मेरठ चैप्टर की ओर से पहली बार मेरठ में इंडियन सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026 का आयोजन होगा। यह 21, 22 एवं 23 फरवरी 2026 को आईआईए भवन, मोहकमपुर औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित होगा। आईआईए का लक्ष्य एक्सपो के माध्यम से 500 करोड़ से अधिक का व्यवसाय करना है। इसका उद्देश्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कार्यरत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त और प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे उत्पादों और सेवाओं को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित कर सकें। आयोजकों ने बताया कि एक्सपो में कार्बन न्यूट्रैलिटी, सस्टेनेबिलिटी तथा ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में उद्यमिता के विकास जैसे विषयों पर सेमिनार होंगे। साथ ही प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग से जुड़ी सरकारी योजनाओं और प्रोत्साहनों पर भी प्रकाश डाला जाएगा। पीएम सूर्य घर और पीएम-कुसुम योजना एक्सपो के आकर्षण होंगे। आयोजकों को आशा है कि यह पहल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ग्रीन एनर्जी आधारित स्टार्टअप इको सिस्टम को सशक्त बनाएगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा एवं गति देगी।

# देश का चीनी उत्पादन 18.35% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में चीनी उत्पादन चालू सत्र 2025-26 में 31 जनवरी तक 18.35 प्रतिशत बढ़कर 1.95 करोड़ टन पर पहुंच गया है। उद्योग निकाय इस्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य उत्पादक राज्यों में उत्पादन बढ़ने से यह वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले सत्र की समान अवधि में चीनी का उत्पादन 1.64 करोड़ टन रहा था। चीनी सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) के अनुसार, वर्तमान में देशभर में 515 चीनी मिलें चालू हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 501 मिलें चल रही थीं। देश के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में 31 जनवरी तक चीनी का उत्पादन 42 प्रतिशत बढ़कर 78.7 लाख टन रहा। राज्य में अभी 206 मिलों का परिचालन हो रहा है, जबकि एक साल पहले इनकी संख्या 190 थी। दूसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में उत्पादन अब तक



● उद्योग निकाय इस्मा के अनुसार 2025-26 में 31 जनवरी तक 1.95 करोड़ टन पहुंचा

55.1 लाख टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग पांच प्रतिशत अधिक है। इस्मा ने कहा कि तीसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य कर्नाटक में भी पेराई की गति तेज रही और वहां उत्पादन पिछले सत्र की इसी अवधि की तुलना में 15 प्रतिशत बढ़ा है। इस्मा ने अनुमान जताया है कि 2025-26 के पूरे सत्र के लिए शुद्ध चीनी उत्पादन 18.6 प्रतिशत बढ़कर 3.09 करोड़ टन रह सकता है, जो पिछले सत्र में 2.61 करोड़ टन था।

## चावल सस्ता व गेहूं महंगा, खाद्य तेल और दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव गिर गए जबकि गेहूं में तेजी रही। वहीं, चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 31 रुपये घटकर 3,810 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं चार रुपये चढ़कर 2,866 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। दाल-दलहनों में उड़द दाल की कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 59 और चना दाल 24 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 20 और तुअर दाल की 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंगफली तेल की कीमत 118 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।

## अडाणी अमेरिकी एसईसी से नोटिस लेने के लिए तैयार, 90 दिनों में देंगे जवाब

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर अडाणी अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) से दीवानी धोखाधड़ी के मुकदमे में कानूनी नोटिस लेने को तैयार हैं। अदालती दस्तावेज से यह जानकारी मिली। इन पर आरोप है कि उन्होंने रिश्वत देने की योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह किया।

● रिश्वत देने की योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह करने का आरोप

न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में संघीय अदालत में दायर दस्तावेज के अनुसार एसईसी और गौतम तथा सागर अडाणी के अमेरिका स्थित वकीलों ने कहा कि वकील नियामक के कानूनी कागजात स्वीकार करने को सहमत हो गए हैं। इससे न्यायाधीश को अब फैसला देने की जरूरत नहीं होगी कि प्रतिवादियों को नोटिस कैसे तामिल कराया जाए। यह संयुक्त आवेदन संबंधित अदालत के समक्ष मंजूरी को प्रस्तुत किया गया है। यह कानूनी कार्यवाही में मानक प्रक्रियात्मक कदम है, जो मामलों के समाधान की अनुमति देता है।

### अनुपालन बोझ कम करने पर आईबीबीआई का जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के चेयरपर्सन रवि मित्तल ने शनिवार को कहा कि नियमों की प्रभावशीलता को बनाए रखते हुए अनुपालन आवश्यकताओं को कम करने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने मजबूत कॉरपोरेट शासन के महत्व पर भी बल दिया। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा ग्रेटर नोएडा में आयोजित वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स के सत्र में मित्तल के साथ सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय और एनएफआरए के चेयरपर्सन नितिन गुप्ता ने भी विचार साझा किए। मित्तल ने कहा कि कानूनों के बेहतर कार्यान्वयन और कम अनुपालन की आवश्यकता है। उन्होंने जानकारी दी कि आईबीबीआई ने आईआईएम अहमदाबाद से अपने नियमों की समीक्षा करने और अनुपालन आवश्यकताओं को सरल बनाने के लिए कहा है।



# टीएमसी से ज्यादा भ्रष्ट कोई सरकार नहीं : शाह

## सिलीगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्रीय गृह मंत्री ने किया संबोधित

● सीमा सुरक्षा उपायों में बाधा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ के लिए जमीन न देने का लगाया आरोप

कोलकाता/सिलीगुड़ी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार जितनी भ्रष्ट कोई और सरकार देश में नहीं है। सिलीगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने राज्य सरकार पर सीमा सुरक्षा उपायों में बाधा डालने और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को जमीन उपलब्ध न कराने का भी आरोप लगाया।

शाह ने कहा कि मैंने संसद में कहा था कि बीएसएफ को बाड़



कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सुवेंदु अधिकारी।

लगाने के लिए जमीन की जरूरत है। मैंने ममता बनर्जी को सात बार पत्र लिखा। मैं खुद भी उनके कार्यालय गया, लेकिन फिर भी जमीन नहीं दी गई। गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में समुदायों के बीच तनाव को बढ़ावा दे रही है। ममता बनर्जी ने यह सुनिश्चित किया है कि बंगाल में हर समुदाय एक-दूसरे से लड़े, जिससे राज्य की एकता के लिए खतरा पैदा हो रहा है। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अमित शाह ने कहा कि भाजपा उत्तर बंगाल की सभी सीट पर जीत हासिल करेगी, क्योंकि लोग टीएमसी के सिंडिकेट राज और भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं।

### घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही टीएमसी

शाह ने आरोप लगाया कि राज्य के अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने में निर्वाचन का सहयोग नहीं कर रहे। इससे पहले, उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी बैठक में शाह ने टीएमसी सरकार पर घुसपैठियों को बचाने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और चुनावी फायदे के लिए सीमा सुरक्षा को कमजोर करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार का गठन अब सिर्फ राजनीतिक मकसद नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि 2026 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस सत्ता से बाहर हो जाएगी।

### सरकार बनते ही 45 दिनों में सीमा पर लगेगी बाड़

शाह ने कहा कि जिस तरह से पश्चिम बंगाल में घुसपैठ हो रही है, वह पूरे देश के लिए सुरक्षा का मुद्दा बन गया है। अदालत के आदेश के बाद भी टीएमसी बीएसएफ को सीमा पर बाड़बंदी के लिए जमीन नहीं दे रही है, क्योंकि घुसपैठिए उसके वोट बैंक हैं। राज्य में प्रशासन और पुलिस अवैध प्रवासियों को नहीं रोक रही है, जिन्हें जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके पूरे देश में भेजा जा रहा है। शाह ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने स्वीकार किया कि मुख्यमंत्री बनर्जी सीमा पर बाड़ लगाने को भूमि देने में सहयोग नहीं कर रही हैं। चाहे ममता हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार 31 मार्च तक भूमि दें या नहीं, अप्रैल में भाजपा का मुख्यमंत्री बनते ही 45 दिनों में सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा कर दिया जाएगा। असम से तुलना करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद वहां घुसपैठ रुक गई, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान ऐसा नहीं था। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर शाह ने कहा, ममता जितना विरोध करना चाहें करें, लेकिन यह प्रक्रिया घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए जारी रहेगी।

## नीट अभ्यर्थी की मौत की सीबीआई जांच कराने की सिफारिश

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने पटना में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय छात्रा की हाल ही में हुई मौत की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की है। इससे पहले, बिहार पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) इसकी जांच कर रहा था।

जहानाबाद की छात्रा इस महीने की शुरुआत में पटना के चित्रगुप्त नगर में हॉस्टल के कमरे में बेहोश मिली थी और कई दिन तक कोमा में रहने के बाद 11 जनवरी को उसकी मौत हो गई। छात्रा के परिवार ने उसका यौन उत्पीड़न होने और अधिकारियों पर मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। चौधरी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत सरकार से पटना में नीट छात्रा की हत्या के मामले (केस नंबर- 14/26) की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया है।

## राकांपा ने विलय पर साधी चुप्पी गोयल बोले- ऐसी उम्मीद नहीं

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

● राकांपा (शप) का दावा- अजित दोनों गुटों के विलय की रखते थे इच्छा, शरद पवार ने भी स्वीकारा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को पार्टी के प्रतिद्वंद्वी गुटों के विलय की संभावनाओं पर सतर्कतापूर्ण चुप्पी साधे रखी, जबकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उन्हें निकट भविष्य में ऐसा होने की कोई उम्मीद नहीं है। दूसरी ओर, राकांपा (शप) के नेताओं ने दावा किया कि अजित पवार दोनों गुटों के विलय की इच्छा रखते थे लेकिन पार्टी प्रमुख शरद पवार ने स्वीकार किया कि अब इस प्रक्रिया में बाधा आ सकती है।

राकांपा के एक गुट का नेतृत्व अजित पवार कर रहे थे और दूसरे की कमान उनके चाचा शरद पवार के पास है। अजित पवार का दो दिन पहले विमान दुर्घटना में निधन हो गया था। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति सरकार के हिस्से के रूप में राकांपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। गोयल ने राकांपा के दोनों गुटों के विलय की चर्चा पर कहा कि व्यक्तिगत रूप से मुझे ऐसा होता नजर नहीं आ रहा। राकांपा का नेतृत्व पहले अजित पवार के पास था और अब सुनेत्रा पवार के पास है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रफुल्ल पटेल को राकांपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुझे नहीं लगता कि शरद पवार को राकांपा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा क्योंकि उन्होंने जनता का विश्वास खो दिया है। मुंबई में राकांपा नेताओं प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया।

## बंगाल : एनआईए ने बेलडांगा हिंसा की जांच की शुरू

**कोलकाता।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में भड़की हिंसा की जांच शनिवार को शुरू की। यह हिंसा झारखंड में इस महीने की शुरुआत में एक प्रवासी मजदूर की मौत की खबर के बाद भड़की थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एनआईए की टीम सुबह बेलडांगा पुलिस थाना पहुंची और जांच में पहले से शामिल अधिकारियों से बात की और उनसे दस्तावेज मांगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए संघीय एजेंसी ने नए सिरे से प्राथमिकी दर्ज की है। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि क्या हिंसा किसी संगठित साजिश, भ्रामक जानकारी के प्रसार या सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के लिए की गई उकसावे की कार्रवाई का परिणाम थी। बेलडांगा और आसपास के इलाकों में 16 जनवरी को उस समय तनाव फैल गया जब खबर आई कि इलाके के प्रवासी मजदूर की झारखंड के आश्रय स्थल पर मौत हो गई है। बिहार में इसी क्षेत्र के एक प्रवासी मजदूर पर हुए हमले की खबर आने के बाद लगभग दो दिनों तक स्थिति अस्थिर बनी रही और इलाके में अशांति की घटनाएं सामने आईं।

# फरवरी में तापमान होगा सामान्य से अधिक, बारिश भी होगी कम

नई दिल्ली, एजेंसी

● आईएमडी के अनुसार, गेहूं और जौ जैसी फसलों में समय से पहले पकने की हो सकती है समस्या, पैदावार होगी कमजोर

देश में फरवरी में मौसम सामान्य से अधिक गर्म रहने और बारिश कम हो सकती है, हिमालयी क्षेत्र में जहां सर्दियों के शुष्क होने को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जोड़ा जा सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि पूरे देश में फरवरी में होने वाली बारिश सामान्य से कम होगी और न्यूनतम और अधिकतम तापमान, दोनों सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। गेहूं और जौ जैसी फसलों में समय से पहले पकने की समस्या हो सकती है, जिससे बाली में दाने नहीं बनेंगे और दाने हल्के हो जायेंगे तथा पैदावार कम हो जायेगी। महापात्र ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी भारत (जिसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं) में फरवरी में मासिक वर्षा सामान्य से कम रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि दिसंबर और जनवरी के ज्यादातर भागों में पश्चिमी विक्षोभ की गैर मौजूदगी के कारण पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सर्दियों में मौसम शुष्क बना रहा, जहां 20 जनवरी के बाद ही हिमपात हुआ। समय के साथ पश्चिमी हिमालय में वर्षा में कमी का रुझान देखा गया है, जिससे आईएमडी और अन्य संस्थानों द्वारा किए अध्ययनों में जलवायु परिवर्तन को बताया गया है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का कौन सा विशेष पहलू पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बारिश में कमी का कारण है।

## मोदी के जालंधर दौरे से पहले डेरा बल्लां और दो स्कूलों को बम की धमकी

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां के मुख्यालय का दौरा करने से एक दिन पहले शनिवार को संप्रदाय और दो स्कूलों को बम विस्फोट की धमकियां मिलीं। धमकी भरे ईमेल विद्यालयों को भेजे गए हैं और संदेश के पाठ में डेरा बल्लां को सीधे धमकी दी गई है।

पुलिस प्राधिकारियों ने दोनों स्कूल के परिसर में सुरक्षा जांच शुरू कर दी है और बम निरोधक दस्तों को बुलाया गया है। अवकाश होने के कारण विद्यालयों में छात्र नहीं थे। प्रधानमंत्री का गुरु रविदास जयंती के अवसर पर रविवार को डेरा बल्लां जाने का कार्यक्रम है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इससे पहले बुधवार को चंडीगढ़ के कई विद्यालयों को धमकियां मिली थीं।

# साइबर अपराधों से लोगों को बचाने के लिए मजबूत और प्रभावी तंत्र बनाने की जरूरत

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान हाईकोर्ट ने बढ़ते साइबर अपराधों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि कुछ वर्षों में देश में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे हजारों लोग अपनी मेहनत की कमाई खो रहे हैं। न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढंढ ने शनिवार को दो साइबर अपराधियों की जमानत याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों से नागरिकों को बचाने के लिए मजबूत और प्रभावी तंत्र तैयार किया जाना आवश्यक है।

ऑनलाइन बैंकिंग या किसी भी डिजिटल लेन-देन से पहले लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया, टेलीविजन और एफएम रेडियो के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए, ताकि लोग डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार होने से बच सकें। हाईकोर्ट ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को सरल और तेज करने पर भी ज़ोर दिया। न्यायालय के अनुसार, शिकायत प्रणाली जटिल होने के कारण कई पीड़ित समय



● साइबर अपराधों पर हाईकोर्ट सख्त, दो अपराधियों की जमानत याचिकाएं कीं खारिज

रहते मदद नहीं ले पाते, जिससे उनका पैसा वापस पाना कठिन हो जाता है।

अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों के वित्त एवं गृह मंत्रालयों, राजस्थान के पुलिस महानिदेशक और रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिये हैं कि वे मिलकर ऐसा तंत्र विकसित करें, जिससे ग्राहकों की मेहनत की कमाई अनधिकृत लेन-देन से सुरक्षित रहे। साथ ही, न्यायालय ने ग्राहकों का डेटा बेचकर अपराधियों को फायदा पहुंचाने वाली सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिये। अदालत ने कहा कि साइबर अपराध केवल तकनीकी चुनौती नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का गंभीर मुद्दा बन चुके हैं।

# अमेरिका अपने सहयोगी देशों सऊदी अरब और इजराइल को देगा हथियार

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 15 अरब डॉलर के रक्षा सौदे को दी मंजूरी

वाशिंगटन, एजेंसी

व्हाइट हाउस ने ईरान में अशांति को लेकर तनाव के बीच पश्चिमी एशिया में अमेरिका के दो बड़े सहयोगी देशों, इज़राइल और सऊदी अरब को कुल 15.67 अरब अमेरिकी डॉलर की बड़ी नई हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सौदे को मंजूरी दे दी है। इज़राइल को 6.67 अरब डॉलर की नई बिक्री में चार अलग-अलग पैकेज शामिल हैं, जिसमें रॉकेट लॉन्चर और आधुनिक टारगेटिंग गियर से लैस 30 अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर शामिल हैं। इसके अलावा इज़राइली सेना के लिए संचार लाइनें बढ़ाने के मकसद से 3,250 हल्के टेक्टिकल वाहन शामिल हैं। कहा गया है कि सऊदी अरब को नौ अरब डॉलर की बिक्री में 730 पैट्रियट मिसाइलें और संबंधित उपकरण शामिल हैं। इसका मकसद एक प्रमुख क्षेत्रीय गैर-नाटो सहयोगी का समर्थन करना है। विदेश विभाग ने पहले ही कांग्रेस को इन बिक्री की मंजूरी के बारे में सूचित कर दिया था।

### इजराइली राजनयिक को देश से निकाला

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने इज़राइल के राजनयिक चार्ज डी अफेयर्स एरियल सेडमैन को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित करते हुए उन्हें 72 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। इसके जवाब में इज़राइल ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ समान कूटनीतिक कदम उठाने की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग विभाग ने कहा कि यह निर्णय सेडमैन द्वारा कूटनीतिक मानदंडों के उल्लंघनों की श्रृंखला के बाद लिया गया है।

## डिजिटल दीवानगी का खूनी खेल

# रील एडिक्शन



आज के डिजिटल युग में रील शब्द किसी परिचय का मोहताज नहीं है। इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर चंद सेकंड के वीडियो (रील्स) लोगों के मनोरंजन का सबसे बड़ा साधन बन चुके हैं। लेकिन, मनोरंजन की यह सीमा कब मौत के स्टंट में तब्दील हो गई, इसका अंदाजा शायद उन युवाओं को भी नहीं रहा जो कैमरे के सामने खड़े होते हैं। सोशल मीडिया पर लाइक्स, शेयर और रातों-रात वायरल होने की सनक ने एक ऐसा खतरनाक माहौल पैदा कर दिया है, जहां लोग अपनी और दूसरों की जान को दांव पर लगाने से भी नहीं कतरा रहे हैं। आंकड़े गवाह हैं कि सेल्फी और रील बनाने के चक्कर में होने वाली मौतों के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। ट्रेन की पटरियों पर दौड़ते हुए वीडियो बनाना, ऊंची इमारतों की छतों पर स्टंट करना खतराए जान बन चुकी है।

### सुरक्षा के साथ मनोवैज्ञानिक संकट

- यह न केवल एक सुरक्षा संबंधी मुद्दा है, बल्कि बड़ा मनोवैज्ञानिक संकट भी है। युवा पीढ़ी के लिए सोशल मीडिया पर मिलने वाली डिजिटल अटेंशन एक तरह के डोपामाइन रश की तरह काम करती है, जो उन्हें अधिक जोखिम लेने के लिए उकसाती है। सरकार और प्रशासन समय-समय पर इसके खिलाफ एडवाइजरी जारी करते हैं, लेकिन व्यक्तिगत जिम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता के बिना इन हादसों को रोकना एक बड़ी चुनौती बना रहेगा। इस समस्या की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केवल उत्तराखंड में ही पिछले दो वर्षों में रेलवे ट्रैक पर होने वाली मौतों में 63% की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण रील और सेल्फी का शौक बताया गया है।

### बचाव के कुछ उपाय

- तकनीकी हस्तक्षेप : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ऐसे एल्गोरिदम विकसित करने चाहिए जो खतरनाक स्टंट वाले वीडियो को प्रमोट करने के बजाय उन्हें सेंसर करें।
- प्रशासनिक सख्ती : पर्यटन स्थलों, झरनों और ऊँची चोटियों पर नो रील/नो सेल्फी जोन चिन्हित किए जाने चाहिए।
- शैक्षणिक जागरूकता : स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल साक्षरता और सोशल मीडिया के मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में वर्कशॉप आयोजित की जानी चाहिए।
- कानूनी कार्रवाई : खतरनाक रील बनाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने और भारी जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार रील बनाने की सनक डिजिटल वैनिटी का हिस्सा है। लोग असली जिंदगी से भागकर एक आभासी दुनिया में आदर्श छवि बनाना चाहते हैं, जिससे वे खतरनाक परिस्थितियों को भांप नहीं पाते हैं।

### सरकार के निर्देश और नियम

- आईटी नियम 2025-26 : केंद्र सरकार ने आईटी एमेंडमेंट रूल्स 2025 के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को हानिकारक और अश्लील सामग्री पर रोक के सख्त निर्देश दिए हैं।
- पुलिस की कार्रवाई : कई राज्यों की पुलिस (जैसे हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश) ने खतरनाक सड़कों और रेलवे पटरियों पर रील बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना शुरू कर दिया है।
- बीएनएस की धाराएं : भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत सार्वजनिक स्थानों पर जान जोखिम में डालने वाले कृत्यों पर दंड का प्रावधान है। उदाहरण के लिए, वंदे भारत ट्रेन के ट्रैक पर अवरोध उत्पन्न कर रील बनाने वालों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान में एक इमारत में धमाका, चार की मौत

**तेहरान।** ईरान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत खुज़ेस्तान में शनिवार को एक रिहायशी इमारत में गैस धमाके में चार लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी आईआरएनए ने शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख बावक रबीई के हवाले से बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी अहवाज़ में स्थित चार यूनिट वाली इमारत में गैस लीक होने के कारण हुई। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों और बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया है।

### बैलेस्टेरास की तांबे की प्रतिमा के टुकड़े मिले

**मैड्रिड।** स्पेन के दिग्गज गोल्फ खिलाड़ी सेवे बैलेस्टेरोस की उनके गृहनगर पेड्रेना से चोरी हुई तांबे की आदमकद प्रतिमा को पुलिस ने एक स्टोर से कई टुकड़ों में बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि करीब 30 हजार यूरो (लगभग 27 लाख रुपये) मूल्य की इस प्रतिमा को चोरों ने टुकड़ों में काट दिया था और वे इसे कौड़ियों के भाव बेचने की तैयारी में थे। स्पेन के कैंटाब्रिया क्षेत्र स्थित सेंटेंडर के एक स्टोर रूम से बरामद इस प्रतिमा का कमर से कटा आधा हिस्सा मिला। इसका धड़ और सिर सुरक्षित हैं, लेकिन इसके हाथ कई टुकड़ों में टूट हुए पाए गए। पुलिस ने इस मामले में तांबा चोरी के पुराने अपराधी एक 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है।

### वेनेजुएला में रिहा होंगे राजनैतिक बंदी

**काराकस।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को एक ऐसे विधेयक की घोषणा की, जिसके जरिए सैकड़ों कैदियों की रिहाई का रास्ता खुल सकता है। इनमें राजनीतिक कारणों से हिरासत में लिए गए विपक्षी नेता, पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता भी शामिल हैं। अमेरिका समर्थित विपक्ष लंबे समय से ऐसे कदम की मांग करता रहा है। यह तीन जनवरी को देश की बागडोर संभालने के बाद रोड्रिगेज द्वारा दी गई नई रियायत मानी जा रही है।

### झड़पों में 37 बलूच लड़ाकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों और बलूच लड़ाकू के बीच हुई झड़प में कम से कम 10 सुरक्षा अधिकारी मारे गए और 37 बलूच लड़ाकों की मौत हो गई। सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को बताया कि प्रतिबंधित बलूचिस्तान मुक्ति सेना (बीएलए) ने शनिवार सुबह-सुबह क्वेटा, नोशकी और ग्वादर जिलों सहित 12 से ज़्यादा जगहों पर एक साथ हमले किये। पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई में 37 लड़ाके मारे गए।

# अमेरिकी जंगी बेड़े के करीब ईरान करेगा युद्धाभ्यास, एलान से तनाव

## अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की चेतावनी, हरमुज में सुरक्षित रूप से अभ्यास करे ईरान

- युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान को बर्दाश्त नहीं करेगा अमेरिका

फ्लोरिडा/दुबई, एजेंसी

अमेरिका ने ईरान की तरफ अपना सबसे बड़ा सैन्य बेड़ा भेजा है, जिससे पश्चिम एशिया में मौजूदा तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। वहीं ईरान ने भी मोर्चा संभालते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास की घोषणा की है। इस पर अमेरिकी सेना के केंद्रीय कमान ने ईरानी सेना को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह अमेरिकी युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान भरने जैसे असुरक्षित युद्धाभ्यास को बर्दाश्त नहीं करेगा।

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने ईरान की इस्लामी रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से कहा है कि वह रविवार से हरमुज़ की खाड़ी में शुरू होने वाला अपना नौसैनिक अभ्यास सुरक्षित तरीके से करे और किसी भी अनावश्यक जोखिम को जन्म न दे। सेंटकॉम ने कहा कि आईआरजीसी नौसैनिक अभ्यास को इस तरह से करे जो सुरक्षित, पेशेवर हो और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए नौपरिवहन की आज़ादी को अनावश्यक जोखिम से बचाए। हरमुज़ खाड़ी एक अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग है और एक ज़रूरी व्यापार गलियारा है, जो क्षेत्रीय आर्थिक समृद्धि में मदद करता है।

ईरान ने गुरुवार को एलान किया था कि वह हरमुज़ की खाड़ी में रविवार से नौसैनिक अभियान शुरू करेगा। ईरानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की नौसेना एक और दो फरवरी को हरमुज खाड़ी में गोलीबारी के साथ अभ्यास करेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में अपना विमान वाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन भी तैनात किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका हवाला देते हुए ईरान से अपनी शर्तें मानने के लिए भी कहा है।



### पुतिन से मिले ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी का स्वागत किया। यह एक अघोषित उच्च स्तरीय बैठक थी। ईरान के शीर्ष नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार लारीजानी को पिछले साल अगस्त में इस पद पर नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद मॉस्को आए थे। क्रेमलिन ने कहा कि राष्ट्राध्यक्ष ने क्रेमलिन में रूस की यात्रा पर आए ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी का स्वागत किया। यह नहीं बताया गया कि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई।

### ईरान बातचीत के लिए तैयार : ट्रंप

**वाशिंगटन।** पश्चिमी एशिया में बढ़ती अमेरिका की सैन्य उपस्थिति के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा कि ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के लिए एक अंतिम तारीख तय की गई है, हालांकि उन्होंने सही समय नहीं बताया। ईरान के पास एक अमेरिकी नौसैनिक पोत की तैनाती का जिक्र करते हुए कहा, उम्मीद है, हम एक समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है। अमेरिका ने जहां बातचीत के लिए तैयारी दिखाई, वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरान का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि ईरान आपसी हितों और सम्मान के आधार पर बातचीत को तैयार है।

## भारत में निपाह वायरस के मामलों से न घबराएं

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने भारत में जानलेवा निपाह वायरस के दो मामले सामने आने के बाद कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है और देश के लिए फिलहाल कोई तात्कालिक खतरा नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि वह राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान (एनआईसीडी) के साथ मिलकर काम कर रहा है, जो स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई तात्कालिक खतरा नहीं है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। नई दिल्ली में, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) से मिली जानकारी का हवाला देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पिछले साल दिसंबर से अब तक पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस रोग के केवल दो मामले सामने आए हैं।

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि निपाह वायरस से संक्रमित दोनों नर्सों की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हुआ है और दोनों की जांच रिपोर्ट में अब संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। निपाह वायरस पशुओं से फैलने वाला एक वायरस है, जो आमतौर पर चमगादड़ों से मनुष्यों में फैलता है।

# हमने सिर झुकाया, किया आत्मसम्मान से समझौता

- विदेशी ऋण पाने में अपमान पर बोले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मित्र देशों से वित्तीय सहायता मांगने में अपमानजनक स्थिति का जिक्र करते हुए इस बात को खुलकर स्वीकारा कि विदेशी ऋण लेने की मजबूरी में पाकिस्तान को अपना सिर झुकाना पड़ा है और आत्मसम्मान की कीमत पर समझौता करना पड़ा। इस्लामाबाद में शुक्रवार को देश के प्रख्यात व्यापारियों और निर्यातकों के सम्मान में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए शरीफ ने उस कठिन दौर को याद किया जब पाकिस्तान को दिवालियापन के डर का सामना करना पड़ा था और कुछ लोग इसे (पाकिस्तान को) तकनीकी रूप से विफल होने के कगार पर बता रहे थे।

उन्होंने कहा कि जब हमने पदभार संभाला, तब आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक थी और आम आदमी को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। प्रधानमंत्री ने 2023 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के प्रबंध निदेशक के साथ अपनी मुलाकात का जिक्र किया जिसके बाद वैश्विक ऋणदाता ने एक आर्थिक कार्यक्रम को मंजूरी दी जिससे देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद मिली। शरीफ ने कहा कि मित्र देशों ने मुश्किल समय में पाकिस्तान का पूरा समर्थन किया है और उन्होंने सेना प्रमुख एवं रक्षा बलों के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ मिलकर कई देशों के नेताओं से अरबों डॉलर के ऋण मांगने के लिए मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मैं कैसे बताऊं कि हमने मित्र देशों से ऋण के लिए किस तरह अनुरोध किया? मित्र देशों ने हमें निराश नहीं किया।



### चुकानी पड़ती है ऋण की कीमत

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऋण से दायित्व भी उत्पन्न होते हैं जिन्हें पूरा करना होता है। उन्होंने कहा कि जब आप ऋण लेने जाते हैं तो आपको अपने आत्मसम्मान की कीमत चुकानी पड़ती है। आपको समझौता करना पड़ता है। कभी अनुचित मांगें सामने आ सकती हैं, उन्हें पूरा करना पड़ सकता है।

## हवाई अड्डे से 9.5 करोड़ रुपये का गांजा पकड़ा गया

**हैदराबाद।** तेलंगाना में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 9.5 करोड़ रुपये का 27.15 किलो गांजा जब्त किया और सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया। हैदराबाद क्षेत्रीय इकाई के डीआरआई अधिकारियों ने 30 जनवरी को सुबह करीब 1.15 बजे थाई एयरवेज की उड़ान टीजी-329 से बैंकॉक से आ रहे चार भारतीय अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को उनके तीन साथियों के साथ उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे प्रतिबंधित सामान का लेन-देन कर रहे थे। जांच में ट्रॉली बैग से कई पैकेट बरामद किए। उसका 27.15 किलो वजन वाले इस पदार्थ का मादक पदार्थो का पता लगाने वाली किट से परीक्षण किया गया।

## पूर्वी कांगो में खदान ढहने से 200 लोगों की चली गई जान

- बारिश के चलते भूस्खलन से हुआ हादसा, कई लोग अभी फंसे

गोमा (कांगो), एजेंसी

पूर्वी कांगो में एक प्रमुख कोल्टन (कोलंबाइट-टैंटलाइट) खनन स्थल पर भूस्खलन के कारण कई खदानें ढह जाने से कम से कम 200 लोग मारे गए। विद्रोहियों की इकाई ने यह जानकारी दी। विद्रोहियों की इकाई द्वारा नियुक्त उत्तरी किवू प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता लुमुम्बा कंबेरे मुयिसा ने बताया कि यह भूस्खलन बुधवार को रुबाया खदानों में हुआ जो विद्रोहियों के नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि भूस्खलन भारी बारिश के कारण हुआ।

मुयिसा ने कहा कि फिलहाल 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से कुछ अब भी कीचड़ में फंसे हुए हैं और उन्हें निकाला नहीं जा सका है। उन्होंने बताया कि घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं और उन्हें रुबाया कस्बे के तीन स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि शनिवार को घायलों को एंबुलेंस से निकटतम शहर गोमा ले जाया जाएगा। मुयिसा ने बताया कि उत्तरी किवू की विद्रोही इकाई द्वारा नियुक्त गवर्नर ने अस्थायी रूप से खनन कार्य पर रोक लगा दी और खदान के पास आश्रय बनाने वाले निवासियों को हटाने का आदेश दिया है। रुबाया पूर्वी कांगो के मध्य में है जो मध्य अफ्रीकी राष्ट्र का खनिज-समृद्ध हिस्सा है और दशकों से सरकारी बलों तथा रवांडा समर्थित एम23 सहित विभिन्न सशस्त्र समूहों की हिंसा से त्रस्त है।

## केंद्र ने आईजी पद पर तैनाती के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस के अधिकारियों की केन्द्र में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव करते हुए कहा है कि इसके लिए केन्द्र में एसपी या डीआईजी पद पर दो वर्ष तक कार्य का अनुभव अनिवार्य है। यह नियम वर्ष 2011 के बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों पर लागू होगा। इसका उद्देश्य नेतृत्व वाले वरिष्ठ पदों पर पदोन्नति से पहले अधिकारियों के लिए केंद्रीय स्तर पर पर्याप्त अनुभव सुनिश्चित करना है। आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2011 बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों के लिए केन्द्र में आईजी के लिए एसपी या डीआईजी स्तर पर दो वर्ष की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति अनिवार्य है।

# गाजा में इजराइली हमलों में बच्चों सहित 23 फिलिस्तीनियों की मौत

- मृतकों में दो परिवारों की दो महिलाएं व छह बच्चे भी शामिल

गाजा पट्टी, एजेंसी

गाजा में शनिवार तड़के इजराइल द्वारा किए गए हमलों में कम से कम 23 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। अक्टूबर में संघर्ष रोकने के लिए हुए समझौते के बाद इजराइली हमले में मारे गए लोगों की संख्या सबसे अधिक है।

अस्पतालों के अधिकारियों ने बताया कि इजराइल द्वारा हमास पर संघर्ष विराम उल्लंघन का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद गाजा में कई स्थानों पर हमले हुए, जिनमें एक इमारत और खान यूनिस में तम्बू वाले एक शिविर पर घातक हमले शामिल हैं। इन हमलों में जान गंवाने वाले लोगों में दो अलग-अलग परिवारों की दो महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मिया ने बताया कि गाजा शहर में एक थाने पर भी हवाई हमला हुआ, जिसमें 11 लोग मारे गए और कई अन्य लोग घायल हो गए। गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में मिस्र की सीमा पर राफा क्रॉसिंग खुलने से एक दिन पहले ये हमले हुए। क्षेत्र की सभी सीमाएं बंद कर दी गई हैं। नासिर अस्पताल ने कहा कि तम्बू वाले शिविर पर हमले में आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति, उसके परिवार के छह सदस्यों सहित सात लोग मारे गए। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। गाजा सिटी अपार्टमेंट इमारत पर हमले में तीन बच्चों, उनकी चाची और दादी की मौत हो गई।

### हमले संघर्ष विराम का खुला उल्लंघन

हमास ने शनिवार के हमलों को नए सिरे से खुला उल्लंघन कहा तथा अमेरिका और अन्य मध्यस्थ देशों से आग्रह किया कि वे इजराइल पर हमले रोकने के लिए दबाव डालें। एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि एक दिन पहले संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने के जवाब में इजराइल ने शुक्रवार देर रात से शनिवार तड़के तक हमले किए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम शुरू होने के बाद से इजराइली गोलीबारी में 509 के मारे जाने का दावा किया।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 2 फरवरी 03 .38 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुष्य 23 .58 तक तत्पश्चात अश्लेषा।

**मेष** - आज दूसरों के भरोसे अपने जरूरी काम न छोड़ें। हालांकि पहले की गई मेहनत सुखद परिणाम दे सकती है। परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में कुछ नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी।

**वृष** - आज मन में अज्ञात भय का प्रभाव रहने वाला है। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें। आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** - आज व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। आप अपनी जॉब को बदलने का विचार बना सकते हैं। आपके आदर्शों और व्यवहार की प्रशंसा होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। बड़े भाई-बहनों के साथ व्यवहार में कड़वाहट हो सकती है।

**कर्क** - आज अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बुजुर्ग आपसे नाराज हो सकते हैं। धार्मिक आयोजन में जाने का अवसर मिल सकता है। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। रुके हुए निर्माण कार्यों को दोबारा शुरू कर सकते हैं।

**सिंह** - आज घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। नए लोगों से दोस्ती करने से बचें। आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा। बच्चों से व्यवहार अच्छा रखें। आपका मन किसी कारण खराब हो सकता है।

**कन्या** - आज अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाए रखें। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिए समय निकालेंगे।

**तुला** - आज शाम के समय मित्रों के साथ भोजन का आनंद ले सकते हैं। प्रेम-प्रसंग में नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। किसी इंटरव्यू में बैठ रहे हैं, तो आपको काफी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें। आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**धनु** - आज आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। लोग आपके कार्यों की आलोचना कर सकते हैं। जीवन में आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए।

**मकर** - आज व्यापार में बिक्री बढ़ सकती है। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें। आप अपने परिजनों को पूरा समय देंगे। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परोपकार के कार्यों में मन लगाएंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में व्यस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** - आज आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। आप जिन अवसरों को तलाश रहे थे, वे आपको प्राप्त हो सकते हैं। नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों को परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतुष्ट हो सकते हैं।

**मीन** - आज सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। करियर को लेकर किसी से सलाह लेना उचित नहीं है। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

## सुडोकू-48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 9 | | 1 | | | |
| 9 | | 3 | | 2 | | | 5 | |
| | | | | 7 | | 3 | | |
| 5 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 4 | | | | | | 1 |
| | | 2 | | | 6 | | | 5 |
| | | | | 6 | | | | 9 |
| | 1 | | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | 1 | |

### सुडोकू - 47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 | 1 |



> टी-20 क्रिकेट में बेशक हमारी टीम सबसे अच्छी टीम में से एक है—आपका दिन कभी भी खराब हो सकता है। लेकिन अगर आप क्रिकेट की बात कर रहे हैं तो आपको टेस्ट क्रिकेट की बात करनी होगी।
>
> –कपिल देव

## हाईलाइट

### कपिल ने टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर कपिल देव का मानना है कि विश्व कप के लिए उतरने से पहले राष्ट्रीय टीम टी20 क्रिकेट में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनी हुई है लेकिन उन्होंने जोर दिया कि टेस्ट क्रिकेट को इस खेल की नींव बनाए रखना चाहिए। भारत की तैयारी पर बात करते हुए कपिल ने कहा कि जहां सबसे छोटा प्रारूप लोकप्रिय हुआ है तो वहीं खेल की बेहतर सेहत सुनिश्चित करने के लिए लंबे प्रारूप पर भी उतना ही ध्यान देना चाहिए। विश्व कप 1983 में भारत की खिताबी जीत के दौरान टीम के कप्तान रहे कपिल ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा उन्होंने कहा एकदिवसीय क्रिकेट को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मैं समझता हूं कि टी20 क्रिकेट रोमांचक है लेकिन खेल का आधार टेस्ट क्रिकेट है और हमें इसके साथ एकदिवसीय क्रिकेट में भी अधिक समय निवेश करना चाहिए।

### गुकेश की खिताब की उम्मीदें खत्म

**विक आन जी।** डी गुकेश ने हमवतन अराविंद चिदंबरम से ड्रॉ खेला जिससे टाटा स्टील मास्टर्स 2026 में इस मौजूदा विश्व चैम्पियन की खिताब की उम्मीदें खत्म हो गई। आर प्रज्ञानानंदा भी विंसेंट केमेर के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सके। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में दो दौर ही बाकी हैं और उजबेकिस्तान के सिंदारोव तथा अब्दुसत्तोरोव सात सात अंक लेकर शीर्ष पर हैं। हाल ही में विश्व शतरंज कप जीतने वाले सिंदारोव ने अर्जुन एरिगेसी को हराया। गुकेश का सामना अब नीमैन और फिर केमेर से होगा।

### सैम करन ने टी20 हैट्रिक ली

**पल्लेकेले।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन अपने देश के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने टी 20 हैट्रिक ली है। इंग्लैंड ने शुक्रवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन (डीएलएस मेथड) से हराया। करन ने श्रीलंका के निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया, उन्होंने लगातार गेंदों पर दासुन शनाका, महेश थीक्षाना और मथीशा पथिराना को आउट किया। इस तरह क्रिस जॉर्डन के टी20 इंटरनेशनल में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद करन ऐसा करने वाले इंग्लैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं।



आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल खिताब के साथ एलेना रिबाकिना व उपविजेता दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका।

# इतिहास रचने उतरेंगे जोकोविच और अल्काराज

**मेलबर्न, एजेंसी**

थकान और खुशी के पल में नोवाक जोकोविच ने भीड़ में मार्गरेट कोर्ट को पहचान लिया और उन्हें इतनी देर तक जागकर उन्हें अब तक के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर पहुंचते हुए देखने के लिए धन्यवाद दिया। रोड लेवर एरिना में 83 साल की कोर्ट दो बार के गत ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर पर जोकोविच की पांच सेट की जीत के दौरान वीआईपी दर्शकों के बीच मौजूद थीं। यह मुकाबला शनिवार सुबह डेढ़ बजे खत्म हुआ।

ये दोनों 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब का सर्वकालिक रिकॉर्ड साझा करते हैं, लेकिन रविवार को यह बदल सकता है। सिनर पर जोकोविच की कड़ी जीत ने शीर्ष रैंकिंग वाले अल्काराज के खिलाफ खिताबी मुकाबला तय किया। स्पेन का 22 साल का यह खिलाड़ी करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनने की राह पर है। अल्काराज और सिनर मिलकर अब तक जोकोविच को 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से रोकने में सफल रहे हैं। दोनों ने पिछले आठ ग्रैंडस्लैम खिताब बराबर संख्या में जीते हैं। सेमीफाइनल में जीत के बाद जोकोविच ने कोर्ट को धन्यवाद दिया।

### मर्टेन्स और झेंग, हैरिसन और स्कुप्स्की ने युगल खिताब जीता

**मेलबर्न।** एलिस मर्टेन्स ने शनिवार को चीन की झेंग शुआई के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतकर महिला युगल में नंबर एक रैंकिंग पर वापसी की जबकि अमेरिका के क्रिश्चियन हैरिसन और ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की ने पुरुष युगल खिताब जीता। चार साल बाद एक टीम के तौर पर वापसी करने वाली मर्टेन्स और झेंग पहले सेट में 0-3 और 1-4 से पीछे थीं लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए कजाखस्तान की एना डैनिलिना और सर्बिया की एलेक्जेंड्रा क्रूनिक को 7-6, 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में हैरिसन ने मैच प्वाइंट पर ऐस लगाकर स्कुप्स्की के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया के जेसन कुबलर और मार्क पोलमैन्स की जोड़ी को 7-6, 6-4 से शिकस्त दी। कुबलर का अपने घरेलू ग्रैंडस्लैम फाइनल में उतरने से पहले जीत-हार का रिकॉर्ड 14-3 था।



यूएस के क्रिश्चियन हैरिसन और ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की।

# भारत ने टी-20 सीरीज पर 4-1 से कब्जा किया

## न्यूजीलैंड को पांचवें व अंतिम मैच में 46 रनों से हराया

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

ईशान किशन के शानदार शतक के बाद अर्शदीप सिंह के पांच विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को पांचवें और आखिरी टी20 मैच में 46 रनों से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 271 रन बनाए थे। जवाब में न्यजीलैंड की टीम 225 रनों पर सिमट गई।

भारतीय बल्लेबाज ईशान ने 43 गेंद में 103 रन बनाये जिसमें छह चौके और दस छक्के शामिल थे। यह टी20 प्रारूप में उनका पहला शतक है। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 30 गेंद में चार चौकों और छह छक्कों की मदद से 63 रन की पारी खेली। दोनों ने करीब दस ओवर में 137 रन की साझेदारी की। इस श्रृंखला में लगातार पांचवीं बार नाकाम रहे सैमसन (छह) की टी20 विश्व कप की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। वह लॉकी फर्ग्युसन की गेंद पर आउट हुए। अभिषेक शर्मा (16 गेंद में 30 रन) ने शुरूआत तो अच्छी की लेकिन फर्ग्युसन की तेज रफ्तार गेंद पर विकेट गंवा बैठे। भारत का स्कोर पावरप्ले के बाद दो विकेट पर 54 रन था। इसके बाद सूर्यकुमार और ईशान ने मोर्चा संभाला। चोट के कारण चौथे टी20 से बाहर रहे ईशान ने मैदान के चारों ओर स्ट्रोक्स लगाये। उन्होंने फर्ग्युसन को एक्स्ट्रा कवर पर छक्का और चौका लगाकर दबाव बना दिया। ईशान ने ईश सोढी को चौका लगाकर अपना अर्धशतक 28 गेंदों में पूरा किया। वहीं टी20 क्रिकेट में तीन हजार रन पूरे करने वाले सूर्यकुमार ने जैकब डफी को छक्का लगाकर 26 गेंद में पचासा पूरा किया। ईशान ने भी टी20 क्रिकेट में एक हजार रन पूरे कर लिए। उन्होंने सोढी को 12वें ओवर में चार चौके और दो छक्के लगाकर 29 रन दिए। इस बीच सूर्यकुमार को बायें हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर की गेंद पर टिम सीफर्ट ने स्टम्प आउट किया। ईशान ने 42 गेंदों में शतक पूरा किया।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते अक्षर पटेल व अर्शदीप सिंह। एजेंसी

**103** रन
**43** गेंद
**6** चौके
**10** छक्के



ईशान किशन।

**42** गेंदों पर शतक पूरा किया ईशान ने

### भारत

**271/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा बो फर्ग्युसन | 30 |
| सैमसन का जैकब्स बो फर्ग्युसन | 06 |
| ईशान किशन का फिलिप्स बो डफी | 103 |
| सूर्यकुमार स्ट सीफर्ट बो सेंटनेर | 63 |
| हार्दिक का जैकब्स बो जैमीसन | 42 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 08 |
| शिवम दुबे नाबाद | 07 |

गेंदबाजी : डफी 4-0-53-1, जैमीसन 4-0-59-1, फर्ग्युसन 4-0-41-2, सोढी 3-0-48-0, फिलिप्स 1-0-10-0, सेंटनेर 4-0-60-1

# पाक से एशिया कप का बदला लेने उतरेगा भारत

**अंडर-19 विश्व कप**

**बुलावायो, एजेंसी**

पांच बार का चैंपियन भारत रविवार को यहां आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एशिया कप फाइनल में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। भारत पिछले साल 21 दिसंबर को दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से 191 रन से हार गया था जबकि 14 दिसंबर को उसने इसी टूर्नामेंट का ग्रुप मैच इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ 90 रन से जीता था।

भारतीय अंडर-19 टीम ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के साथ मैच के बाद हाथ मिलाने से परहेज किया। उस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण मैच के दौरान भी भारत ने ऐसा ही किया था। रविवार को आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम उस हार का बदला लेने के लिए बेताब होगी।

किसी भी मैच से पहले सचिन तेंदुलकर से वर्चुअल हौसलाअफजाई मिलना सपनों के सच होने जैसा होता है और भारतीय खिलाड़ियों को इस महान खिलाड़ी से कुछ कीमती सलाह मिली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने लिखा मौजूदा अंडर-19 विश्व कप में खेल रही भारत की अंडर-19 टीम ने विश्व क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के साथ वर्चुअल बातचीत की। बीसीसीआई ने लिखा यह एक बहुत बहुमूल्य अनुभव था जिसमें अगली पीढ़ी को लगातार बदलते खेल में सफलता और लंबे समय तक बने रहने के लिए जरूरी चीजों के बारे में जानकारी और नजरिया मिला, जो सिर्फ तकनीकी कौशल और फिट रहने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि एकाग्रता, अनुशासन, विनम्रता और सफलता से जुड़े रहने की अहमियत भी है।

अंडर-19 विश्व कप में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने अमेरिका पर छह विकेट की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर ग्रुप चरण में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को हराया। पाकिस्तान के रूप में भारत का अगला मैच एक मजबूत विरोधी के खिलाफ होगा और एशिया कप फाइनल में बड़ी हार म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को परेशान कर सकती है।



- **सचिन तेंदुलकर ने वर्चुअल बातचीत कर बढ़ाया हौसला**



रणजी में विदर्भ के खिलाफ शॉट लगाते उत्तर प्रदेश के शिवम शर्मा। एजेंसी

# उत्तर प्रदेश को जीत के लिए छह विकेट की दरकार

**नागपुर, एजेंसी**

गत चैंपियन विदर्भ को रणजी ट्रॉफी नॉकआउट में जगह बनाने के लिए अपने मुख्य बल्लेबाज अमन मोखाडे से काफी उम्मीद हैं क्योंकि रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन उसे उत्तर प्रदेश के खिलाफ 110 रन और बनाने हैं जबकि उसके छह विकेट बाकी हैं।

उत्तर प्रदेश के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ ने चार विकेट 91 रन रन बना लिए हैं। दोनों टीम ने पहली पारी में समान 237 रन बनाए थे जिसके बाद उत्तर प्रदेश की टीम ने दूसरी पारी में 200 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक मोखाडे छह चौकों की मदद से 50 रन बना चुके हैं। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में भी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

उत्तर प्रदेश के लिए बांए हाथ के स्पिनर शिवम शर्मा तीन विकेट ले चुके हैं और टूटती हुई पिच पर अंतिम दिन 110 रन बनाना आसान नहीं होगा। अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहा आंध्र प्रदेश पहली पारी में 170 रन की बड़ी बढ़त लेकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच गया है। टीम की नजरें सोविमा में अपने आखिरी ग्रुप मैच में नागालैंड के खिलाफ बोनस अंक हासिल करने पर हैं। नागालैंड के पहली पारी के 366 रन के जवाब में आंध्र ने अपनी पारी नौ विकेट पर 536 रन पर घोषित कर दी। चेंगलपेट राजन ज्ञानेश्वर (नाबाद 227) ने आंध्र के लिए दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने केवी शशिकांत (60) के साथ छठे विकेट के लिए 142 रन और त्रिपुराना विजय (54) के साथ आठवें विकेट के लिए 119 रन जोड़े। नगालैंड ने दूसरी पारी में 85 रन तक चार विकेट गंवा दिए और उसे पारी की हार से बचने के लिए 85 रन और चाहिए। जमशेदपुर में पहली पारी में 19 रन से पिछड़ने के बाद झारखंड को नॉकआउट में क्वालीफाई करने के लिए आखिरी दिन ओडिशा को हराने की मुश्किल चुनौती का सामना करना है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ओडिशा ने आठ विकेट पर 202 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 221 रन हो गई है। ओडिशा ने पहली पारी में 282 रन बनाए थे जिसके जवाब में झारखंड टीम 263 रन पर सिमट गई थी। सलेम में तमिलनाडु ने सलामी बल्लेबाज आर विमल कुमार के 182 रन की मदद से बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी में बढ़त बनाई। बड़ौदा के पहली पारी के 375 रन के जवाब में तमिलनाडु ने तीसरे दिन का खेल सात विकेट पर 411 रन पर खत्म किया।



- **मोखाडे के अर्धशतक से विदर्भ नॉकआउट की दौड़ में बरकरार**

## मिलर को खेलने की मंजूरी मिली

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सीनियर बल्लेबाज डेविड मिलर को टी20 विश्व कप खेलने के लिए मेडिकल मंजूरी मिल गई।

मिलर को एसए 20 के दौरान मांसपेशी में खिंचाव आ गया था। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा वह दक्षिण अफ्रीका टीम के साथ मुंबई रवाना होंगे। सीएसए ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा बल्लेबाज डेविड मिलर को भारत और श्रीलंका में आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप 2026 खेलने के लिये मेडिकल मंजूरी मिल गई है।

**गर्व की बात**

**जूनियर क्रिकेट के पुराने अच्छे दिनों को याद करते हुए बोले-वह देखते थे नीली जर्सी पहनने का सपना**

# बुमराह के साथ खेलने वाले मोनांक कर रहे अमेरिका की अगुआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**टी-20 विश्व कप**
**6 दिन शेष**



जब अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल डेढ़ दशक पहले गुजरात के एक शानदार अंडर-19 क्रिकेटर के तौर पर मशहूर वानखेड़े स्टेडियम के मैदान पर उतरे तो उनके साथ एक और तेजतर्रार तेज गेंदबाज था जिसका एक्शन बड़ा ही अनोखा था- जसप्रीत बुमराह। उस समय मोनांक को शायद ही पता था कि बुमराह आगे चलकर सभी प्रारूप में भारत के सबसे महान गेंदबाज बनेंगे। जूनियर क्रिकेट के पुराने अच्छे दिनों को याद करते हुए मोनांक को वे दिन याद आए जब वह भारत के लिए नीली जर्सी पहनने का सपना देखते थे।

भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने की तैयारी कर रहे मोनांक ने पीटीआई को बताया हां, अक्षर (पटेल) और जसप्रीत (बुमराह) के साथ खेलने की मेरी बहुत अच्छी यादें हैं। मैंने गुजरात अंडर-19 का अपना पहला साल जसप्रीत के साथ खेला था और उससे पहले मैं अक्षर के साथ अंडर-16 खेला था। हम (बुमराह और वह) दो साल, दो सत्र तक साथ रहे। गुजरात टीम के लिए बहुत सारे मैच खेले। उन्हें याद है बुमराह तब भी बाकियों से बेहतर थे।

मोनांक ने याद करते हुए कहा हमने लाल और सफेद गेंद, दोनों तरह का क्रिकेट खेला और वह सच में बहुत खास समय था। यह मेरे क्रिकेट के सफर का शुरुआती दौर था और तब भी जिस तरह से हम खेल रहे थे, विशेषकर जिस तरह से जसप्रीत प्रदर्शन कर रहा था, हम जानते थे कि उसमें वह एक्स फैक्टर है और वह निश्चित रूप से कुछ बड़ा करेगा। लेकिन मोनांक के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रास्ता आसान नहीं था। उन्होंने 2013 में जब हमेशा के लिए अमेरिका जाने का फैसला किया तो उन्होंने क्रिकेट छोड़ने के बारे में सोचा था जबकि उन्हें 2010 में ही ग्रीन कार्ड मिल गया था।

मैं अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहता था। लेकिन क्रिकेट अमेरिका में शीर्ष 10 खेल में भी नहीं है और मोनांक के लिए इससे पेशेवर तौर पर पूरी तरह से जुड़ना आसान फैसला नहीं था। उन्होंने कहा ''2018 में यह आसान नहीं था। हमारे लिए सिर्फ क्रिकेट खेलकर वित्तीय रूप से आगे बढ़ना आसान नहीं था। इसलिए जब हम 2018 या 2019 में खेलते थे तो पूरे साल हमारा कार्यक्रम व्यस्त नहीं होता था। लेकिन बाद में जैसे ही हमने अच्छा करना शुरू किया और हमें 2020 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम का दर्जा मिला तो वित्तीय स्थिति और मौकों के हिसाब से भी सब कुछ बेहतर होता गया। इसलिए एक खिलाड़ी के तौर पर शुरुआती दो-तीन साल थोड़े मुश्किल थे लेकिन हम इससे बहुत अच्छे तरीके से निपटे। भारत और पाकिस्तान की टीम दोनों देशों के बीच कड़वाहट के बीच मोनांक पाकिस्तानी मूल के अली खान और शायन जहांगीर के साथ मैदान पर उतरते हैं तो उनका लक्ष्य सिर्फ अपने देश का प्रतिनिधित्व करना होता है।

### गुजरात से रणजी में मौका नहीं मिला तो चले गए अमेरिका

उन्होंने कहा मेरे पास 2010 से ग्रीन कार्ड था और मैंने 2013 के बाद फैसला किया कि मैं अमेरिका जाना चाहता हूं। मेरा परिवार पहले से ही वहां बसने की योजना बना रहा था। मोनांक ने कहा मैंने वहां एक-दो महीने रहने की कोशिश की और फिर भारत वापस आ गया और रणजी ट्रॉफी में गुजरात के लिए खेलने की आखिरी कोशिश करने के बाद। जब मुझे वह मौका नहीं मिला तो मैंने अमेरिका वापस जाने और हमेशा के लिए वहीं बसने का फैसला किया। मोनांक ने रेस्टोरेंट व्यवसाय की तरफ रुख किया लेकिन क्रिकेट से हमेशा उनका जुड़ाव रहा। उन्होंने कहा जब मैं अमेरिका गया तो मेरा विजन और लक्ष्य सिर्फ क्रिकेट खेलना नहीं था।

# दिल्ली को एलिमिनेटर में जगह बनाने से रोकने उतरेगा यूपी

**वडोदरा, एजेंसी**

कुछ शीर्ष बल्लेबाजों की खराब फॉर्म की समस्या से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां वुमेंस प्रीमियर लीग मैच के आखिरी लीग मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ जीत की तलाश में होगी। दिल्ली की जीत उन्हें सीधे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर में जगह दिला देगी। टीम ऐसी स्थिति में आठ अंक के साथ लीग में तीसरे स्थान पर रहेगी और गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर निचले पायदान पर मौजूद यूपी वारियर्स की जीत मुंबई की टीम के लिए रास्ता खोल सकती है।

उस स्थिति में तीन टीम – मुंबई, दिल्ली कैपिटल्स और वारियर्स तीनों के समान छह अंक रहेंगे और नेट रन रेट (एनआरआर) तय करेगा कि फाइनल में जगह बनाने के लिए एलिमिनेटर में गुजरात जाइंट्स का सामना कौन सी टीम करेगी। इन तीन टीम में से माइनस 1.146 के साथ वारियर्स का नेट रन रेट सबसे खराब है। दिल्ली का माइनस 0.164 जबकि मुंबई का प्लस 0.059 है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तालिका में शीर्ष पर रहते हुए पहले ही सीधे फाइनल में जगह बना चुकी है।

**महिला प्रीमियर लीग**



यूपी की विकेट कीपर एमी जोन्स।

- **आखिरी लीग मुकाबला आज शाम 7:30 बजे से**

**यूपी वारियर्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), हरलीन देओल, शिप्रा गिरी, एमी जोन्स, किरण नवगिरे, प्रतिका रावल, सिमरन शेख, गोंगाडी त्रिशा, डिएंड्रा डॉटिन, चार्ली नॉट, शिखा पांडे, श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, क्लो ट्रायोन, सोफी एकलेस्टोन, क्रांति गौड़, सुमन मीणा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** जेमिमा रोड्रिग्स (कप्तान), तानिया भाटिया, चिनेल हेनरी, लिजेल ली, निकी प्रसाद, शेफाली वर्मा, लॉरा वोल्वार्ट, लूसी हैमिल्टन, मारिजेन कैप, एलेना किंग, स्नेह राणा, प्रगति सिंह, मीनू मणि, नंदिनी शर्मा, श्री चरणी और एडला श्रुजाना।